| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,212.53 |
| निफ्टी | 24,039.35 |
| सोना | 90,050 |
| चांदी | 1,00,900 |
| डॉलर | 85.37 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शनिवार 26 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण 13 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 212
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### राजा इकबाल सिंह बने दिल्ली के मेयर

नई दिल्ली। भाजपा के पार्षद राजा इकबाल सिंह दिल्ली के मेयर बन गए हैं। उन्हें 133 वोट मिले हैं,



जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार मनदीप को महज 8 वोट मिले है। वहीं, जयभगवान यादव (बेगमपुर वार्ड) डिप्टी मेयर बने हैं। इसके साथ ही दिल्ली नगर निगम में दो साल बाद भाजपा की वापसी हो गई है। बता दें कि दिल्ली नगर निगम में आज मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव हुए। इसमें बीजेपी ने जीत का परचम फहराया है। भाजपा की ओर से राजा इकबाल सिंह मेयर पद के उम्मीदवार थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने हमें शहर की समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी दी है। आप ने पहले ही अपनी हार मान ली है। अब हम भ्रष्टाचार खत्म करेंगे और पिछले दो सालों से रुके कार्यों को पूरा करेंगे।

### कोर्ट को उड़ाने की धमकी

पटना। पटना सिविल कोर्ट को शुक्रवार सुबह 11 बजकर 46 मिनट पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी मेल के जरिए समीर अलबुखारी के नाम से दी गई है। धमकी देने वाले ने शख्स ने लिखा, जज साहब आपकी कोर्ट में आरडीएक्स रखा है, ढाई बजे फटेगा। इस धमकी के बाद कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। डॉग स्क्वॉड की टीम भी जांच के लिए पहुंची है। मौके पर एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड की टीम जांच कर रही है। टाउन डीएसपी दीक्षा ने बताया के डिस्ट्रिक्ट जज की बिल्डिंग को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी कोर्ट के मेल पर आई है। अभी तक किसी तरह की कोई संदेहास्पद चीज नहीं मिली है। धमकी किसने भेजी, इसकी जांच की जा रही है।

### जग्गी ब्रदर्स के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन मामले में जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के को-फाउंडर पुनीत और अनमोल जग्गी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। इन पर 262 करोड़ रुपए की हेराफेरी का आरोप है। इससे पहले ईडी ने गुरुवार रात कंपनी के दिल्ली, गुरुग्राम और अहमदाबाद स्थित परिसरों पर छापे मारे थे। इस दौरान, दिल्ली के एक होटल से को-फाउंडर पुनीत सिंह जग्गी को हिरासत में लिया और 7 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने ये कार्रवाई सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के एक्शन के बाद विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत की। सेबी ने दावा किया था कि जग्गी ब्रदर्स ने इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने के लिए लोन का गलत इस्तेमाल किया।

### मेधा पाटकर की गिरफ्तारी, फिर रिहा हुईं

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, कोर्ट ने मेधा पाटकर को प्रोबेशन बॉन्ड पेश करने और मुआवजा राशि जमा करने की शर्त पर दोपहर में रिहा कर दिया। मेधा पाटकर की गिरफ्तारी दिल्ली के निजामुद्दीन से की गई थी। मेधा के खिलाफ कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था। यह कार्रवाई दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की दायर मानहानि याचिका में की गई है। साकेत कोर्ट ने 23 अप्रैल को मेधा पाटकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। अदालत ने पाटकर को प्रोबेशन बॉन्ड और एक लाख रुपए का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया था। सुनवाई में पाटकर न तो खुद उपस्थित हुईं और न ही उन्होंने जुर्माना राशि जमा की।

# केंद्र ने कहा- पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं देंगे

## सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला 3 फेज में होगा, 3 तरह की रणनीति बन रही

**नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंदीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। मीटिंग केंदीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि 3 चरणों और 3 तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल को केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला लिया था।**




### 1960 में हुआ था सिंधु जल समझौता

65 साल बाद रोका गया 1960 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच ये समझौता हुआ था। समझौते में सिंधु बेसिन से बहने वाली 6 नदियों को पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में बांटा गया था। पूर्वी हिस्से की नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के पानी पर भारत का पूरा अधिकार है। पश्चिमी हिस्से की नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम का 20 प्रतिशत पानी भारत रोक सकता है।

### उमर अब्दुल्ला बोले- हम कभी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं थे



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में आज कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत दस्तावेज है। इससे कश्मीर को नुकसान है।

### भारत की तरफ से पाकिस्तान को भेजा गया लेटर

भारत में जलशक्ति सचिव देवश्री मुखर्जी ने गुरुवार देर रात पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव मुर्तजा को पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि यह संधि अच्छे संदर्भ में की गई थी, लेकिन अच्छे रिश्तों के बिना इसे बनाए नहीं रखा जा सकता। वहीं, पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के खत्म होने को एक्ट ऑफ वॉर बताया है। पाकिस्तानी सरकार ने कहा- अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पहलगाम के नजदीक बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। इनमें एक नेपाली नागरिक भी था। 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इसके बाद भारत ने जल संधि स्थगित करने सहित 5 बड़े फैसले लिए थे।

## सोनिया-राहुल को नोटिस से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आरोपियों का पक्ष सुने बिना हम नोटिस जारी नहीं कर सकते। स्पेशल जज विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि ईडी की चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स भी गायब हैं। उन डॉक्यूमेंट्स को दाखिल करिए। उसके बाद नोटिस जारी करने पर



फैसला करेंगे। ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 9 अप्रैल को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया था।

### ईडी ने कहा- हम कुछ भी नहीं छिपा रहे

ईडी ने कोर्ट से कहा कि हमारी तरफ से कुछ भी नहीं छिपाया जा रहा है। संज्ञान लिए जाने से पहले उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि आदेश जारी करने में ज्यादा वक्त लगे। इसलिए कोर्ट को नोटिस जारी करना चाहिए। इस पर जज ने कहा कि जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाती कि नोटिस की जरूरत है, वह कोई आदेश पारित नहीं कर सकती। आदेश जारी करने से पहले यह देखना होता है कि उसमें कोई कमी तो नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 मई की तारीख तय की है।

### चार्जशीट से पहले प्रॉपर्टी जब्त करने की कार्रवाई हुई

इससे पहले 12 अप्रैल 2025 को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई थी। ईडी ने दिल्ली के हेराल्ड हाउस (5ए, बहादुर शाह जफर मार्ग), मुंबई के बांद्रा (ईस्ट) और लखनऊ के बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल की बिल्डिंग पर नोटिस चिपकाए गए थे। 661 करोड़ की इन अचल संपत्तियों के अलावा एजीएल के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को ईडी ने नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

## अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात कर दिए निर्देश

# पाकिस्तानियों को खोज-खोजकर वापस भेजें

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान से जुड़े सारे वीजा कैंसिल करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की है। अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने राज्यों से पाकिस्तान के लोगों को जल्द से जल्द हटाएं। गृहमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद ये फैसला लिया है। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत सरकार लगातार एक्शन मोड में है। इस हमले के बाद भारत सरकार ने सबसे पहले भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया था। भारत ने पाकिस्तान को औपचारिक पत्र लिखकर सिंधु जल संधि के निलंबित करने की सूचना दी थी।



# कश्मीर में 2 लश्कर आतंकियों के घर में ब्लास्ट

## त्राल-अनंतनाग में चल रहा था सेना का सर्च ऑपरेशन, बांदीपोरा में एक आतंकी मारा गया

पहलगाम। कश्मीर में शुक्रवार को पहलगाम हमले से जुड़े लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकवादियों के घर ब्लास्ट में ढह गए। सेना के सूत्रों ने बताया कि त्राल में सुबह आसिफ शेख और अनंतनाग के बिजबेहरा में आदिल ठोकर के घर सर्च ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन के दौरान दोनों घरों में एक्सप्लोसिव मिले। जवान सेफ्टी के लिए पीछे हटे और इसी दौरान धमाका हो गया। धमाके में दोनों घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। उधर, बांदीपोरा में चल रहे एनकाउंटर में एक आतंकवादी मारा गया है। 2 जवान भी घायल हैं। आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद यहां शुक्रवार सुबह से ही सर्चिंग चल रही थी। पाकिस्तानी सेना ने भी शुक्रवार सुबह लाइन ऑफ कंट्रोल के कई इलाकों में फायरिंग की। भारतीय सेना ने तुरंत इसका जवाब दिया। बता दें कि पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल की दोपहर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी। हमले में 27 टूरिस्ट मारे गए थे। 10 से ज्यादा घायल हैं।

### पहलगाम अटैक में हाफिज सईद का भी रोल

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद का भी पहलगाम हमले में रोल था।



लश्कर ने पहलगाम में अपने आतंकियों और स्थानीय आतंकियों की मदद से अंजाम दिया था। मुंबई हमले का आरोपी हाफिज पहलगाम अटैक की प्लानिंग को भी कंट्रोल कर रहा था।

### आतंकी फ्रीडम फाइटर्स-पाकिस्तान

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहलगाम हमले के आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा है। डार ने कहा- हमें शुक्रगुजार होना चाहिए कि ये तो फ्रीडम फाइटर्स भी हो सकते हैं। हालांकि हम नहीं जानते कि ये कौन हैं। मुझे लगता है कि ये अपनी असफलता को और अपनी घरेलू राजनीति के लिए पाकिस्तान पर इल्जाम लगा रहे हैं। इशाक डार पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत के पास इस हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता का कोई सबूत है तो इसे दुनिया के सामने पेश करें।

## पूर्व इसरो चीफ के. कस्तूरीरंगन नहीं रहे

बेंगलुरु। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के पूर्व चीफ डॉ के. कस्तूरीरंगन की शुक्रवार सुबह मौत हो गई। वह 84 साल के थे। अधिकारियों ने बताया कि कस्तूरीरंगन ने बेंगलुरु में अपने घर पर अंतिम सांस ली। 27 अप्रैल को उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में रखा जाएगा। कस्तूरीरंगन को दो साल पहले दिल का दौरा पड़ा था। उसके बाद से वे बीमार चल रहे थे। कस्तूरीरंगन 1994 से 2003 तक इसरो चीफ थे। उन्हीं के नेतृत्व में इसरो ने चंद्रयान जैसे बड़े मिशनों की योजना बनानी शुरू की थी। वे न्यू एजुकेशन पॉलिसी की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष भी थे। कस्तूरीरंगन ने जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चांसलर और कर्नाटक नॉलेज कमीशन के अध्यक्ष के रूप में काम किया था। वे 2003 से 2009 तक राज्यसभा के सदस्य थे। वे तत्कालीन भारतीय योजना आयोग के सदस्य के रूप में भी काम कर चुके थे। कस्तूरीरंगन अप्रैल 2004 से 2009 तक बेंगलुरु स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के डायरेक्टर भी थे। वे केंद्र की कई कमेटियों का नेतृत्व किया या उनमें शामिल रहे। उन्होंने उच्च शिक्षा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण सहित कई मुद्दों पर सरकार को सलाह दी।

## पाकिस्तान की गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं भारत-गिरिराज सिंह

पटना। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई। बैठक में पांच महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मोदी सरकार के फैसले पर पाकिस्तान गीदड़ भभकी दे रहा है। पाकिस्तान की गीदड़ भभकी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा भारत इन धमकियों से डरने वाला नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पीएम मोदी ने स्पष्ट रूप से आतंकियों को चेताया है। मुझे दुख इसका है कि कांग्रेस और आरजेडी जैसी पार्टियां, जो बिहार में कैंडल मार्च निकालती हैं और जांच कमेटी की मांग करती हैं, उन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा। पहलगाम में हुई घटना पर जांच की मांग कर रहे हैं। विपक्ष जख्म पर नमक डालता है। उन्होंने कहा कि लालू यादव और फारुख अब्दुल्ला जैसे लोग भारत में रहकर पाकिस्तान के प्रति अपना प्रेम दिखाते हैं। भारत की जनता कभी क्षमा नहीं करेगी। आरजेडी पहलगाम घटना की जांच की मांग करती है। इन्हें शर्म आनी चाहिए। बता दें कि गुरुवार को पीएम मोदी बिहार दौरे पर थे। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।



## सावरकर पर टिप्पणी, राहुल को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को अनाप शनाप बोलने की इजाजत नहीं दे सकते। उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ क्या व्यवहार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप आगे से ऐसा कोई बयान देंगे तो हम स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान मत दीजिए। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

## पहलगाम के बाद भी नहीं डरे सैलानी, 4,683 लोगों ने गंडोला की सवारी की

जम्मू। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बावजूद कश्मीर में पर्यटन का माहौल स्थिर है। राज्य के विभिन्न लोकप्रिय पर्यटन स्थलों—गुलमर्ग, सोनमर्ग और दूधपथरी में सैलानियों की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि पर्यटक कश्मीर पर भरोसा कर रहे हैं। पर्यटन विभाग के निदेशक राजा याकूब ने बताया कि जमीनी सच्चाई कुछ मीडिया रिपोर्ट्स से बिल्कुल अलग है। श्रीनगर में वर्तमान में 1300 से ज्यादा पर्यटक मौजूद हैं। बुधवार को गुलमर्ग में 5,000 और गुरुवार को 4,683 लोगों ने गंडोला की सवारी की। यह आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं कि कश्मीर के पर्यटन सर्किट में लोगों का विश्वास बना हुआ है। पर्यटन से जुड़े हितधारकों ने पुष्टि की कि हमले के बाद बुकिंग में कोई गिरावट नहीं आई है। पर्यटक पहले की तरह ही सोनमर्ग और दूधपथरी जैसे स्थल देखने जा रहे हैं। एयरपोर्ट पर भीड़ को लेकर एक ऑपरेटर ने बताया कि यह राजमार्ग बंद होने के कारण हुआ, न कि पर्यटकों के पलायन से। इस चुनौतीपूर्ण समय में कश्मीरियों ने भी सैलानियों को आश्वासन देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सोनमर्ग की यात्रा कर रही पुणे निवासी महिला ने कहा, मैंने किसी और पर्यटन स्थल पर इतना ख्याल रखते नहीं देखा। लोग लगातार पूछते हैं कि हम ठीक हैं या नहीं। गुलमर्ग में रुके एक अन्य पर्यटक ने कहा, यहां हमने कभी भी खुद को असुरक्षित महसूस नहीं किया। श्रीनगर में छुट्टियां मना रहे एक अन्य शख्स ने बताया कि होटल स्टाफ ने खुद हमें कॉल कर हालचाल पूछा। यह कश्मीर की भावनात्मक गहराई और अपनापन दिखाता है।

## वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र का हलफनामा...

## वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन कानून पर मोदी सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर दिया। केंद्र ने कहा, वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है। केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकतीं, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई वैधानिक व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के भीतर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी। केंद्र ने अपने हलफनामें में बताया कि अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीना जाएगा। आप इस बिंदु पर विचार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट किसी कानून की विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर समीक्षा कर सकता है। इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केवल प्रबंधन और पारदर्शिता बेहतर करने के लिए कानून में बदलाव हुआ है। संसद द्वारा पारित कानून को संवैधानिक रूप से वैध माना जाता है, विशेष रूप से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सिफारिशों और संसद में व्यापक बहस के बाद बने हुए कानून को।



# महाराष्ट्र में भी पहलगाम जैसी घटना घटने की आशंका

**जलगांव। पाकिस्तान से आए 327 पाकिस्तानी नागरिक पर्यटक वीजा पर महाराष्ट्र के जलगांव में रह रहे हैं। इसके कारण भविष्य में जलगांव जिले में भी पहलगाम जैसी या अनुचित घटनाएं हो सकती हैं। दरअसल शिवसेना ठाकरे गुट के नेता गजानन मालपुरे द्वारा लगाए गए चौंकाने वाले आरोपों से हलचल मच गई है। आपको बता दें कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद नरेंद्र मोदी ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की चेतावनी दी है। इसके बाद जलगांव जिले में बसे पाकिस्तानी नागरिकों का मुद्दा चर्चा में आ गया है।**

शिवसेना ठाकरे गुट के नेता गजानन मालपुरे ने कुछ साल पहले जलगांव में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के संबंध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। गजानन मालपुरे ने यह भी आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन




राजनीतिक दबाव के कारण संबंधितों की उपेक्षा कर रहा है। इस बीच, गजानन मालपुरे ने यह सवाल भी उठाया है कि यदि भविष्य में संबंधित नियमों और शर्तों का पालन न करने के कारण कोई अनुचित घटना घटित होती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा ?

### आदेशानुसार कार्यवाही की जाएगी

पाकिस्तान से भारत आने वाले नागरिकों का मुद्दा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान के जरिए सामने आया। मोदी ने सार्क वीजा और पर्यटक वीजा पर पाकिस्तान से भारत आए नागरिकों से भी तुरंत भारत छोड़ने की अपील की है। इस घटना के बाद जिला पुलिस बल सक्रिय हो गया है और जलगांव में पाकिस्तानी नागरिकों की जांच और पूछताछ शुरू कर दी गई है। यह बात सामने आई है कि 327 पाकिस्तानी नागरिक पर्यटक वीजा पर जलगांव में रह रहे हैं। पुलिस विभाग ने बताया है कि इस मामले को लेकर सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक नखाते ने दी।

# मोटर पंप लगाकर पानी की कर रहे थे चोरी

## नपा जल प्रदाय शाखा ने वार्ड नं 19 में की कार्यवाही, पहले दिन 03 मोटर पंप की बनाई जप्ती, लोगो मे देखी गई नाराजगी, जिम्मेदार बोले -आगे भी जारी रहेगी यह छापामार कार्यवाही

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। भीषण गर्मी के इस दौर में नगर के लगभग सभी वार्डों में पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जहां इस सीजन में पहले की तुलना में अधिक पानी की आवश्यकता होने और घरेलू जरूरत को पूरा करने के लिए पानी की डिमांड काफी बढ़ गई है। उधर नगर पालिका द्वारा पर्याप्त पानी सप्लाई न करने के चलते लोग अपने घरों के नल कनेक्शन में टूल्लू मोटर पंप लगाकर अतिरिक्त पानी खींच रहे हैं। जिसके चलते उनके परिसर वाले वार्डवासियों को पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसकी शिकायत मिलने पर नगर पालिका जल प्रदाय शाखा द्वारा नगर में शुक्रवार शाम से छापामार कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जहा इस कार्यवाही के पहले दिन नगर पालिका के जलप्रदाय अमले ने वार्ड नं 19 का निरीक्षण कर नल कलेक्शन में लगी हुई मोटर पंप को जप्त करने की कार्यवाही की ।जहां मोटर पंप के माध्यम से अतिरिक्त पानी खींचकर अन्य लोगो के हिस्से के पानी मे चोरी कर रहे 03 लोगों पर कार्यवाही कर उनके नल कनेक्शन में लगी 03 मोटर पंप की नगर पालिका अमले द्वारा जप्त बनाई गई है। जहां जप्त की गई इन सभी पानी मोटर को नपा अमले ने जलप्रदाय शाखा में लाकर जमा कराया है तो वही संबंधितों के खिलाफ पंचनामा प्रकरण तैयार कर, प्रकरण पर विचार के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है ।जहां मुख्य नगर पालिका अधिकारी के दिशा निर्देशों के तहत आगामी कार्यवाही किए जाने की बात जल प्रदाय शाखा अमले द्वारा कहीं जा रही है।





### कार्यवाही का, वार्डवासियों ने जताया विरोध

जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि हो रही है, लोगों के घरों में पानी की समस्या भी बढ़ रही है वहीं पानी की किल्लत का मुख्य कारण लोगो द्वारा अपने घरों में अवैध रूप से टुल्लू पम्प चलाना बताया जा रहा हैं,जिससे अन्य लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसी समस्या के मद्देनजर पालिका को शिकायत मिली थी कि वार्ड नं 19 के कुछ घरों में अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी लिया जा रहा है जिससे दूसरे घरों में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसपर शुक्रवार को नपा अमले द्वारा कार्रवाई करते हुए वार्ड 19 से 03 टुल्लू पंप जब्त कर सम्बधितों के खिलाफ प्रकरण बनाया गया है ।उक्त कार्रवाई के दौरान मोहल्ले के लोगों में खासी नाराजगी देखी गई और उन्होंने इसका विरोध भी किया। मोहल्ले वालों का कहना था कि हमें पर्याप्त पानी नहीं मिलता है इसलिए टुल्लू पम्प लगाना पड़ रहा है, तो वही नपा कर्मचारी नियमो का हवाला देते हुए कार्यवाही को अंजाम देते नजर आए।

### पर्याप्त पानी नही आता इसलिए लगानी पड़ती है मोटर- अशोक पंजवानी

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड नंबर 19 निवासी अशोक पंजवानी ने बताया कि आज नगर पालिका की टीम ने उनके घर पर लगी मोटर को जप्त कर लिया है । उन्होंने बताया कि यदि नगर पालिका पर्याप्त मात्रा में पानी देती और फोर्स से पानी आता तो उन्हें मोटर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। पानी पर्याप्त नहीं मिल पाता इसीलिए मजबूरन मोटर लगानी पड़ती है। लेकिन उसे जप्त कर लिया गया ।हमारी मांग है कि पर्याप्त पानी दिया जाए ताकि किसी को मोटर लगाने की आवश्यकता ना पड़े।

### आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही - मेश्राम

वहीं पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान नपा इंजीनियर ज्योति मिश्राम ने बताया कि इसके पूर्व कई बार मुनादी कराई गई है। नल कनेक्शन में मोटर ना लगाने को लेकर सूचित किया गया ।फिर भी लोग नहीं मान रहे हैं और नल कनेक्शन में मोटर लगाकर अतिरिक्त पानी खींच रहे हैं। इस वार्ड से भी आए दिनों शिकायत मिल रही थी जिसके चलते आज से कार्रवाई शुरू की गई है पहले दिन हमने 03 मोटर को जप्त किया है वही संबंधितों के खिलाफ पंचनामा बनवाया है ।हमारी यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# इतवारी बाजार मंडी पार्किंग जोन जुलाई तक बनकर होगा तैयार

## रामपायली नदी तक सड़क, घाट, बगीचा और प्रतीक्षालय के कार्य हुए स्वीकृत



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना में 19 विभागों द्वारा 139 कार्यो को मूर्त रूप दिया जा रहा है। ये 139 कार्य न सिर्फ नगरों में विकास कार्य है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों, सीसी रोड़, सामुदायिक भवन और स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण के भी कार्य है। शुक्रवार को कलेक्टर मृणाल मीना ने वर्ष 2022 से स्वीकृत कार्यो की वस्तु स्थिति जानने के लिए समीक्षा बैठक रखीं। डीएमएफ के तहत पीडब्ल्यूडी को 15 निर्माण कार्यो की स्वीकृति दी गई थी। इसके अलावा पीएचई के 34, जल संसाधन विभाग के 3, आरईएस संभाग-1 के 5 व सम्भाग-2 के 10 स्वास्थ्य विभाग के 6 और सबसे अधिक ग्राम पंचायतों को 79 स्वीकृत कार्य है। 8437 लाख रुपये की लागत से 139 स्वीकृत कार्यो में 127 प्रगतिरत है, जबकि 12 पूर्ण हो चुके है, जबकि अधिकांश कार्य 15 मई तक पूर्णता होने की जानकारी विभागों द्वारा दी गई है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अडमे ने बताया कि इतवारी गंज मंडी में दो पार्किंग जोन का निर्माण कार्य चल रहा है। यह कार्य जुलाई तक पूर्ण होगा। यह 50-50 चार पहिया वाहनों की पार्किंग का कार्य चल रहा है। इसी तरह आमगांव-बरबसपुर,अंजुमन सामुदायिक भवन में स्लैब का कार्य,रैनबसेरा से आंगनवाड़ी तक सड़क व सिकंदरा में डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक भवन का कार्य है। इसी तरह नगर पालिका द्वारा म्युनिसिपल स्कूल के सामने 12 लाख रुपये की लागत से सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। कलेक्टर मृणाल मीना ने समीक्षा के दौरान 2022-23 के स्वीकृत कार्य हर हाल में 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है। वहीं अगर कोई कार्य अप्रारम्भ है तो वे कार्य निरस्त किये जायें।

### सर्राटी जलाशय अगस्त तक पूर्ण करने की हिदायत

कलेक्टर श्री मीना ने डीएमएफ मद से जल संसाधन विभाग को 3 कार्यो की स्वीकृति दी है। उनमे से सर्राती जलाशय के कार्य को अगस्त तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग को लालबर्रा, कटंगी, परसवाड़ा व खैरलांजी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपकरण खरीदी के लिए 54 लाख रुपये स्वीकृत किये है। इसके अलावा मप्र टूरिस्म विभाग अंतर्गत रामपायली में नदी तक पहुँचने के लिए सड़क निर्माण, बगीचा और यात्री प्रतीक्षालय के कार्य भी स्वीकृत किये है।

# आज किरनापुर बंद का आव्हान , विधायक ने रद्द किया आज का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। सकल हिन्दू समाज, व्यापारी संगठन एवं विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त आव्हान पर गत दिवस पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हत्याकांड की कटु निंदा करते हुए विरोध स्वरूप बंद का आव्हान किया गया है। तत्संबंध मे जानकारी देते हुए जनपद पंचायत किरनापुर अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने तहसील एवं जनपद क्षेत्र किरनापुर के व्यापारी बंधुओं से अपील की है कि 26/04/2025 , दिन शनिवार को अपने समस्त प्रतिष्ठान बंद रखे और हमारे इस कार्य में सहयोग प्रदान करे। आंखों में दर्द के आंसू और आक्रोश की ज्वाला लिए पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हत्याकांड में उजड़े परिवार को न्याय दिलाने और नपुंसक आतंकवादियों को मौत की सजा देने के लिए विरोध प्रदर्शन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड किरनापुर सकल हिन्दू समाज व्यापारिक संगठन के आवाहन पर सभी हिन्दू समाज के भाईयों माताओं बहनों से निवेदन है कि सभी लोग अपनी उपस्थिति दे कर आक्रोश जताएं। वही इस बंद के चलते लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा भी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है। जिसके कारण विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा किरनापुर मे आज 26 अप्रैल को सम्पन्न कराए जाने वाले शिलान्यास कार्यक्रम को स्थगित करते हुए उक्त कार्यक्रम 30 अप्रैल को सम्पन्न कराए जाने की तिथि निर्धारित की गई है।

# जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट अंतर्गत संचालित विभागीय शैक्षणिक शालाओं में कार्यरत प्रधान पाठक, उच्च श्रेणी शिक्षक, सहायक शिक्षक, व्यायाम अनुदेशक प्राथमिक शिक्षक एवं खेलकूद शिक्षक (श्रेणी अ) की 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में अनन्तिम (प्रोविजनल) वरिष्ठता सूची जारी कर समस्त संकुल प्राचार्यों को उपलब्ध करा दी गई है। जनजातीय कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार संबंधित शिक्षक अपने संकुल प्राचार्य के कार्यालय में वरिष्ठता सूची का अवलोकन कर सकते है। इसके अलावा जिन शिक्षकों को जारी की गई वरिष्ठता सूची में उल्लेखित जानकारी में यदि कोई आपत्ति हो अथवा किसी शिक्षक का नाम छूट गया हो या कोई प्रविष्टि इंन्द्राज न हो तो, वे शिक्षक लिखित में आपत्ति तथा आपत्ति का कारण एवं पुष्टि के लिए आवश्यक अभिलेखों की अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित अपना अभ्यावेदन वरिष्ठता सूची के प्रकाशित होने के 15 दिवस के भीतर अपने संकुल प्राचार्य के माध्यम से संकुल प्राचार्य के अभिमत सहित कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात तथा बिना संकुल प्राचार्य के माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदन मान्य नही किये जायेगें और न ही उन पर कोई कार्यवाही की जायेगी।

# मुस्लिम समाज ने किया फरखन्दा का सम्मान

## पुष्प गुच्छ,शाल ,स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित, अतिथि बोले- बालाघाट ही नहीं प्रदेश और देश में रौशन हो रहा नाम, फरखंदा कुरैशी ने दी सफलता की टिप्स, अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने जताया आभार





बालाघाट(पदमेश न्यूज) ।संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में संपूर्ण मध्य प्रदेश में 5 वाँ तो वही देश में 67 वाँ स्थान हासिल करने वाली फरखंदा कुरैशी का जगह-जगह सम्मान किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की दोपहर नगर के बैहर रोड स्थित अंजुमन शादी हाल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।अंजुमन इस्लामिया कमेटी बालाघाट के बैनर तले मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में अधिवक्ता अब्दुल मलिक उर्फ गुड्डू कुरैशी की बड़ी बेटी फरखंदा कुरैशी का सामाजिक बन्धुओ द्वारा सम्मान किया गया। जहां देश की सबसे कठिन परीक्षा में प्रदेश में 5वाँ स्थान पाकर आईएएस रैंक हासिल करने वाली फरखंदा कुरैशी का मुस्लिम समाज की जानिब से अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर हाजी फारूख शेख ने पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। तो वही समाज की जानिब से फरखंदा को पुष्प गुच्छ के साथ-साथ शाल, व स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया गया ।इसके अलावा सामाजिक बन्धुओ नें फरखंदा कुरैशी की इस कामयाबी में अपना भरपूर सहयोग देने वाले फरखंदा के परिजनों को भी सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जहां फरखंदा कुरैशी ने अपनी इस सफलता की यात्रा बयान की, तो वहीं उन्होंने युवा पीढ़ी को सफलता के लिए आवश्यकता टिप्स दिए। वही आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आईजी संजय सिंह और पीजी कॉलेज प्राचार्य पी आर चंदेलकर सहित अन्य वक्ताओं ने फरखंदा कुरैशी का सम्मान कर अपने संबोधन में समाज की तरक्की के लिए शिक्षा की अनिवार्यता पर जो दिया। जहां उन्होंने पढ़ाई के महत्व को बताते हुए फरखंदा कुरैशी से प्रेरणा लेकर समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने की बात कही। वहीं कार्यक्रम के अंत में अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर हाजी फारूख शेख द्वारा आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान अंजुमन इस्लामिया कमेटी के समस्त पदाधिकारी ,सदस्य मुस्लिम समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी,सदस्य, युवा महिलाएं व पुरुष प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### हम हर संभव मदद करने तैयार हैं- संजय सिंह

आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के तौर पर उपस्थित आईजी संजय सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि बालाघाट की बिटिया फरखंदा का यूपीएससी परीक्षा में 67 वाँ स्थान लगा है । जब उन्होंने यह परीक्षा दी थी तब उनका 93वाँ स्थान लगा था। फरखंदा को आईएएस रैंक आराम से मिल जाएगा। बालाघाट जिले से इतना अच्छा रैंक लाना यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। जो भी बच्चे युवा छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उन सभी को मेरी ओर से शुभकामनाएं। इस काम में मुझसे जो भी मदद मांगी जाएगी मैं हर संभव मदद करने के लिए तैयार हूं।

### कड़ी मेहनत से ही मिलती है सफलता- चंदेलकर

वही आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज प्राचार्य पीआर चंदेलकर ने बताया कि बालाघाट की बिटिया ने कड़ी मेहनत कर यह मकाम हासिल किया है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। बालाघाट पीजी कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने कमाल ही कर दिया है ।उन्होंने केवल बालाघाट ही नहीं ,बल्कि मध्य प्रदेश व पूरे भारत देश में जिले का नाम रौशन किया है। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित युवाओं से भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई कर अपना भविष्य बनाने की बात कही है।

### हार नहीं मानने वालों को ही मिलती है सफलता- फरखंदा

वही आयोजित सामान समारोह के दौरान अपने संबोधन में फरखंदा कुरैशी ने बताया कि यदि आप लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करते हैं तो सफलता जरूर मिलेगी। लेकिन इस सफलता के लिए किसी कीमत पर हार नहीं मानना है। यदि आप हार नहीं मानोगे तो सफलता एक दिन जरूर मिलेगी। क्योंकि 03 बार असफल होने के बाद,मुझे चौथी बार में इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसीलिए हर किसी को चाहिए कि वह लक्ष्य बनाकर अपने मुकाम को हासिल करें ।अपना लक्ष्य ना छोड़े ,उम्मीद बनाकर रखें। युवाओं के माता-पिता ने भी असफलता मिलने पर मायूस नहीं होना चाहिए। बल्कि बच्चों को मोटिवेट करना चाहिए । इस पढ़ाई के लिए कोई भी छात्र-छात्राएं यदि उनसे गाइडेंस चाहते हैं तो वह उनकी मदद करने के लिए तैयार हैं। अंत में उन्होंने इस सम्मान के लिए उपस्थित जनों का आभार जताया।

# सीएम राइज विद्यालय मलांजखण्ड में समर कैम्प का हुआ आयोजन

## योग कला, वित्तीय साक्षरता, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स और टेक्नोलॉजी जैसी गतिविधियों से विद्यार्थियों के कौशल विकास में मिल रहीं मदद

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीएम राइज विद्यालय मलांजखण्ड में 20 अप्रैल को समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। सीएम राइज मलाजखंड प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों में कौशल विकास करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का संचालन समर कैम्प किया जा रहा है। जिसमें ध्यान और योग कला, अभिव्यक्ति, थियेटर एक्सप्रेशन, फोटोग्राफी, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, पारंपरिक नृत्य, क्षेत्रीय संगीत, हस्तकला एवं लोककलाये, पारंपरिक खेलों की खोज, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल टूल्स का उपयोग, व्यावसायिक मॉडल डिजाइन थिंकिंग, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स और टेक्नोलाजी का आयोजन शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिवस समय सारणी अनुसार प्रात: 7:30 से दोपहर 12 बजे तक कैम्प आयोजित किया जा रहा है। जिसमें थीम अनुसार विषय स्त्रोत विशेषज्ञों का चयन, स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन एवं पालकों की सहमति लेकर समर कैम्प क्रियान्वित किया जा रहा है। इस ग्रीष्मकालीन समर कैम्प में अंदर की आवाज, बाहर की कहानियाँ, संस्कृति के रंग, हमारी विरासत हमारी पहचान, कला कौशल और कारोबार, भावनाओं की समझ, आत्मविश्वास की राह, फिट फॉर लाईफ- प्ले, परफार्म, प्रोस्पर, सक्रिय नागरिकता हमारे समुदाय हमारी जिम्मेदारी, आज के सपने, कल की उड़ान जैसी गतिविधियॉ वास्तव में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद कर रही है। विद्यार्थियों में समझ,सृजन और समाज से जुडाव पर समर कैम्प में विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। इस कार्य के सफल आयोजन में समस्त शिक्षकों का सकारात्मक सहयोग और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



खुशखबरी
किसी भी कंपनी की बाईक श्री फायनेंस में फायनेंस कराने पर बाईक के शोरूम रेट में 2500/- रूपये की नगद छुट श्री फायनेंस द्वारा दी जाएगी।
संपर्क करें :
श्री फायनेंस जनपद कॉम्पलेक्स वारासिवनी
7879930478
नोट : ऑफर सिमित समय के लिए

घरेलू कार ड्राइवर चाहिए
वेतनमान 10000
संपर्क करें -9329595770

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# सड़क किनारे खाद्य पदार्थ की दुकान लगाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सक्त हुआ खाद्य सुरक्षा विभाग

## भेजे गए खाद्य पदार्थ के सैंपल की आई रिपोर्ट, जल्द विभाग करेगा कड़ी कार्रवाई

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। बीते दिनों से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम शहर में लगने वाली खाद्य संबंधित जलपान और पानी पुरी दुकानों की सुरक्षा को लेकर खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर कार्यवाही कर रहा हैं , जिसमें अब एक महीने हो चुके हैं, जिसमें विभाग द्वारा अलग-अलग दुकानों से खाद्य पदार्थ के सैंपल लेकर टेस्ट के लिए लैब तक भेजे जा रहे हैं जिसमें कुछ दुकान ऐसी भी सामने आई है जिसमें दुकानदारों द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन न करते हुए दुकानों का संचालन किया जा रहा था जिस पर अब खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई की है और लेबो से भेजे गए खाद्य पदार्थ की रिपोर्ट आने के बाद विभाग अब सख्त कार्रवाई के मूड में नजर आ रहा है।**

आपको बता दे कि सड़क किनारे या चौपाटियों में लगने वाली खाने-पीने की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई को शुक्रवार को एक महीने हुए। कलेक्टर मृणाल मीना और सीएमएचओ डा. परेश उपलप के दिशा-निर्देश पर चल रहे जांच अभियान में खाद्य सुरक्षा की टीम ने लालबर्रा, वारासिवनी, कटंगी और बालाघाट में संचालित करीब 150 दुकानों की जांच की है। इनमें पानी-पुरी के ठेले, जूस सेंटर, लस्सी व फालूदा, चाइनीज फूड की दुकानें आदि शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे ने बताया कि अभियान की शुरुआत 25 मार्च को की गई थी, जिसमें अब तक लगभग 150 दुकानों से बड़ी संख्या में खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए हैं। इनमें करीब 70 नमूनों को जांच के लिए भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। वहीं, सौ के करीब नमूनों की जांच स्वचलित प्रयोगशाला में की गई है। इनकी रिपोर्ट आना बाकी है, लेकिन पूर्व में लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट के आधार पर टीम ने करीब छह ऐसे प्रकरण बनाए हैं, जिसमें दूध या दूध से बने उत्पादों में वसा की मात्रा तय मानक से कम पाई गई है। अमानक पदार्थ के कारण इनका नियमानुसार प्रकरण तैयार किया गया है।




### वसा कम कर उपभोक्ताओं को दे रहे धोखा

योगेश डोंगरे ने बताया कि गाय और भैंस के दूध में वसा की मानक मात्रा का होना आवश्यक होता है, लेकिन कई दुकानदार दोहरा मुनाफा कमाने के चक्कर में उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन करते हैं। आमतौर पर गाय के दूध में 3.5 प्रतिशत और भैंस अथवा मिश्रित दूध या इससे बनने वाले उत्पाद में 4.5 प्रतिशत वसा होनी चाहिए, लेकिन दुकानदार इस तय मानक से कम वसा का दूध और इससे बनने वाले उत्पाद बाजार में बेच रहे हैं। घी के रूप में वसा निकाल ली जाती है। ऐसा करना उपभोक्ताओं के अधिकारों या उनके साथ छल करना माना जाता है। ग्राहक द्वारा अदा की गई राशि के अनुरूप दूध या दुग्ध उत्पाद नहीं दिया जाना, नियम विरुद्ध है। विभाग ने पिछली रिपोर्ट के आधार पर ऐसे छह प्रकरण बनाए हैं, जिनकी अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### जुर्माने का हैं प्रावधान

बताया गया कि अमानक दूध या दुग्ध उत्पाद बेचने पर जुर्माने का प्राविधान है। मिस ब्रांडेड के लिए दो लाख रुपये तथा सब स्टैंडर्ड के लिए तीन लाख रुपये का जुर्माना तय है। डोंगरे ने बताया कि दूध से वसा कम करने से उपभोक्ता के शरीर पर विपरित असर नहीं पड़ता, लेकिन उसके अधिकारों का हनन जरूर होता है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वाजिब मोहिब भी शामिल हैं।

### जगह-जगह हो रहा जन जागरूकता अभियान

अमानक अथवा स्वच्छता के अभाव में खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने के साथ खाद्य सुरक्षा की टीम सार्वजनिक स्थानों के साथ स्कूल-कालेजों में जन जागरूकता अभियान भी चला रही है। जिन चौपाटियों में टीम कार्रवाई कर रही है, वहां दुकानदारों को खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता, साफ-सफाई, एप्रान पहनने, नाखून काटने, हाथ धोने आदि के बारे में जागरूक कर रही है। अब तक टीम ने छह स्थानों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इसमें सीएम राइज स्कूल बालाघाट में करीब 300 स्कूली बच्चों को स्वच्छता और सेहतमंद खाद्य पदार्थों के सेवन के लिए जागरूक किया गया।

# रात्रि 10:00 बजे के बाद डीजे बंद किए जाने की मांग को लेकर डहरवाल कलार समाज ने सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। डहरवाल कलार समाज द्वारा जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें समाज के पदाधिकारी द्वारा मांग की गई है कि वैवाहिक कार्यक्रमों में रात्रि 10:00 बजे के बाद बजने वाले डीजे साउंड को जप्त कर बंद किया जाए उन्होंने बताया कि बीते दिनों प्रशासन द्वारा रात्रि 10:00 बजे के बाद डीजे आदि लाउडस्पीकरों को बंद किए जाने के लिए नियम बनाए गए थे किंतु इन दिनों उन नियमों का पालन नहीं हो रहा है वह चाहते हैं की रात्रि 10:00 बजे के बाद डीजे आदि तेज ध्वनि के यंत्र ना बजाया जाए इससे रात्रि के समय पढ़ने लिखने वाले विद्यार्थियों सहित बूढ़े आदमियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दे की वैवाहिक समारोह या कोई आयोजन, तेज आवाज में डीजे को बजाना, एक फैशन बन गया है। जिससे, ना केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है अपितु डीजे की तेज आवाज से बुजुर्गो और मानव स्वास्थ्य पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। जिले में देररात तक डीजे बजाने पर कार्यवाही की मांग को लेकर, सर्ववर्गीय कलार समाज ने शासन के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को सायंकाल 5 बजे समाज का प्रतिनिधिमंडल, कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और शासन, प्रशासन से निर्धारित साउंड और समाज में डीजे बजाए जाने का उल्लंघन कर रहे डीजे संचालकों पर कार्यवाही और डीजे जब्त करने की मांग की। समाज संगठन सचिव शिवाजी बाविसतले ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम हो या अन्य कोई कार्यक्रम, तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की जो परंपरा कायम का रही है, वह पढ़ाई और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से खराब है। 10 बजे के बाद तक रात्रि 12 बजे और कई स्थानों पर तो सुबह तक डीजे बजाया जा रहा है। जो इतना तेज होता है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई और बुजुर्गो तथा बीमार लोगों के लिए यह साईलेंट किलर बन रहा है। न्यायालय के निर्देश पर सरकार ने नियत तो बनाए दिए, लेकिन उसका पालन नहीं किया जा रहा है। हमारी मांग है कि नियमों का पालन किया जाए और निर्धारित साउंड और समय से ज्यादा, डीजे बजाने वाले डीजे संचालकों पर कार्यवाही कर उनके डीजे को जब्त किया जाए।



# जिले में नहीं रुक रहा साइबर ठगी का ग्राफ

## ऑनलाइन पार्सल कैंसिल करने आने वाली ओटीपी मांग कर की गयी हजारों रुपए की ठगी

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। एक ओर साइबर अपराध से आमजन को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा आये दिन स्कूल, कॉलेज में शिविर लगाकर साइबर अपराध से सजग रहने की आम जनता को जानकारी दी जा रही है तो वहीं साइबर ठग भी अब साइबर ठगी का नित्य नया तरीका ढूंढ कर आमजन की मेहनत की कमाई को कुछ ही मिनट में उनके खातों से पार कर दे रहे हैं । पहले साइबर ठग द्वारा आम जनता से उनके महत्वपूर्ण ओटीपी और पासवर्ड नंबर पूछ कर साइबर ठगी कर रहे थे , अब साइबर ठगी को अपडेट करते हुए आम जनता द्वारा मंगाये जाने वाले पार्सल सहित अन्य ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से साइबर ठगी साइबर ठगों द्वारा की जा रही है । जिसके जिले में तीन मामले साइबर थाने में सामने आए हैं । जिसमें साइबर ठग द्वारा पीड़ितों से लगभग 20 से 25 हजार रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है । यहां साइबर ठग ने पहले पीडितों को पार्सल आने को लेकर जानकारी दी , जब पीडितों ने पार्सल नहीं मंगाया है कहा तो उनसे पार्सल कैंसिल करने के नाम पर ओटीपी मांगी गई जिससे कि पीड़ितों का मोबाइल हैक हो गया और टेलीग्राम के माध्यम से पीड़ितों से साइबर ठगी की घटना को अंजाम दे दिया गया।**

आपको बता दे कि साइबर अपराधी, ठगी के लिए लगातार नए तरीके खोज रहे हैं। जिले में है। ऐसे मामले में जिले में अभी तीन ही सामने आए हैं। युवकों को बैंक खाते से पैसे कटने की जानकारी दी और पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी, जिसके मुताबिक, युवकों को पहले एक अनजान नंबर से काल आया, जिसमें ठग ने उन्हें आर्डर किया पार्सल लेने कहा। युवकों ने ऐसा कोई पार्सल आर्डर न करने की जानकारी दी गई। ठग ने युवकों को आर्डर कैंसल करने के लिए ओटीपी भेजने की बात कही। युवकों को




पार्सल के नाम पर ठगों ने जिले के तीन युवकों को गुमराह किया, फिर ओटीपी पता कर टेलीग्राम हैक कर लिया। हैकर ने परिचित बनकर पैसों की जरूरत बताई और बड़ी ही आसानी से तीन युवकों को अपना शिकार बना लिया। मामले के संबंध में साइबर नोडल शाखा में पदस्थ आर. चांदनी शांडिल्य ने बताया कि तीनों युवक बालाघाट के हैं। उनके साथ चालाकी के साथ ठगी को अंजाम दिया गय टैक्स्ट मैसेज और टेलीग्राम दोनों से अलग-अलग ओटीपी आई। युवकों ने बिना सोचे-समझे ओटीपी साझा कर दी। कुछ देर बाद युवकों का टेलीग्राम अकाउंट हैक हो गया। हैकर ने परिचित बनकर युवकों से पैसों की मांग की। युवक ये नहीं जान सके कि वह हैकर के निशाने में हैं। एक युवक से छह हजार, तो दूसरे युवक से साढ़े नौ हजार रुपये तो तीसरे युवक से 12 हजार रूपये ठग लिए गए। जिसमें सभी घटनाएं जिले के तीन युवक के साथ घटी वह सभी एक ही पैटर्न पर हुई है । जिसको लेकर साइबर सेल के अधिकारियों ने बताया कि अब जिले की जनता को जागरूक रहने की आवश्यकता है क्योंकि साइबर ठगों द्वारा अब टेलीग्राम के माध्यम से आमजन को ठगने का कार्य किया जा रहा है । यह तीन मामले अभी हाल ही में साइबर थाने में आए हैं ।

### ओटीपी पूछने संबंधी काल आए, तो काल काट दें - अभिलाष मिश्रा

साइबर नोडल शाखा प्रभारी उनि. अभिलाष मिश्रा द्वारा बताया गया कि पार्सल संबंधी फोन काल से सतर्क रहने की जरूरत है। ठगों का यह धोखाधड़ी करने का ये नया तरीका है। अनजान नंबर से पार्सल लेने या ओटीपी पूछने संबंधी काल आए, तो तत्काल काल काट दें। युवकों के साथ हुई धोखाधड़ी की टीम सूक्ष्मता से जांच कर रही है। पहले साइबर ठग के द्वारा अन्य लुभावने वादे और अलग प्रकार से साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था । अभी कुछ दिन से साइबर ठगों द्वारा यह नया पैटर्न अपनाया जा रहा है। जिससे जिले की जनता को जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है और कोई भी आमजन इस प्रकार के आने वाले फोन कॉल्स और पार्सल संबंधित जानकारी के लिए अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी दूसरे को ना दे जिससे कि साइबर ठगी की घटना से बचा जा सकता है ।

# सादगी पूर्ण मनाई गई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती

## 725वी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के हुए आयोजन, विशाल भंडारा में धर्मावलाबियो ने लिया महाप्रसाद का लाभ

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में सेन समाज द्वारा समाज के आराध्य देव धर्मगुरु संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर मनाई गई ।जहा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के चलते इस बार भव्य रूप से कार्यक्रमों के आयोजन नहीं किए गए। जहां सादगी पूर्ण तरीके से माल्यापर्ण, पूजन पाठ कर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम संपन्न कराए गए जो देर रात तक चलते रहे। शुक्रवार को आयोजित सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती पर केश शिल्पी सेन नाई समाज द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज सेन चौक पहुचकर सेन जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। तो वही सामाजिक बंधुओ ने सेन जी महाराज की प्रतिमा पर नर्मस्तक होकर पूजा पाठ संपन्न की। जिसके उपरांत सभी सामाजिक बंधु सेन चौक से सीधे गर्रा स्थित विट्ठल रुक्मिणी मंदिर पहुंचे ।जहां सामाजिक बंधुओ ने सामूहिक रूप से हवन पूजन, कीर्तन, पाठ, सहित अन्य आयोजनों में भाग लिया। तो वही शुक्रवार शाम वापस सेन चौक में संत शिरोमणि महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर महा आरती की गई जिसके उपरांत,विशाल भंडारा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो देर रात तक जारी रहा ।जिसमें हजारों सनातनियों ने उपस्थित होकर महाप्रसाद का लाभ उठाया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरी शंकर बिसेन, भाजपा युवा नेत्री मौसम हरिनखेड़े ,समाजसेवी राजेश पाठक ,संरक्षक मंडल में वीरेंद्र श्रीवास, शिवकुमार श्रीवास, रमेश भारद्वाज, डीके सेन, केश शिल्पी सेन नाई समाज जिला अध्यक्ष भास्कर भारद्वाज, उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास, जिला सचिव रवि नागपुरकर,कोषाध्यक्ष ललित श्रीवास, सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




# जिला विकास समन्वय एवं मूल यांकन समिति (दिशा) की बैठक अब 2 मई को

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। सांसद श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में 26 अप्रैल शनिवार को आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। अब यह बैठक 2 मई को कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# एक युवक ने अपनी 65 वर्षीय वृद्ध मां को फावड़ा से मारपीट कर किया घायल

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम ओदा में एक वृद्धा को उसके बेटे ने हाथ बुक्के और फावड़ा से मारपीट कर घायल कर दिया। 24 अप्रैल को दोपहर में यह घटना घरेलू विवाद के चलते हुई ।घायल वृद्धा रम्मी बाई बाई पति बिसन मड़ावी 65 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रम्मी बाई के परिवार में उसका पति बिसन मड़ावी, दो बेटे जिनमें बड़ा बेटा अर्जुन मड़ावी और छोटा बेटा सुभाष मड़ावी है दोनों दोनों भाई की शादी हो चुकी है और वे अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं। रम्मी बाई अलग मकान में अकेली रहती है और वह वृद्धावस्था पेंशन से मिलने वाले 600 रुपये और लकड़ी बेचकर अपना भरण पोषण करती है और उसका पति बिसन मड़ावी छोटा बेटा सुभाष मड़ावी के पास रहता है। बताया गया है कि रम्मी बाई को उसका बेटा सुभाष मड़ावी किसी न किसी बात को लेकर आए दिन परेशान करते रहता है और मारपीट भी करते रहता था। 24 अप्रैल को दोपहर में रम्मी बाई अपने घर में मिट्टी से छपाई कर रही थी ।उसी समय उसका छोटा बेटा सुभाष मड़ावी आया और वह अपनी मां रम्मी बाई को छपाई करने से मना कर दिया। किंतु रम्मी बाई नहीं मानी और वह अपने बेटे सुभाष मड़ावी की बात को अनसुना करते हुए वह घर की छपाई कर रही थी। जिससे सुभाष मड़ावी ने गुस्सा होकर अपनी वृद्ध मां रम्मी बाई को गालियां देकर उसे हाथ बुक्के फावड़ा से मारपीट कर घायल कर दिया। पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव किये। मारपीट में घायल रम्मी बाई को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने रम्मी बाई का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना भरवेली भिजवा दी है।

# दो प्रकरणों में 5-5 हजार एवं एक मे 3 हजार रुपये की इनामी राशि की घोषित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह ने विभिन्न धाराओं में संलिप्त फरार आरोपी पर ईनामी राशि की घोषणा की है। उन्होंने थाना कोतवाली अंतर्गत धारा 309(4), 333 के प्रकरण में अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपये की इनामी राशि की घोषणा की है। प्रकरण में अज्ञात आरोपी 11 अप्रैल 25 दोपहर करीबन 01 बजे एक व्यक्ति प्रार्थिया की बुक डिपो की दुकान लोहार गली वार्ड नं. 09 पर आया। प्रार्थिया ने सोचा कि कोई किताब खरीदने के लिए आया एवं जैकेट के अंदर से एक कट्टा/पिस्तौल जैसी चीज निकालकर दिखाने लगा और प्रार्थिया के गले की सोने की चैन एवं दोनों कान के सोने के बाला भी लेकर फरार हो गया। वहीं थाना लालबर्रा अंतर्गत धारा 194 बीएनएसएस की जांच के दौरान मृतिका के परिजनों, पड़ोसियों एवं साक्षियों के कथन, घटना स्थल मौका नक्शा, पीएम रिपोर्ट एवं संपूर्ण मर्ग जांच पर मृतिका के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बलात्कार की घटना घटित करना, जिससे परेशान होकर मृतिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के साक्ष्य परिलक्षित होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 107, 65 (1) भारतीय न्याय संहिता, 5/6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी सूचना बताने वाले व्यक्ति को 5 हजार रुपये की इनामी राशि प्रदाय की जाएगी। इसके अलावा थाना कोतवाली अंतर्गत धारा 137(2) के प्रकरण में 11 अप्रैल 25 को करीब 7:30 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी सूचना बताने वाले व्यक्ति को 3 हजार रुपये की इनामी राशि प्रदाय की जाएगी।

# सर्व कलार समाज द्वारा पहलगाम की घटना पर दीप जलाकर दी गई श्रद्धांजलि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना में आतंकवादी द्वारा मारे गए बेगुनाह व निर्दोष लोगों को सर्व कलार समाज के साथ-साथ अन्य समाज के बंधुओं द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौक में दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । ऐसी घटना ना हो इसके लिए सरकार को ज्ञापन दिए जाने सहित घटना को लेकर सभी बंधुओ ने गहन चिंतन और मंथन भी किया। आपको बता दे कि बीते दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कुछ निर्दोष और मासूम लोगों को उनका धर्म पूछ कर उन्हें गोली मार दी गई थी जिसमें मृत हुए नागरिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए सर्व कलार समाज द्वारा सभी समाज के लोगों को आमंत्रित कर शहर के जयस्तंभ चौक में बीती रात दीप प्रज्वलित का श्रद्धांजलि दी गई , जहां सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा की और साथ में एक सभा आयोजित कर घटित हुई घटना पर चिंतन किया गया और बताया गया कि आज किस प्रकार से आतंकवाद इतना बढ़ता जा रहा है कि वह अब लोगों को उनके धर्म पूछ कर गोली मार रहा है मतलब आज हिंदुओं को जानबूझकर टारगेट कर मारा जा रहा है जो कि गलत है वह इसको लेकर सरकार को ज्ञापन देंगे और इस प्रकार से देश में पनप रहे आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की मांग करेंगे।



# पहलगाम में हुई घटना के विरोध में लालबर्रा बंद आज

## सकल हिन्दु संगठन की हुई बैठक, आक्रोश रैली निकालकर आतंकी हमले में मारे गये व्यक्तियों को दी जायेगी श्रध्दांजली ,बाजार क्षेत्र में घुमकर दुकानदार एवं व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर समर्थन देने की अपील की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के विरोध में २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद रहेगा। लालबर्रा बंद के एक दिन पूर्व २५ अप्रैल की शाम में नगर मुख्यालय स्थित विश्राम गृह में सकल हिन्दु संगठन ( समाज) की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक सकल हिन्दु संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना के विरोध में २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद रखने, आक्रोश रैली निकालने, श्रध्दांजली अर्पित कार्यक्रम एवं शांतिपूर्वक तरीके से बंद को सफल बनाने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। साथ ही सभी ने पहलगाम की घटना की निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकियों को पकड़कर फांसी की सजा देने की मांग भी की है। वहीं आयोजित बैठक में उपस्थित सकल हिन्दु संगठन के पदाधिकारी एवं हिन्दु धर्मालंबियों ने पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) के पर्यटक स्थल में पर्यटकों की धर्म पुछकर गोली मारकर हत्या करने की घटना की निंदा करते हुए कहा कि आतंकियों के द्वारा हिन्दु धर्म पर हमला किया जा रहा है और पहलगाम में धर्म पूछकर गोली मारकर हत्या की गई है जिससे हमारे २६ हिन्दु पर्यटकों की मौत हो चुकी है। इस तरह से आतंकियों ने कायराना हरकत की है जिसका जवाब हम सभी को मिलकर देना है। इसलिए सकल हिन्दु संगठन के द्वारा २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद का निर्णय लिया गया है। इस बंद में सभी दुकानदार एवं व्यापारी अपना प्रतिष्ठान बंद रखकर बंद को समर्थन दे। साथ ही आक्रोश रैली निकालकर भारत सरकार से





आतंकियों को पकड़कर फांसी की सजा देने की मांग की जायेगी। वहीं लालबर्रा बंद के निर्णय को सभी सकल हिन्दु समाज के लोगों ने अपना समर्थन देते हुए कहा कि जो पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकियों के द्वारा धर्म पुछकर हिन्दुओं पर हमला कर उनकी हत्या की गई है। इस घटना का पूरे देश में विरोध हो रहा है और २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाना है। जिसमें हम सभी हिन्दु भाईयों का पूरा सहयोग रहने की बात कही। इस तरह से २६ अप्रैल को पहलगाम जम्मू कश्मीर की घटना के विरोध में लालबर्रा बंद रहेगा।

### अतिआवश्यक सेवा रहेगी शुरू

आपकों बता दे कि जम्मू कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन में आतंकवादियों के द्वारा दो दिन पूर्व २६ पर्यटकों की गोली मारकर हत्या की गई है और इस निर्मम हत्याकांड के विरोध में पूरे देश के हर प्रदेश, जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर सकल हिन्दु संगठन के द्वारा विरोध प्रदर्शन कर देश के प्रधानमंत्री से आतंकवादियों को पुरी तरह से खत्म कर पहलगाम में जिनकी हत्या की गई है उन्हे न्याय दिलवाने की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में २५ अप्रैल को सकल हिन्दु संगठन लालबर्रा के द्वारा बैठक आयोजित कर २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद का निर्णय लिया गया है और २६ अप्रैल को लालबर्रा नगर मुख्यालय बंद रहेगा। वहीं बैठक संपन्न होने के बाद सभी सकल हिन्दु संगठन के पदाधिकारी लालबर्रा बाजार क्षेत्र में घुमकर दुकानदार एवं व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सहयोग करने की अपील की है। साथ ही लालबर्रा बंद के दौरान अति आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाएं बंद रहेगी। जिसमें पेट्रोल पंप, अस्पताल, मेडिकल के अलाव अन्य अतिआवश्यक सेवाएं इस बंद के दौरान शुरू रहेगे। वहीं उपस्थितजनों ने पहलगाम की घटना की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों के द्वारा जिस तरह से धर्म पुछताछ हिन्दु धर्म के लोगों की हत्या की गई है जिससे सभी में भारी आक्रोश व्याप्त है और इस प्रकार की घटनाओं की पुनर्रावृत्ती न हो इसलिए २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद रखने के साथ ही आक्रोश रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा एवं शाम में पहलगाम में मृत व्यक्तियों को श्रध्दांजली अर्पित करने के बाद प्रशासन को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आतंकियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की जायेगी।

### विरोध में निकाली जायेगी जनआक्रोश रैली आज - पंकज

विश्व हिन्दु परिषद विभाग मंत्री पंकज बिसेन ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना के विरोध में २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद के साथ ही जन आक्रोश रैली निकालकर आतंकियों के हमले में मारे गये व्यक्तियों को श्रध्दांजली अर्पित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम के लिए आयोजित की गई बैठक में सकल हिन्दु समाज के लोग उपस्थित हुए। श्री बिसेन ने बताया कि पहलगाम में जो घटना हुई है वह किसी जाति को पूछकर नही बल्कि धर्म को पूछकर की गई है इसलिए सकल हिन्दु समाज (संगठन) से अपील है कि वे २६ अप्रैल को अपने सभी काम छोड़कर लालबर्रा मुख्यालय पहुंचकर इस श्रध्दांजली कार्यक्रम में उपस्थित होवें।

### आतंकियों को फांसी की सजा दे सरकार - चेतन

सरपंच संघ लालबर्रा अध्यक्ष चेतनलाल पटले ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना के विरोध में सकल हिन्दु समाज के लोगों के द्वारा २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद का आव्हान किया गया है और इस बंद में सभी से सहयोग करने की अपील की गई है। साथ ही यह भी बताया कि राष्ट्र को कमजोर करने एवं वातावरण को खराब करने के लिए धर्म पुछताछ हिन्दुओं की हत्या की गई है, हम आतंकवादियों से डरने वाले नही है, डटकर सामना करेगें और सरकार से मांग है कि आतंकवादियों को पकड़कर फांसी की सजा दे।

### धर्म पूछकर पहलगाम में की गई है हत्याएं - डुलेन्द्र

जिला पंचायत सभापति डुलेन्द्र ठाकरे ने बताया कि २२ अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म पुछकर हिन्दु धर्म के लोगों की हत्या की गई है। जिसमें कुछ पर्यटक घायल भी हुए है और मानव को शर्मसार करने वाली घटना है, जिसकी हम निंदा करते हैं। श्री ठाकरे ने बताया कि पहलगाम जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में सकल हिन्दु संगठन के द्वारा २६ अप्रैल को लालबर्रा बंद का आव्हान किया गया है और क्षेत्रीयजनों से अपील है कि वे अपने प्रतिष्ठान व दुकाने बंद रखकर इस श्रध्दांजली कार्यक्रम में पहुंचकर सहयोग करें। साथ ही यह भी बताया कि इस बंद के दौरान पेट्रोप पंप, मेडिकल, अस्पताल सहित अन्य अतिआवश्यक सेवाएं चालू रहेगी।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सीएम राइज स्कूल लालबर्रा, औल्याकन्हार फिजिकल क्लब, ग्राम पंचायत बम्हनी वैनगंगा क्लब लालबर्रा में १ मई से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षिण शिविर का आयोजन किया गया है। चर्चा में खेल विभाग के ब्लाक समन्वयक लव नगपुरे ने बताया कि जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला खेल अधिकारी कृष्णकुमार चौरसिया के निर्देशानुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का लालबर्रा विकासखण्ड में १ मई से ३१ मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सीएम राइज स्कूल लालबर्रा खेल मैदान, ग्राम पंचायत औल्याकन्हार फिजिकल क्लब, ग्राम पंचायत बम्हनी वैनगंगा क्लब लालबर्रा में प्रारंभ किया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी, व्हॉलीबॉल, एथलेटिक्स का प्रशिक्षण विजेंद्र उईके, कामिल कुरैशी, राधिका नायक, लवकुश भोयार, शुभम बिसेन एवं समय-समय पर वरिष्ठ सीनियर प्रशिक्षक रविशंकर उईके, लव नगपुरे, भीमराज ठाकरे, छतरसिंह, जय ठाकरे, उमेश सपाटे, विवेक खरगाल, मनीष शिवहरे, विकास चौबे के द्वारा प्रशिक्षण प्रात: ५.३० बजे से ८ बजे एवं शाम .३० बजे से शाम ७ बजे तक दिया जायेगा। श्री नगपुरे ने बताया कि इस ग्रीष्मकालीन एक माह के प्रशिक्षण शिविर में ५ वर्ष से १९ वर्ष के बालक/बालिका अध्ययनरत, गैरअध्ययनरत, शहरी, ग्रामीण, खेल क्लब, ग्राम पंचायत के बालक/बालिकाएं भाग ले सकते है। श्री नगपुरे ने सभी अभिभावकों एवं बच्चों से अपील किया है कि वे इस नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर गर्मी की छुट्टी का सदुपयोग करने, खेल के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व व फिटनेस विकसित करें एवं खेलों के क्षेत्र में आगे बढे। वहीं प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए छात्र-छात्राएं ब्लॉक समन्वयक लालबर्रा लव नगपुरे से संपर्क कर पंजीयन फार्म भर कर नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करें।

# जल जीवन के लिए एक अनमोल रत्न है, जिसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है - श्रीराम

## बकोड़ा पीएम श्री शास. हाई स्कूल में जल संवर्धन एवं संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत बकोड़ा स्थित पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में शुक्रवार को जल संवर्धन एवं संरक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बकोड़ा सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम नागेश्वर के मुख्य आतिथ्य, पीएम श्री शास. हाई स्कूल बकोड़ा प्राचार्य जीआर अंगुरे की अध्यक्षता, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धनीराम खैरवार के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। वहीं जल संवर्धन, जल संरक्षण के बारे में छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए जल को संरक्षित रखने सहित अन्य आवश्यक जानकारियां दी गई। वहीं सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम नागेश्वर ने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए एक अनमोल रत्न है, जिसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है और इस कार्य के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम को बढ़ावा देना होगा। साथ ही छात्र-छात्राओं को अच्छी पढ़ाई करने की बात कही। धनीराम खैरवार ने जल की महत्ता पर अपने विचार रखते हुए जल को बचाने के क्षेत्र में सभी को काम करने की बात कही ताकि जल का स्तर बना रहे और पानी के लिए परेशान न होना पड़े इसलिए पानी को व्यर्थ न बहने देने की बात कही। प्राचार्य जी आर अंगुरे ने छात्र-छात्राओं को जल के बचाव और उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए जल की बर्बादी को रोकने की बात कही। शिक्षक एलसी ठाकरे ने जल संरक्षण एवं संवर्धन पर सविस्तार से विचार रखते हुए वर्तमान समय में उत्पन्न हुए जल की भीषण समस्याओं के दुष्परिणामों के बारे में अवगत करवाते हुए जल बचाओ अभियान में शामिल होकर जल संरक्षण के क्षेत्र में सभी को काम करने की बात कही। वहीं कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राएं एवं उपस्थितजनों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलवाई गई। साथ ही कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक अफरोज खान एवं आभार प्रदर्शन एलसी ठाकरे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती आशा बडघरे समाजसेवी, शिक्षक अफरोज खान, श्याम सोलंकी, टी एस बिसेन, श्रीमती लेखन पटले, श्रीमती लता शिव, अजय कटरे, आर पी पटले, श्रीमती आशा भोयर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, श्रीमती सुनीता कावडे , नरेन्द्र हाथी भृत्य सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पांढरवानी में स्थित संत शिरोमणि सेनजी महाराज मंदिर में सेन (नाई) समाज के द्वारा २५ अप्रैल को संत शिरोमणि सेनजी महाराज की ७२५ वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम सेन (नाई) समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने संत शिरोमणि सेनजी महाराज की प्रतिमा का जलाभिषेक किया तत्पश्चात् सेन महाराज की विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद महाआरती की गई, जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने संत शिरोमणि सेनजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे श्री राम, सीता और हनुमान जी की उपासना करते थे और उन्होनें जाति व धर्म से ऊपर उठकर कार्य किये एवं सच्ची मानवता का संदेश दिया। साथ ही यह भी कहा कि सेन शिरोमणि सेवा, प्रेम, भक्ति व मधुर व्यवहार को संतों का प्रमुख लक्षण मानते थे इसलिए हम सभी को एक-दुसरे के प्रति स्नेह बनाकर संगठित होकर समाजहित में काम करना चाहिए और संत शिरोमणि के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही सेन मंगल भवन के निर्माण एवं समाजोत्थान के क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य करना है उस पर भी चर्चा कर उक्त कार्य को सभी को मिलकर पूरा करने की बात कही। चर्चा में सेन (नाई) समाज जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास ने बताया कि ब्लाक सेन (नाई) समाज के द्वारा २५ अप्रैल को हमारे आराध्य देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की ७२५ वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई एवं संत शिरोमणि सेनजी महाराज के जीवनगाथाओं के बारे में उपस्थितजनों को बताया गया। श्री श्रीवास ने बताया कि सेन जयंती के अवसर पर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा भी की गई है जिसमे समाज के पास भवन निर्माण के लिए जमीन है जहां मंगल भवन का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए सांसद-विधायक से मुलाकात कर मंगल भवन निर्माण के लिए सहयोग किये जाने की मांग किये जाने चर्चा भी की गई है और जल्द ही उनसे मुलाकात कर सहयोग मांगा जायेगा। साथ ही सभी को संगठित होकर समाजोत्थान के क्षेत्र में काम करने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नाई (सेन) समाज ब्लाक अध्यक्ष भेजनलाल सराठे, चैनलाल श्रीवास, गोविंद मानेश्वर, संदीप सेन, गजानंद सराठे, राजेश सराठे, संजय उरकुडे, सत्यनारायण श्रीवास, राजू श्रीवास सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# बेहरई स्कूल पहुंचा शिक्षा जागरूकता रथ, शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक

बेहरई/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत शिक्षा सत्र २०२५-२६ में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के नामांकन एवं शाला से बाहर बच्चों के प्रवेश हेतु शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षा जागरूकता रथ के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद शिक्षा केन्द्र लालबर्रा से प्रारंभ की गई शिक्षा जागरूकता रथ गुरूवार को ग्राम पंचायत बेहरई के शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल पहुंचा। इस दौरान शिक्षा जागरूकता रथ में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा ग्रामीणजनों को




शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ६ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का कक्षा पहली में प्रवेश दिलवाने, जो बच्चें बाहर चले गये है उन्हे स्कूल में नामांकन करवाने सहित स्कूल में पढ़ाई करने पर बच्चों को शासन से मिलने वाली योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को शिक्षित बनाने प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षा जागरूकता रथ में शामिल शिक्षकगण, ग्रामीण व बच्चें उपस्थित रहे।

# बम्हनगाँव में प्याऊ का हुआ शुभारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन के जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले वासियों द्वारा अपना योगदान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नवांकुर संस्था राज भूषण सोशल सोसाइटी भूआ द्वारा अपने सेक्टर क्रमांक 01 के प्रश्नफुटन ग्राम बम्हनगाव में निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जिससे कि राहगीरों को शुद्ध व शीतल जल पीने को मिल सकेगा। प्याऊ का शुभारम्भ जिला समन्वयक सुशील बर्मन के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश, नवांकुर प्रभारी दिनेश चोरनेले, भागचंद मंडलवार, जगदीश पांचे, अनिल बोपचे, जितेन्द्र मातरे राजकुमार तांडेकर, प्रस्फुटन समिति सदस्य डॉ. राहुल बाहे महेश ठाकरे पप्पू चौरागढे, सरपंच बालचंद पांचे व ग्रामीणजन तथा छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।



# पहलगाम हत्याकांड के विरोध में आज वारासिवनी बंद

## सर्व समाज की बैठक संपन्न, जरूरी सेवाओं को बंद में दी गई छूट

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के श्री राम मंदिर परिसर में २४ अप्रैल की देर शाम सर्व समाज की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक विभिन्न संगठन एवं सर्व समाज की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम से लगी घाटी में हुई घटना के विरोध में किए जाने वाले प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें २६ अप्रैल को जिला बंद के साथ वारासिवनी बंद करवाने के विषय पर विचार मंथन कर बंद करने का निर्णय लिया गया। वहीं इस बंद के दौरान अति आवश्यक सेवाओं को सुचारू रूप से प्रारंभ रखने का निर्णय लिया गया। ताकि अधिक दिक्कत का सामना लोगों को ना करना पड़े। जिसमें २६ अप्रैल शनिवार को पूरा दिन वारासिवनी बंद रहेगा। जिसके माध्यम से जम्मू कश्मीर में हुए वीभत्स नरसंहार आतंकवादी घटना का विरोध किया जायेगा। जिसमें अतिआवश्यक सेवा बस दवाई दुकान पेट्रोल पंप और अस्पताल को बाहर रखा गया है। बंद के लिये २५ अप्रैल की सुबह से गाड़ी में लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना देते हुए नगर में भ्रमण करवाया गया। इसमें बंद को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों व्यापारी सहित समाजों से बंद में सहयोग की अपील की जा रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





### धर्म पूछकर लोगों को मारना कायरता की निशानी है- सोनू जायसवाल



सोनू जायसवाल ने बताया कि यह जो आतंकवादी हमला हुआ था उसमें जो धर्म पूछ कर लोगों को मारा गया है इससे समस्त समाज एवं लोगों में भारी आक्रोश है। उसी को लेकर समस्त समाज और व्यापारियों की बैठक का आयोजन कर आगे की रूपरेखा तैयार की गई है। जिसमें २६ अप्रैल को बंद का आह्वान किया गया है जो पूरे दिन का होगा और शाम को आम सभा कर सरकार को संदेश दिया जाएगा कि कश्मीर में जो घटना हुई है वह दुखद है। हम सभी की मांग हैं की इसकी पुर्नवृत्ति कभी ना हो यह हमले में शामिल और सहयोगी दोनों पर कार्यवाही की जायें।

### आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान का हाथ है जो भारत की फिजा खराब कर रहा है-कैलाश दुल्हानी

कैलाश दुल्हानी ने बताया कि यह घटना विचलित कर देने वाली है धर्म पूछ कर लोगों की हत्या की गई है। जो हिंदुस्तान का माहौल खराब करने का प्रयास है इसमें सरकार की भी लापरवाही है मौके पर सुरक्षा नहीं थी सरकार और इंटेलीजेंस की यह चूक है। हम सभी को पता है आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान है जो पुरजोर कोशिश कर रहा है कि भारत की फिजा खराब हो क्योंकि वर्तमान में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है इसे रोकने और गृह युद्ध छेड़ने की कोशिश है। हम सरकार को प्रतीकात्मक अपना आक्रोश दिखा रहे हैं कि २६ अप्रैल को पूरे दिन का बंद है सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। इसमें जो समस्या होगी उसके लिए जनता से हम माफी मांगते हैं पर यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है।



# शराब के लिए मारपीट करने ३ आरोपियों को सश्रम कारावास

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी न्यायालय की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा बाथरी कि न्यायालय ने शराब पीने के लिए अवैध वसूली और मारपीट करने के मामले में तीन आरोपी को एक एक वर्ष की सश्रम कारावास और प्रत्येक को पांच पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया हैं। तीनों आरोपी जितेंद्र पिता बुद्धू लाल चौधरी २३ वर्ष ,मुरली पिता राजीराम चौधरी ३० वर्ष और प्रमोद पिता सुखदास उइके २१ वर्ष सभी ग्राम चिखलाबांध थाना रामपायली निवासी है। अभियोजन के अनुसार २७ नवंबर २०१८ की रात्रि ९ बजे जब फरियादी घर में था




तभी जितेंद्र चौधरी ने उसे बुलाया और अपने साथ ललित बिठले के घर ले जाकर शराब पीने के लिए रुपये की मांग की थी किंतु फरियादी ने पैसे देने से मना कर दिया। शराब पीने रुपये नहीं देने पर जितेंद्र चौधरी ने फरियादी को लकड़ी से मारपीट की जब फरियादी अपने घर आ रहा था । तभी रास्ते में उसे मुरली और प्रमोद दोनों मिले जिन्होंने फरियादी से दारु पीने के लिए पैसे मांगे। किंतु फरियादी ने उन्हें पैसे देने से मना कर दिया था । इसी दौरान जितेंद्र चौधरी भी वहां पहुंच चुका था। तब तीनों ने फरियादी को शराब पीने रुपये नहीं देने पर लाठी डंडे से मारपीट किए। इसके बाद फरियादी ने रामपायली पुलिस थाना में पहुंचकर इस घटना की रिपोर्ट की थी। रामपायली पुलिस थाने में तीनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर इस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र वारासिवनी की न्यायालय में पेश किया गया था। यह मामला हाल ही में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा बाथरी की न्यायालय में चला । जहां आरोपी जितेन्द्र पिता बुद्धलाल चौधरी उम्र २३ वर्ष, मुरली पिता राजीराम चौधरी उम्र ३० वर्ष, प्रमोद पिता सुखदास उइके उम्र २१ वर्ष सभी निवासी ग्राम चिखलाबांध का आरोप सिद्ध होने पर उन्हें भादवी की धारा ३२५ सहपठित धारा ३ ४ व भादवी की धारा ३२७ सहपठित धारा ३४ के अंतर्गत १-१ वर्ष के सश्रम कारावास एवं ५००-५०० रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया एवं अर्थदण्ड राशि अदायगी के व्यतिक्रम में ३-३ माह का साधारण कारावास से दंडित किया गया। अभियुक्तगण की सभी सजाएँ साथ साथ भुगताई जावें। अभियोजन की ओर से पैरवी ऋतुराज कुमरे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी के द्वारा की गई।

# मुस्लिम समाज ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## समाज ने कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। मुस्लिम समाज के द्वारा इंतेजामिया कमेटी सुन्नी वक्फबोर्ड जमा मस्जिद मुस्लिम जमात वारासिवनी के तत्वाधान में महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली के नाम का ज्ञापन एसडीएम राजीव रंजन पांडे को सौंप कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा एवं सरकार से कठोर कार्यवाही की माँग की गई। जहां पर मुस्लिम भाईयों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारे लगाते हुये पाकिस्तान के आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दिया जायें। ज्ञापन में उल्लेखित है कि हम मुस्लिम जमात जामा मस्जिदए मस्जिद, ख्वाजा गरीब नवाज, मदरसा गुलशन आला हजरत, पूरी जमात की तरफ से पहलगाम जम्मू.कश्मीर में हाल ही में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी मज्जम्मत भत्सना करते हैं। यह ना केवल इंसानियत के खिलाफ एक संगीन जुर्म है बल्कि मुल्क की एकता और अखंडता अमन को चुनौती देने की कोशिश भी है। हम इस संगीन जुर्म में मारे गए निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाबलों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और उनहे परिजनों के दुख में स्वयं को सहभागी मानते है। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि इस प्रकार की आतंकी गतिविधियों का इस्लाम या किसी मजहब से कोई संबंध नहीं है। इस्लाम अमन, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम देता है और ऐसे हर प्रकार के हिंसक कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। हम सरकार से माँग करते हैं कि इस हमले के पीछे शामिल आतंकियों एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा और सहयोग दिया जाए। राज्य में शांति, सौहार्द एवं साम्प्रदायिक एकता को बनाए रखाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि मुस्लिम समाज हर प्रकार की आतंकवाद विरोधी कार्यवाही में सरकार और सुरक्षाबलों के साथ है और देश की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर सदर ईकबाल खान ,सदर सम्मी कुरैशी ,अरमान खान ,अंजुम अली , जावेद अली ,राजा अली ,जाहिद कुरैशी ,रहमान भाई हाजी ,एजाज कुरैशी, अरहान अली ,सादिक कुरैशी ,साजिद अंसारी ,रहीश अली ,अयफाज अली ,सफीक खान ,सोहेल अंसारी, आबिद कादरी ,बाबू मिस्त्री ,शहबाज मंसूरी ,गुलाम भाई ,तौसीफ कुरैशी ,ताहिर हसन ,आबिद अली ,राजा मिस्त्री ,इमरान कुरैशी सहित मुस्लिम जमात मौजूद रही।

### मुस्लिम समाज इस कृत्य की घोर निंदा करता है-इकबाल खान

मुस्लिम समाज अध्यक्ष इकबाल खान ने बताया कि पहलगाम में जो २२ अप्रैल को घटना हुई जिसमें २७ लोगों की हत्या कर दी गई। उसके विरोध में एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए हम सभी लोग आए हुए हैं। मुस्लिम समाज इस कृत्य की घोर निंदा करता है जो एक नाम लेकर हत्या की गई है यह कायराना हरकत की घोर निंदा करते हैं। शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि ऐसे व्यक्ति को फांसी की सजा दी जाए। घटना में जो भी शहीद हुए हैं हम उन्हें अपने समाज की ओर से श्रद्धांजलि देकर खुदा से परिवार को हिम्मत देने की कामना करते हैं।



### पाकिस्तान की हैवानियत ने इंसानियत का खून किया- जावेद अली

जावेद अली ने बताया कि आतंकवादी घटना पहलगाम में जो की गई है काफी दुखद है उसमें हमारे भारतीय नागरिक जो सैलानी की तरह वहां गए हुए थे उन्हें धर्म पूछ कर मारा गया है। यह घटना बहुत खराब है जिससे हिंदुस्तान ही नहीं वारासिवनी का भी मुसलमान बहुत दुखी है और वह हर कोई इसका विरोध करता है। खुदा से दुआ करते हैं कि उन्हें ताकत दे केंद्र सरकार इस मामले में गंभीरता से ऐसी कार्यवाही करें और बदला ले कि दोबारा ऐसा कुछ करने की हिम्मत आतंकवादियों की ना हो। यह लड़ाई हैवानियत और इंसानियत की है इसमें हैवानियत ने इंसानियत का खून किया है। इस समय हम सभी दुनिया के लोगों को एक होकर सरकार का साथ देना है ताकि बार बार हो रही इस प्रकार की घटना पर अंकुश लगाया जा सके।



### भारत का सर्व समाज एकजुट है आतंकवादियों को कड़ी सजा मिलनी चाहियें-राजा अली

राजा अली ने बताया कि भारत को कमजोर करने भारत में गृह युद्ध के हालात पैदा करने का प्रयास आतंकवादी ताकतों के द्वारा किया जा रहा है। उसी का परिणाम है कि इस प्रकार लोगों को धर्म पूछ कर मारा गया है ताकि पूरे देश में संदेश जायें की एक धर्म वाले ने दूसरे धर्म वाले को मारा है। ताकि हम आपस में लड़े गृह युद्ध हो यही सोचकर इस प्रकार की निंदनीय हरकत आतंकवादियों के द्वारा की गई है। परंतु उन्हें पता नहीं है कि भारत का सर्व समाज एकजुट है हम मांग करते हैं कि सरकार मुस्लिम रेजिमेंट बनाएं सबसे पहले सरहद पर शहीद होने मुसलमान जायेगा।



## टूरिज्म की ओर बढ़ते बालाघाट के कदम

# हिल स्टेशन की तरह विकसित होंगे बालाघाट के 4 स्थल

### कलेक्टर के निर्देशन में तैयार किये गए प्रस्ताव को मप्र टूरिज्म विभाग ने दी हरी झंडी, गांगुलपारा, लगमा, आरामटोला को हिल स्टेशन की भांति विकसित किया जाएगा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वन्य जीवों, ताजी हवा और आकर्षित करती बालाघाट की हरियाली भरी भूमि के 4 स्थलों पर हिल स्टेशन की तरह विकसित करने के प्रयास प्रारम्भ हुए है। इसके लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने अपने निर्देशन में स्थलों का चयन कर प्रस्ताव तैयार कराए। उनके द्वारा तैयार कराए गए प्रस्तावों में बैगा हाट बाजार को पुन: विकसित करने की मप्र टूरिज्म विभाग से अनुमति मिल चुकी है। तैयार किये प्रस्ताव के अनुसार शहर के करीब प्राकृतिक सौन्दर्यता बिखेरने वाले गांगुलपारा, राष्ट्रीय टायगर रिजर्व से सटे गांव लगमा और आरामटोला को चुना गया है। इन स्थलों को विकसित करने के प्रस्ताव भेजें गए है। साथ ही लगमा में ही स्थापित बैगा हाट बाजार को पुन: नए कलेवर के साथ विकसित करने की रूपरेखा तैयार की गई है।

### हवा में साइकिलिंग,जंगल के रास्तों पर ट्रेकिंग, हवा में उड़ने जैसे एडवेंचर वाले खेलों से यूक्त होंगे स्थल

जिला पुरातत्व पर्यटन व संस्कृति परिषद द्वारा बालाघाट के चुनिंदा स्थलों को हिल स्टेशन का रूप देने के प्रयासों में गांगुलपारा, लगमा व आरामटोला जलाशय, झरने व प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से निहारने सहित प्रकृति को करीब से महसूस करने के लिए कुछ एडवेंचर व मनोरंजक खेलों को अपनाया जाएगा। प्रस्ताव में गांगुलपारा में जिप लाइन, फॉक्स लाइन,एटीवी बाइक राइड, पेंट वॉल, रॉकेट इजेक्टर, स्काय साइकिलिंग, गो-कार्टिंग और हाइकिंग जैसे रोमांचक व मनोरंजक खेलों को शामिल किया गया है। यानी कोई व्यक्ति गांगुलपारा पहाड़ी से झरने व जंगल की खाईयों को पार करने का अनुभव करना चाहता है तो जिप लाइन से लटकते हुए कर सकेंगे। इसी तरह तारों पर पहाड़ी वाले स्थलों पर साइकिलिंग का भी अनोखा अहसास पर पाएंगे। साथ ही जंगल के ऊबड़खाबड़, रेतीले व पगडंडियों वाली सड़को पर बाइक राइड का आनंद ले सकेंगे। वहीं लगमा इन सब के साथ सायकिल ट्रेल जो जंगल के रास्तों से साइकिलिंग का सुखद अनुभव होगा।


गांगुलपारा जलाशय

### आरामटोला में जलाशय के करीब रहने वाले पक्षियों को निहारने का अवसर होगा

कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ही आरामटोला में बर्ड वॉचिंग गतिविधि भी प्रारम्भ होगी। इसके साथ ही वॉच टॉवर व सायकिल ट्रेल प्रारम्भ की जाएगी। यहां जलाशय के इर्द गिर्द प्राकृतिक आवास में रहने वाले वन्य जीवों को देखने की व्यवस्थाएं की जाएगी। इसके अलावा बैगा हाट बाजार को पुन: व्यवस्थित करते हुए आकर्षक बाउंड्रीवाल व वेटिंग रूम बनाये जाएंगे। साथ ही ओपन थियेटर व अन्य कार्यो की मरम्मत भी की जाएगी।

### डीएटीसीसी और उपसमिति करेगी संचालन

कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशन में बनी योजना के तहत पूर्व के अनुभवों को देखते हुए। इन सब के व्यवस्थित रूप से संचालन के लिए जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति

# सर्पदंस से ७ वर्षीय बालक बीमार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खापा के ७ वर्षीय बालक २५ अप्रैल की सुबह सर्पदंस से बीमार हो गया। इसमें बताया जा रहा है कि आरुष मर्सकोले अपने मित्र के साथ शौचालय गया था जहां यह घटना हुई। परिजनों ने बालक को सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया है जहां उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश मर्सकोले का ७ वर्षीय पुत्र आरुष पिता दिनेश मर्सकोले घर के पास अपने मित्र के साथ खेल रहा था। जो सुबह १० बजे घर के पास स्थित नहर में शौचालय के लिए मित्र के साथ गया था। जहां शौच करने के दौरान सर्प के द्वारा उसे काट लिया गया। बालक के द्वारा सर्प को देखकर तत्काल घर में आकर घटना की जानकारी दी गई। जिस पर परिजनों के द्वारा बालक को सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर भर्ती किया गया है जहां उसका उपचार जारी है।



# अच्छे काम करें भगवान श्री राम साहस देंगें

पुतला का मतलब , कपड़े का बना हुआ पुरुष का आकार या घास फुस से भरा हुआ ढाँचा जो विशेषत: विनोद या क्रीड़ा (खेल) के लिये हो लेकिन भगवान श्री राम विनोद या क्रीड़ा के लिए नहीं है यह एक विश्वास है ईश्वर का जो कभी मिट नहीं सकता क्योंकि वो सत्य है ऐसा बोलना सही नहीं है । दशहरे में देश भर में रावण का पुतला फूंककर लोग बुराई में अच्छाई की जीत का संदेश दे रहे थे। वहीं एक गांव ऐसा था जहां पर लोगों ने श्री राम का पुतला फूंक दिया। यही नहीं इसका वीडियो बनाकर बकायदा वाट्सएप पर भी वायरल कर दिया। फिर जो हुआ वह हैरान कर देने वाला था।आज का युग में संस्कार नस्ट हो गया है मैं मर सकता हूँ लेकिन प्रभु राम ने जो संस्कार दिए है कभी किसी भी परिस्थिति में इस तरह की बातें नहीं कर सकता ना ही किसी अन्य मजहब में उनकी धार्मिक भावना को ठेस पहुँचाना है ऐ घोर कलयुग है मैं जब 3साल का था तो मुझे हनुमानजी की मूर्ति खरीदने गया और मेले में पिता से अलग हो गया, उस समय मैं 3या 4साल का था भगदड़ हुआ और अलग हो गया फिर खोजने पर नहीं मिले तभी मेरे पास एक मूर्ति पिताजी ने खरीदाई थी और जिसमें भगवान राम और हनुमान जी थे और उन्होंने अंदर ही से साहस दिया कि आगे बड़ो कुछ समझ में नहीं आ रहा था बाद में आगे बढ़ता गया करीब 9बजे रात थी,और आगे आगे बढ़ते गए बस अब 2 किलोमीटर का फासला बचा था और जब घर के करीब रोड पर था तभी रात के 10 बज गए और मेरे पिताजी के परिचित ने गोद में बिठाया इधर पिताजी को फिट पर फिट आ रहा था बाद में उन्होंने घर तक पहुंचा दिया और मेरे दादाजी को पिता जी की चिंता होने लगी और उन्होंने मेले में किसी को जाने को कहा और बाद में पिताजी को बताया तब पिता जी घर आएं ताज्जुब करने लगें की कैसे ऐ सब हो गया ऐ तो बहुत पहले की बात है कुछ साल पहले भगवान राम मुझे एक बार नहीं कई बार मौत के मुँह से बाहर निकाले हैं 2002 में मुझे हाई फीवर सीवर टाईफड था 105 -6 बुखार से लतफद था और बर्फ की सिल्ली से भी 101 तक पहुंचता था 1महीने तक ऐसा ही चलता रहा कोई भी दवाई सूट नहीं कर रहा था और अंत में इमरजेंसी वार्ड में रख दिया जहाँ पटापट लोग मर रहें थे मुझे कोई होश नहीं था बस एक ही इच्छा थी प्रभु के चरणों में स्थान मिले और बेहोशी की हालत में था मेरे माता पिता रो रहें थे अचानक रात में सपने में लगा चन्दन की खुसबू से कोई आया है मुझे गोद में लिया है और दूसरे ही दिन डॉ ने अंतिम प्रयास किया और नस में मोनोसेफ का इंजेक्शन दिया और उसके अगले दिन सब ठीक हुआ प्रभु के चरणों में वो शक्ति है कि मौत भी टल जाएगी उस सर्व शक्तिमान ईश्वर को चरण स्पर्श 19अप्रैल 25 को मैं अपने एक रिलेटिव के शादी में गया और आते वक्त बीच रोड में गड्ढे के करना रिम टेड़ा होगा संयोग से कुछ हुआ नहीं वल्फ बोर्ड से ज्यादा जरुरी रोड पर गड्ढे पर ध्यान देना रात के अंधेरा में लाइट भी बहुत जगह बन्द है दो दिन पहले खोपोली से आते समय एक बड़े दुर्घटना से बचा भगवान श्री राम की ही कृपा है गाड़ी का कैप खुला बहुत जोड़ की आवाज आई और 120के स्पीड में आगे भी चली गई और आज देखा तो मालूम हुई इसलिए मेरे प्रभु मेरे जान से भी ब ?कर हैं। भगवान राम सभी के लिए समान हैं जैसे पृथ्वी घूमती है और प्रभु केंद्र में है जो हर जगह एक ही दृष्टिकोण से प्रकाशित करते हैं पृथ्वी घूमने से दिन व रात होता है और हम सभी में ऐज में परिवर्तन होता है लेकिन केंद्र में होने के कारण उनमें कोई परिवर्तन नहीं होता है और यही नाम सत्य है अनादि काल तक रहेगा। भगवान श्री राम अपने सुख के लिए कभी नहीं सोचा और ईश्वर के रूप में भारत में आने का हमें सौभाग्य मिला इसलिए हमें कठिन से कठिन परिस्थिति में हमेशा एक होकर रहना चाहिए तभी हमें विजय

# भटके बादल ,कहाँ गरजे,कहाँ बरसेंगे ?

हैरान मत होइए,मेरे निशाने में आज भी कोई बदलाव नहीं है। मै आज भी अपने प्राणप्रिय प्रधानमंत्री जी की ही बात कर रहा हूँ। आपको पढ़ना हो तो पढ़िए और न पढ़ना हो तो मत पढ़िए। मुझे अपने भाग्यविधाता उन भटके हुए बादलों की तरह नजर आ रहे हैं जिन्हें अपने गरजने और बरसने के ठिकानों का पता नहीं है। पहलगाम के नृशंस हादसे के बाद मोदी जी से उम्मीद थी कि वे रात 8 बजे दूरदर्शन पर दर्शन देंगे,या फिर पहलगाम में मौकाए वारदात पर नजर आएंगे,किन्तु ऐसा नहीं हुआ। वे आवारा बादलों की तरह उ ?कर सीधे बिहार पहुँच गए। और बिहार के मधुबनी में मैथली में नहीं अंग्रेजी में बरसे और जमकर बरसे।

ये कोई व्यंग्य की बात नहीं है। ये हकीकत है और पूरे देश और दुनिया ने माननीय मोदी जी को मधुबनी में गरजते हुए देखा है। उन्होंने मधुबनी में हिंदी में या मैथली में नहीं बल्कि अंग्रेजी में भाषण दिया। मंच चुनाव की सभा का था। सामने गैर अंग्रेजी समझने वाले लोग थे लेकिन मोदी जी अंग्रेजी में बरसे। उन्होंने आतंकवादियों को चेतावनी दी की वी टार्गेटिड,आइडेंटिफाइड एंड पनिश्ड। मुझे लगा कि मोदी जी को पता है की पहलगाम में नृशंस हत्याकांड करने वाले आतंकवादी हिंदी या उर्दू या मैथिली नहीं जानते ,वे केवल अंग्रेजी जानते हैं इसलिए उन्हें अंग्रेजी में ही धमकाया जाए। मुमकिन है कि माननीय मोदी जी भूल गए हों कि वे मधुबनी की चुनावी सभा में नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में बोल रहे हैं और वहां अंग्रेजी में ही बोलने से दुनिया उनकी बात समझेगी।

मुमकिन है कि मोदी जी का प्रयोग कामयाब भी हो जाये। उनकी चेतावनी को आतंकवादी और पाकिस्तान दोनों समझ गए हों और भारत की ओर से संभावित जबाबी कार्रवाई से बचने में जुट गए हों। पाकिस्तान को पता है कि मोदी जी खाली बादल नहीं हैं, वे गरजे हैं तो कहीं न कहीं बरसेंगे भी। मोदी जी को बरसना भी चाहिए अन्यथा जनता उन्हें और उनकी पार्टी को एकदम से खारिज कर देगी। मोदी जी के सामने हिन्दुओं के जख्मों पार मरहम लगाने के साथ ही पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी से भी ब ?ी जंग छेड़ना होगी। बात अब जंग से कम पर हो ही नहीं सकती।

भारत सरकार द्वारा पहलगाम हत्याकांड के फौरन बाद उठाये गए कदमों से पाकिस्तान में बौखलाहट है। भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द किया तो पाकिस्तान शिला समझौता रद्द करने की धमकी दे रहा है ,हालाँकि अभी उसने ऐसा किया नहीं है। हम तो कहते हैं कि पाकिस्तान कोजो करना है वो करे,लेकिन हमें जो भी करना है हम भी करें और निर्णायक ढंग से करें। हम पहलगाम हत्याकांड को बिहार चुनाव के लिए मुद्दा बनाने की गलतीं करें। लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा। माननीय मोदी जी ने तमाम रोकटोकी के बावजूद पहलगाम गत्यकांड को चुनावी मुद्दा बना ही दिया। वे बिहार में भी इस



नृशंस हत्याकांड के सहारे ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं।

माननीय प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी पूरे 11 साल से ध्रुवीकरण में लगी है। ध्रुवीकरण भाजपा और प्रधानमंत्री जी का प्रिय खेल है। वे पहलगाम हत्याकांड के बाद पूरे देश को एक ध्रुव पर लाने के बजाय केवल हिन्दुओं का ध्रुवीकरण कर रहे हैं। जनभावनाओं के विरुद्ध जाकर मोदी जी और उनकी सरकार जिस तरह से ध्रुवीकरण का खेल खेल रही है उससे आतांकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई कमजोर हो सकती है। मोदी जी को अभी एक देश ,एक चुनाव की तरह पूरे देश को एक सूत्र में बांधने की कोशिश करना चाहिए थी लेकिन हो उलटा रहा है। हत्याकांड पाक सेना द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों ने किया और सजा दी जा रही है भारत के मुसलमानों को जबकि पहली बार देश भर में मुसलमान तक इस हत्याकांड के खिलाफ एकजुट नजर आ रहे हैं।

मैंने पहले दिन ही ये आशंका जताई थी कि भाजपा और हमारी लंगड़ी सरकार पहलगाम गत्याकाण्ड का इस्तेमाल चुनावों के लिए ठीक उसी तरह करेगी,जैसे की उसने पुलवामा काण्ड का किया था। पुलवामा के शहीदों की तस्वीरें चुनावी सभाओं में खुलकर लगाई गयीं थीं। न केंद्रीय चुनाव आयोग सरकार और भाजपा को रोक पाया था और न अदालतें। आज भी यही सब हो रहा है। खुद मोदी जी ने पहलगाम हत्याकांड का इस्तेमाल बिहार विधानसभा के चुनावों के लिए किया। बेहतर होता कि वे बिहार विधानसभा चुनावों को भूलरकर पहलगाम हत्याकांड का जबाब देने में अपना समय खर्च करते ,किन्तु ऐसा नहीं किया गया। मोदी जी ने एक बार फिर अपने मन की कर दी। बधाई उन्हें, क्योंकि आलोचनाओं का और विरोध का तो मोदी जी पर कोई असर पढ़ता ही नहीं है।

मोदी जी का तो ट्रेक रिकार्ड रहा है कि वे जहाँ जाना होता है ,वहां भूलकर भी नहीं जाते और जहां नहीं जाना चाहिए वहां सबसे पहले जाते हैं। आपको याद होगा कि ढाई साल से जल रहे मणिपुर में मोदी जी नहीं गए तो नहीं गए। उन्हें मुर्शिदाबाद और मालदा के दंगों के बाद बंगाल नहीं जाना था,वे नहीं गये। उन्हें पहलगाम जाना चाहिए था किन्तु नहीं गये। अब ये ड्यूटी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी निभा रहे हैं। राहुल अमरीका से वापस लौटे है और सीधे श्रीनगर जा रहे हैं। उनके जाने से क्या होगा और क्या नहीं ये वे जानें लेकिन मै इतना कह सकता हूँ कि राहुल ने अक्ल से काम लिया है। वे भी श्रीनगर न जाकर मधुबनी से पीड़ितों के प्रति अपनी सहानुभूति का प्रदर्शन कर सकते थे ,लेकिन वे मधुबनी नहीं गए। वे मोदी जी का पीछा नहीं कर रहे हैं ,फिर भी पूरी भाजपा जितना पाकिस्तान से नहीं डरती उससे कहीं ज्यादा कांग्रेस और राहुल गाँधी से डरती है।

अंततोगत्वा मुझे उम्मीद है कि मोदी जी पाकिस्तान को सबक जरूर सिखाएंगे। हम सब उनके साथ हैं क्योंकि मसला देश की सम्प्रभुता,एकता और अखंडता से जुड़ा है। इस मामले पर हम कोई राजनीति नहींकरना चाहते ,किसी को भी नहीं करना चाहिये। राहुल गाँधी को भी भी नहीं औरमोदी जी को भी नहीं। किन्तु मुझेपता है कि मेरे जैसे अदने से लेखक की बात मानता कौन है ? न माने लेकिन मै अपना काम कर रहा हों और मैं कोई भटका बादल नहीं हूँ की गरजूं कहीं और और बरसूं कहीं और।

- राकेश अंचल

# मनुष्य के मौलिक सृजन को संरक्षित करना बड़ी चुनौती

रचनात्मकता, सृजनात्मकता और संरचनात्मकता मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है, मानव की इन मौलिक विशेषताओं एवं उपलब्धियों को उचित सम्मान मिले, उचित प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक मिले, ऐसे नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा (आईपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में आईपी की भूमिका को उजागर करना है। कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में मानव की स्वत: स्फूर्त बौद्धिकता का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन ज्यादा जरूरी है। 2025 की थीम 'आईपी और संगीत: आईपी की ध ?कन महसूस करें' है। यह संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा (आईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, इस थीम का उद्देश्य आईपी के माध्यम से संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करना और उन्हें उनके काम के लिए उचित मान्यता दिलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि। ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।




कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक, हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जैसे-जैसे एआई अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, इसका बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर चुनौतीपूर्ण गहरा प्रभाव पड़ रहा है। चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है।

इसी के साथ बौद्धिक सम्पदा के सम्मुख सोशल मीडिया भी एक बढी चुनौती है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई दूसरों की रचनात्मकता एवं मौलिक सृजन को अपना बता कर पेश कर रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी बौद्धिक संपदा के लिए जागरूक होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अलग और रचनात्मक एवं मौलिक काम करने की क्षमता होती है। हम अपनी बौद्धिक संपदा को पांच तरीके से संरक्षित कर सकते हैं। इसमें पहला है कॉपीराइट, दूसरा पेटेंट, तीसरा ट्रेडमार्क, चौथा है औद्योगिक डिजाइन और पांचवा है भौगोलिक संकेतक। अगर आप कुछ लिखते हैं, जो आपका मौलिक लेखन है तो आप कॉपीराइट करा सकते हैं। इसके बाद व्यापार के क्षेत्र में होता है ट्रेडमार्क, जो आपका सिंबल होता है, जो किसी संस्था, कंपनी की पहचान के लिए होता है, उसे अगर ट्रेडमार्क करवा सकते हैं तो कोई दूसरा उस सिंबल का उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर आपने कोई आविष्कार किया है तो उसे पेटेंट करा कर सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद आता है औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक।

इस वर्ष की थीम संगीत पर केन्द्रित है। संगीत ने हमेशा लोगों को जोड़ने, बदलाव को प्रेरित करने और सांस्कृतिक विकास को आगे बढाने में एक अनूठी भूमिका निभाई है। यह विषय इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे आईपी अधिकार संगीतकारों और अन्य संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करते हैं। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस डब्ल्यूआईपीओ का सबसे बढा बौद्धिक संपदा (आईपी) सार्वजनिक जनजागृति अभियान है। कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार संगीत उद्योग की प्रभावी मदद करते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि संगीत रचनाकारों को उनके काम का श्रेय और भुगतान मिले। यह दिन यह भी दिखाएगा कि इन अधिकारों की मदद से संगीत को बेहतर बनाने में रचनात्मकता और नए विचार कितने महत्वपूर्ण हैं।

आधुनिक समय में संगीत बौद्धिक एवं आर्थिक सम्पदा का बढा माध्यम है। आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकितता का अहसास होता है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। इसीलिये संगीत एक बड़ी बौद्धिक सम्पदा है।

शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। इन संगीत प्रस्तुतियों से जुड़े कलाकार एवं संगीतकारों के लिये यह उनकी बौद्धिक सम्पदा है। यह दिन इन बौद्धिक संपदा से जुड़े अधिकारों के संरक्षण के महत्व को रेखांकित करता है, जो रचनाकारों और आविष्कारकों को उनके काम के लिए पुरस्कृत करने में मदद करता है एवं उनके उचित पारिश्रमिक को सुनिश्चित करता है। वैश्विक स्तर पर, युवा लोग नवाचार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, अपनी ऊर्जा और सरलता, अपनी जिज्ञासा और सरलता का उपयोग करके बेहतर भविष्य का मार्गदर्शन कर रहे हैं। नये विश्व के निर्माण में बौद्धिक सम्पदा की प्रभावी भूमिका है। तकनीकी विकास एवं आर्थिक प्रतिस्पर्धा के दौर में बौद्धिक सम्पदाओं को संरक्षित करते हुए बौद्धिक सम्पदाओं के रचनाकारों एवं मौलिक सृजनकर्ता के अधिकारों की रक्षा करना ही इस दिवस का ध्येय है और इसी में इस दिवस की सार्थकता है।

## भावना भी समझें

एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई।

हर आदमी ऐसे ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

## चिंतन ही जीवन की सार्थकता

समाज में अनेक विषय है जिन पर आजकल सब चल रहे हैं सभी का अपना नजरिया होता है, अपनी सोच होती है पर हम यदि यह सोचें की जिंदगी मेंअसल आनंद तो सुख और दुख दोनों में है यही तो जीवन के दो पहलू हैं इन पर समान दृष्टि रखकर ही हमें अपनी अच्छी सोच रख सत्कर्म करने चाहिए ,नेकी कर दरिया में डाल अर्थात दूसरे के दुख में खड़े रहना और अपने लिए कभी अपेक्षा न करना ही श्रेयस्कर होता है ।हमें जीवन पथ पर संभाल कर चलना और औरों को संबल देना ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है आधुनिक दौर में यदि हम सामाजिक सौहार्द का संदेश लेकर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हैं तो निश्चित ही मन की संप्रेषणीयता सीधे मन से मन तक बात कर सकती है वैसे भी रचनाकार का कर्तव्य होता है कि वह समाज को न केवल जागृत बनाकर रखे बल्कि उसे अपने कर्तव्य बोध के प्रति भी सचेत करें। क्योंकि चिंतनशीलता सामाजिक विसंगतियों और विषमताओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है सहज आत्मीयता, सुकोमल प्रेम ,विश्वास और समर्पण जीवन के ऐसे तत्व हैं जो प्रभाव अवश्य ही डालते हैं और यही जीव जगत का सार है अच्छी सोच और अपनी बात कहने का सुंदर तरीका सदैव आकर्षण का केंद्र होता है लोकहित और सर्वहित की भावना के साथ-साथ जहाँ पर आम आदमी की समस्याओं का और दुख दर्द का वर्णन होता है, साथ ही उनका समाधान भी होता है तो मन की सरल मिठास आल्हादित कर जाती है। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में एक और जहाँ राजनीति आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती हैं वहीं दूसरी ओर आम आदमी भी राजनीति को प्रभावित करता है सामान्य सी बात है आज लोगों ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार का माध्यम बना लिया है समाज की समृद्धि को भ्रष्टाचार से जितना नुकसान पहुँचा है उतना और किसी ने नहीं पहुँचाया कहते हैं ना सरकारी कार्य में अगर 50व्रका भी सदुपयोग हो जाए तो बहुत बड़ी बात है अत: व्यक्ति कहीं ना कहीं अपने कार्यों से देश और समाज को प्रभावित कर रहा है पहले के समय में ऐसा नहीं था प्रत्येक व्यक्ति का हर छोटे बड़े इंसान के प्रति सम्मान का भाव होता था। गाँव में छोटे बड़ों को आदर देते थे और बड़े छोटों को आशीष देते थे पर हम महानगरों में देखते हैं कि आजकल छोटे बड़ों का भेद समाप्त हो गया है, वह विनय भाव, सम्मान भाव ,सदाचरण बहुत कम नजर आता है। इसीलिए आज अध्ययन, चिंतन और मनन की आवश्यकता है जब चिंतन होगा तो, प्रकृति और पर्यावरण की भी चिंता होगी ।जल और जंगल की भी चिंता होगी। चिंतन से ही आम आदमी के दुख दर्द और जीवन की कठिनाइयों का विश्लेषण हो पाएगा कहाँ क्या सही हो रहा है और कहाँ क्या गलत हो रहा है इस बात को जान लेना बहुत जरूरी है इन्हीं सब बातों से तो जीवन में मिठास, गरिमा और आनंद का आल्हाद बना रहेगा।

वर्तमान में हम देखते हैं की अमीर और अमीर होता जा रहा है और गरीब और गरीब होता जा रहा है इंसानियत, न्याय, ईमानदारी, समर्पण, त्याग जैसे शब्द बोने होते जा रहे हैं वरिष्ठ कवि आचार्य भगवत दुबे जी ने लिखा-

बिकता है न्याय ,सस्ता ईमान हो गया
क्रेताओं को सुलभ, अब सम्मान हो गया
मेहनतकशों को रोटी ,होती नहीं मयस्सर
अब जानवर से बद्तर इंसान हो गया।

उनके लिखे शब्द जीवन में उतारने लायक होते हैं सर्वधर्म समभाव की भावना और सर्वे भवंतु सुखिना, और आपकी कल्पना ही मनुष्य के चिंतन को श्रेष्ठ बनाती है कुछ दिनों की जिंदगी में काम अच्छे कर लेना, किसी के काम आ जाना, किसी का साथ दे देना ,किसी का दर्द ले लेना, अपने मन को भी सुकून देता है कभी किसी की मदद करके देखिए मन द्रवित हो जाएगा। एक अलग ही तरह की खुशी प्राप्त होगी कुछ पल को तो यूं लगेगा किसी का दर्द मिट जाए हमारा हाथ लग जाए खुशी इससे बढ़कर कोई भी हो नहीं सकती। तो आईये आज हम सब थोड़ा इस बारे में सोचते हैं ,थोड़ा चिंतन करते हैं और जीवन को सार्थक बनाने वाले इस सत्य को स्वीकार कर लेते हैं।

हमारी संस्कृति ने पूरी वसुधा को कुटुंब माना है। अतिथि को भगवान माना है। अहिंसा के पुजारी इस देश में ज्ञान को शिक्षा को सर्वोपरि माना है। माता-पिता और गुरु का सम्मान जीवन का प्राथमिक कर्तव्य माना है। वर्तमान में सभी स्वयं को ऐसा बना ले तो, फिर कोई दुख, कोई तकलीफ ना बचेगी, सभी खुशहाल होंगे और स्वर्ग से नजारे जमीन पर ही नजर आएंगे, सब एक दूसरे के साथ हिल मिलकर गाएंगे, सबसे अच्छा देश हमारा, सबसे अच्छा ज्ञान ,आओ सींचे इसे मोहब्बत से ,कर दे बुराइयों को कुर्बान। नहीं किसी से नफरत होगी मन में प्यार खिलेगा। गाँव और शहरों में भी सुख चैन मिलेगा। संस्कृति का सम्मान होगा, मन उपवन महकेगा, सुखद चिंतन उन्मेषों से भारत नया बनेगा।

-डॉ संध्या जैन श्रुति

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** लेवाली दबी-दबी रहने से शुक्रवार को खाद्य तेलों में बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में सोयाबीन घटाकर बोला गया। दलहनों में चना मजबूत देखा गया। किराना जिंसों में जायफल एवं जावत्री में बाजार सुस्त रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में पूछपरख दबी-दबी है। आयातित मालों में नरमी से भावों में नरमी का रूख है। तिलहनों में सोयाबीन बाजार 50 रू. प्रति क्विंटल घटाकर बोले गये। दलहनों में चना मजबूती पर रहा। उधर, किराना जिंसों में जायफल एवं जावत्री में सुस्ती रही। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना-** शक्कर 4150-4180, खोपरा गोला 210-245, खोपरा बूरा 3800-5800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 175-215, सांगली 260-280, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 100-140, बेस्ट 280-300, एस्ट्रा बेस्ट 310-350, सौंफ बारि?क 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 740-750, गरबल 715-720, मटरदाना 770-795, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-265, जायफल 725-790, बेस्ट 750-780, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1625-1900, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3300, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-2000, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 910-915, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2600-2650, (160) 3040-3100, (200) 3400-3450, (250) 3400-3450

**तेल-** सींगदाना 1300-1320, मुम्बई 1325, राजकोट तेलिया 2260, सोया साल्वेंट 1190-1195, सोया रिफाइंड 1250-1255, कपास्या 1230-1235, धूलिया 1240, कड़ी 1240,

**रात की धारणा-** गुजरात लुज 1270, मुम्बई पाम 1260, मुम्बई सोया 1285,

**खली-** कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2240, देवास-उज्जैन 2240, खंडवा-बुरहानपुर 2215, अकोला 3050 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन-** सरसो 6500-6600, रायडा 5600-5800, सोयाबीन 4350, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700,

**दलहन-** चना कांटेवाला बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5100-5300, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6200-6225, एवरेज 6100-6150, मूंग देशी 7600-7700, पाला 7700-7800, चमकी 7800-7900, नायलोन 7900-8000, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6500-6700, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**दाल-** चना दाल एवरेज 8000-8200, बेस्ट 8300-8500, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

**चावल-** चावल हंसा सफेद 2900-3050, सेला 3400-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4800, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100,

**मावा-** इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** शुक्रवार को भी सराफा बाजार में व्यापार बेहद ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों कीमती धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 96500, चॉंदी (99) 96400, टंच 95800, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 97000,

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 85.38 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया 85.17 पर खुला पर कुछ देर बाद ही ये नीचे आने लगा। गत दिवस रुपया 85.30 पर बंद हुआ था। अंतरबैंक गत दिवस विदेशी विदेशी मुद्रा बाजार में आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 22 पैसे टूटकर 85.67 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी डॉलर सूचकांक अपने हाल के निचले स्तर 97.92 से बढ़कर 99.94 पर पहुंच गया। इसका कारण अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने के संकेत हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.60 पर खुला और बाद में 85.67 पर आ गया।

# आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी किसी बात से आपके भाई नाराज हो सकते हैं। आपको किसी नए घर मकान, दुकान आदि की खरीदारी करते समय जरूरी बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है। आप किसी को धन उधार देने से बचें।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए लाभ लाभ वाला रहेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को पुराने शेयरों से अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी संतान ने यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। आपका कोई संपत्ति संबंधी विवाद आपके लिए समस्या बन सकता है। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक सामान को लेकर आ सकते हैं।

**मिथुन-** आज का दिन आपके खर्चों से भरा रहेगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप अपनी इनकम को ध्यान में रखकर खर्चों को करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी संपत्ति की खरीदारी आप कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा धन खर्च करेंगे, लेकिन इसके साथ-साथ आप अपनी सेहत में लापरवाही बिल्कुल न करें।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याओं को लेकर अपने सीनियर से बातचीत कर सकते हैं। घर की किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। माताजी की कोई पुरानी समस्या उभर सकती है, जिसके लिए आपको भागदौड़ अधिक करनी होगी। आपको राजनीति मे किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से आपका मन खुश रहेगा और कार्यक्षेत्र में भी आपके बॉस आपके कामों से काफी खुश रहेंगे।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जिससे पिताजी आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आपको कोई काम पूरा होने में समस्या आएगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है, इसलिए किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। जीवनसाथी की आपसे किसी बात को लेकर बहस होने की संभावना है। आप अपने आस पड़ोस में किसी दूसरे को बिना मांगे सलाह देने से बचे। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने जूनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। आपकी कोई बात बनते बनते रह सकती हैं, सरकारी योजनाओं में यदि आप धन का इन्वेस्टमेंट करेंगे, तो वह आपको अच्छा लाभ दे सकता है।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपका कोई विवाद संपत्ति को लेकर चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आप किसी नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। आप अपनी माताजी को ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप कराने लेकर जा सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से परिवार में किसी पूजा पाठ का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ न मिलने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती हैं। आपको टेंशन रहने से आप छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। जीवन साथी को आप कहीं शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं, जिसमें आप अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखें।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको यदि किसी लेनदेन को करना हो, तो आप किसी अजनबी से बिल्कुल ना करें। आपकी सेहत में चल रही समस्याएं आपको परेशान करेंगी। आपका कोई विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकता है। आप कार्यक्षेत्र में लोगों से अपना काम निकलवाने में कामयाब रहेंगे। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा और संतान को किसी नई नौकरी के मिलने से वह कहीं बाहर जा सकते हैं। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुंभ-** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी कहीं बाहर जाकर पढ़ने की इच्छा पूरी हो सकती हैं। आपको अपने किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है। लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों को मन मुताबिक काम ना मिलने से वह परेशान रहेंगे। आपको थोड़ा धैर्य रखने की आवश्यकता है। किसी से आप कोई ऐसी बात ना बोले, जो कि उन्हें बुरी लगे। आप अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयों भरा रहेगा। आप अपने बिजनेस को लेकर भी कुछ उतार-चढ़ाव महसूस करेंगे। आपक अपने कामों में काफी व्यस्त रहेंगे। लेकिन फिर भी आपको अपने पारिवारिक मामलों पर भी पूरा ध्यान देना होगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपकी इनकम में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

## शब्दजाल - 7880

शब्द जाल में आमिर खान की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | स | दौ | ल | त | की | जं | ग | ल | ल्ली | क |
| ग | क | ह | ग | ला | अ | बा | जी | ग | झ | क |
| ल | क | ल | म | ह | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| पां | इ | ल | म | हैं | प | ल | रं | र | ला | ल |
| डे | श्क | ल | प | नु | रा | उ | गी | ण | घ | म |
| ती | दा | ल | श | सं | प | ही | ला | कौ | ला | ल |
| क | बा | या | र | मे | रा | क | प्या | या | श | गा |
| क | द | ल | गु | ला | म | स | रा | र | प | न |
| क | र | ल | प | व | जी | ना | ल | ओ | के | दों |
| क | क | ल | प | द | या | दि | व्य | ब | प | या |
| जी | जिं | ल | प | रा | ख | उ | द्दा | ण | घ | म |

लगान, मंगल पांडे, हम हैं राही प्यार के, बाज़ी, रंगीला, इश्क, गुलाम, दौलत की जंग, राख, दिल.

## शब्दजाल - 7879 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | | | | | | | | | | |
| द | अ | ल | च | व | जी | षा | ऐ | बें | प | सा |
| क | बा | नी | क्र | त | क | छ | प्प | न | हिं | जू |
| क | र्च | बा | तें | व | न | ज | द | अ | जू | व |
| अ | र | अ | प | अ | व | लो | क | न | प | रु |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6824

**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. फिल्म 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि, जेबा, अश्विनीभावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. जॉन, बिपाशा की एक फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. १९७१ के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी जे.पी. दत्ता की फिल्म-३
३. 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखों' गीत वाली फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. फिल्म 'खुशी' में फरदीन खान की नायिका कौन है?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ दिलवाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की 'फूलों से जो खुशबु' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6823 (हल)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | दा | र | ■ | रो | मां | स | ■ | आ | शा |
| शी | ■ | त | ला | श | ■ | प | ड़ो | स | न |
| ■ | ध | न | वा | न | ■ | ने | ■ | ग | ■ |
| ध | र्मा | ■ | रि | ■ | जू | ■ | झु | ■ | सु |
| ■ | त्मा | ■ | स | हे | ली | ■ | म | सी | हा |
| फा | ■ | श | ■ | मा | ■ | गु | रू | ■ | ग |
| गु | म | रा | ह | ■ | मे | ला | ■ | डॉ | ■ |
| न | ■ | बी | ■ | आ | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | काँ | ■ | आ | शि | की | ■ | द | ■ | ल |
| वां | टे | ड | ■ | क | ■ | इं | सा | फ | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**26 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

(कुंडली: २ गुरु; राहु बुध शुक्र १२ चंद्र शनि; ११; ३; सूर्य १; मंगल ४; १०; ७; ५; ६ केतु; ८; ९)

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.37 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 08.35 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.48 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.04 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.16 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.27 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.42 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.58 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.03 बजे से |
| | | कुंभ | 01.49 बजे से |
| | | मीन | 03.22 बजे से |
| | | मेष | 04.53 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2025 वर्ष का 116 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 08.28 बजे तदनन्तर चतुर्दशी 04.50 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 06.27 बजे तदनन्तर रेवती 03.39 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वैधृति 08.41 बजे तदनन्तर विष्कुम्भ 04.35 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** वणिज 08.28 बजे, विष्टि 18.41 बजे तदनन्तर शकुनि 04.50 बजे प्रातः को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 32' **सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872326
**जूलियन दिन** 2460791.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 27

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः त्याग का तप

जब मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गए, तो विभीषण की राय पर हनुमान सुषेन वैद्य को ले आए। वैद्य जी ने हिमालय से संजीवनी बूटी लाने की सलाह दी, पर यह शर्त भी रखी कि अगर सूर्योदय से पहले लक्ष्मण को संजीवनी नहीं पिलाई गई तो वह जिंदा नहीं बचेंगे। यह काम हनुमान को सौंपा गया। जब हनुमान पूरे धवल गिरि को उठाए अयोध्या से गुजर रहे थे, तो उन पर भरत की दृष्टि पड़ गई। भरत ने सोचा कि राम की अनुपस्थिति में कोई राक्षस अनिष्ट करने की मंशा से राज्य के ऊपर मंडरा रहा है। उन्होंने धनुष-बाण उठाया और हनुमान पर निशाना साध दिया। बाण लगते ही हनुमान धरती पर आ गिरे और कुछ क्षणों के लिए अचेत हो गए। भरत को बहुत ग्लानि हुई। कुशल क्षेम पूछने के बाद भरत ने कहा,' आपको सूर्योदय से पहले लंका पहुंचना है और दूरी बहुत ज्यादा है। मेरे बाण पर बैठ जाइए, इससे आप तुरंत ही राम के पास पहुंच जाएंगे।' हनुमान ने कहा, 'राम का नाम लेने में जितनी देर लगती है, उतने ही समय में मैं लंका पहुंच जाऊंगा।' इस बीच सभी रानियां भी आ गईं। दुखद समाचार सुनने के बाद कौशल्या ने राम के लिए संदेश दिया कि चाहे जो हो जाए, अगर लक्ष्मण जीवित न बचा तो तुम भी कभी अयोध्या मत आना। इसके बाद कैकेयी ने कहा, 'राम! वन में भटकते-भटकते बहुत दिन बीत गए हैं। अब तुम अयोध्या लौट आओ, अब मैं भरत को तुम्हारी जगह युद्ध के लिए भेज रही हूं।' सुमित्रा से रहा नहीं गया। वह बोलीं, 'लक्ष्मण के प्राण नहीं बचे तो कोई बात नहीं। तुम चिंता मत करना। उसका एक भाई शत्रुघ्न है, जल्दी से स्थिति के बारे में बताओ ताकि मैं तुम्हारी सेवा में उसे भेज सकूं।' उनकी बातें सुनकर हनुमान ने सोचा कि जहां एक-दूसरे के लिए त्याग की ऐसी भावना हो, वहां सभी संकट स्वतः कट जाएंगे।

## सूडोकु नवताल- 7133

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल-7132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्द पहेली - 8348

**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा-3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

**ऊपर से नीचे**

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य करना-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मक्खन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाती जो प्रायः डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

### शब्द पहेली -8347 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | ध | न | ■ | आ | द | मी | ■ |
| क | द | ■ | म | ■ | रा | ■ | न | ल |
| त | ■ | ■ | क | या | म | त | ■ | जा |
| रा | य | ता | ■ | र | ■ | र | च | ना |
| ■ | ■ | क | ला | ■ | आ | स | ■ | ■ |
| प | का | ना | ■ | मा | ■ | ना | का | म |
| ना | ■ | ■ | भ | न | क | ■ | ■ | न |
| ह | त्या | ■ | व | ■ | स | ■ | म | न |
| ■ | ग | ल | न | ■ | र | ट | ना | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनावों के कारण भी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 588.90 करीब 0.74 फीसदी नीचे आकर 79,212.53 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का नि?टी अंत में 207.35 अंक तकरीबन 0.86 फीसदी नीचे आकर 24,039.35 पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार इस गिरावट का कारण एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, इटरनल (जोमैटो), टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और एलएंडटी जैसे दिग्गज शेयरों में मुनाफावसूली हावी रहना है। भारत पाक के बीच तनाव बढ़ने से भी निवेशकों में घबराहट का माहौल है। इससे विदेशी निवेशक सतर्क रुख अपनाये हुए हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से निवेशकों को 11 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटकर 419,65,902 करोड़ रुपये पर आ गया। जबकि गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद यह




43,042,123 करोड़ रुपये था। इस तरह कंपनियों को 10,50,393 करोड़ रुपये की चपत लगी है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की बढ़त पर खुला पर इसके कुछ समय बाद ही इसके गिरावट आने लगी। आज सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स भी 700 से ज्यादा नीचे आया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई खुलने के बाद 1 फीसदी गिरा। वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। सेंसेक्स आज हल्की बढ़त के साथ ही 79,830.15 पर खुला। खुलने के कुछ देर तक यह हरे निशान में रहा और फिर लाल निशान में आ गया। सेंसेक्स सुबह 666.84 अंक या 0.84 फीसदी की गिरावट लेकर 79,134.59 पर था जबकि निफ्टी-50 भी हल्की बढ़त में खुला। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जाये तो एशियाई शेयर बाजारों में बढ़त देखी गई। वॉल स्ट्रीट पर तेजी से एशियाई बाजारों में बढ़त रही। ब्याज दरों में अपेक्षाकृत जल्द कटौती की उम्मीदें बढ़ने से अमेरिकी बाजारों में तेजी आई। इस बीच, दक्षिण कोरिया के शेयरों में तेजी आई है।

# पहलगाम हमले के विरोध में दिल्ली में बाजार बंद, 1,500 करोड़ रुपए का कारोबार ठप

नई दिल्ली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में गुस्सा है। इसका असर शुक्रवार को दिल्ली के कारोबारी बाजारों में भी देखने को मिला। दिल्ली के 900 से अधिक बाजारों की करीब 8 लाख दुकानें बंद रहीं, जिससे करीब 1,500 करोड़ रुपए का कारोबार ठप हो गया। दिल्ली के विभिन्न बाजारों में व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभाएं, मौन मार्च और कैंडल मार्च निकालकर मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (केट) और दिल्ली व्यापार महासंघ सहित 100 से अधिक व्यापारी संगठनों ने व्यापार बंद का आह्वान किया था। कैट के महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, 卐अब समय आ गया है कि पाकिस्तान से सभी प्रकार के कारोबारी संबंध समाप्त किए जाएं। उन्होंने बताया कि कैट की नेशनल गवर्निंग काउंसिल की अगली बैठक में पाकिस्तान से आयात-निर्यात बंद करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। व्यापारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। व्यापारी संगठनों का यह विरोध न केवल आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन है, बल्कि यह सरकार से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग का स्पष्ट संदेश भी है।

# सोने में तेजी , चांदी की कीमतों में नरमी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आये बदलाव के बीच ही घरेलू वायदा बाजार में शुक्रवार को सोने में तेजी आई है जबकि चांदी की कीमतों में नरमी रही है। आज सुबह सोने के भाव 96,000 रुपये, जबकि चांदी के भाव 97,450 रुपये के करीब कारोबार हैं। सोना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार मार्केट में 3,509.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया जबकि, घरेलू बाजार में सोना 99,358 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर रहा। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध शुक्रवार को 77 रुपये की तेजी के साथ 95,999 रुपये के भाव पर खुला।




इसका पिछला बंद भाव 95,912 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 104 रुपये बढ़कर 96,016 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 96,239 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 95,954 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने का वायदा भाव मंगलवार को 99,358 रुपये के भाव पर पहुंचा था। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध शुक्रवार को 16 रुपये की कमी साथ 97,495 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 97,511 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 44 रुपये नीचे आकर 97,467 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,542 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,409 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। चांदी के वायदा भाव इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। कामेक्स पर सोना 3,362 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,348.60 डॉलर प्रति औंस था। एक समय यह 9.10 डॉलर की तेजी के साथ 3,357 .70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# मुस्लिम समुदाय ने रैली निकालकर किया पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

## आतंकवादियों को कड़ी सजा देने की मांग





लांजी ( पद्मेश न्यूज )। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में लाँजी के मुस्लिम समाज ने एकजुटता दिखाई है। शुक्रवार को समस्त मुस्लिम समाज के नेतृत्व में मेन रोड़ लाँजी में स्थित बड़ी मस्जिद से विरोध रैली निकली गई जो कि लांजी के हृदय स्थल सुभाष चौक सालेटेकरी मार्ग होते हुए चांदनी चौक से पुनः मस्जिद पहुंचकर रैली का समापन किया गया। इस विरोध रैली में मुस्लिम समाज के काफी लोग जमा हुए। इसके पश्चात सभी लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार लांजी को गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लेख किया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के लिए समस्त मुस्लिम समुदाय गहरी संवेदना व्यक्त करता है और आतंकी हमले की कड़ी निन्दा करता है। मुस्लिम समाज के लोगों ने स्पष्ट किया कि वे हमेशा आतंकवाद के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आतंकवादियों को कड़ी सजा देने की मांग की। इस दौरान लोगों ने आतंकवाद मुर्दाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। सर्व मुस्लिम समाज के लोगों ने इस घटना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की। लांजी मुस्लिम समाज के लोगों ने आतंकियों के लिए कड़ी सजा की मांग की। उनका कहना था कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। इसके लिए कठोर कार्रवाई जरूरी है।

### मोदी से की आतंकवाद को जड़ से खात्मे की मांग

मृतकों के लिए रखे श्रद्धांजलि सभा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुस्लिम समाज के लोगों ने आतंकवाद को देश में जड़ से खत्म करने की अपील की। साथ ही साथ जल्द से जल्द आतंकवादियों को सजा देने की मांग की है।

### विरोध रैली के दौरान इनकी रही उपस्थित

इस विरोध रैली के दौरान ईमाम मुफ्ती शाहिद क़ासमी, शाहजहां बेग, सदर रफीक शेख, साजिद शालू अली, इकराम शेख, मोहसिन खान, अफसर बेग, सफीक खान, रफीक खान, शाहबाज कादरी, कामिल अंसारी, नसीम खान, मोहसिन साबरी, इमरोज़ कादरी, शोएब शेख, असद आलम, अलीम शेख, साजिद खान, मुन्ना खान, साजिद शेख, ताजुल हुसैन, अफजल बेग, आसीम खान, यामीन खान, सूफियान खान, फरहान शेख, रशीद खान, नासिर खान, अजहर शेख, वहाब शेख, तौसीफ़ खान, इमरान शेख, वहीद खान, जुनेद खान, रियाज खान, आसिफ अंसारी, रिजवान शेख, रिजवान खान, आफताब खान, कलीम खान, उमैर खान, सैफुल्लाह कुरैशी, नवाज खान, रियाज खान, सादिक अंसारी, महिम खान, माविया बेग, मारूफ खान, नबील खान, शोएब बेग, रमजान शेख, जैनुल अंसारी, इरशाद खान, एजाज खान, तारीख अंसारी, आमीन कुरैशी, अजहर खान, शब्बीर खान, अरमान नाजमी, नौशाद खान, वाहिद खान इन सभी मुस्लिम भाइयों ने मौजूद रहकर पहलगाम आतंकी हमले का विरोध किया।

### इनका कहना है..

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में आज हम पूरा मुस्लिम समाज विरोध प्रदर्शन कर रहा है और यह बताना चाह रहा है कि इस आतंकी हमले के खिलाफ पूरा मुस्लिम समाज सरकार के साथ खड़ा है। सरकार जो भी कार्यवाही करेगी पूरा देश उनके साथ खड़ा है और हम चाहते कि इस तरह की जो बार-बार की घटना देश में हो रही है वह आगे ना हो। पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होना चाहिए। पाकिस्तान का जन्म ही आतंकवाद के साए में हुआ है। पाकिस्तान के जैसे आतंकी देश के कुकृत्यो के कारण आज पूरा देश, पूरा विश्व परेशान है, और इस्लाम के नाम पर इस तरह के जो हमले किए जा रहे है वह गलत है। इस्लाम किसी भी तरह के आतंकवाद को पनाह नहीं देता है और ना ही समर्थन करता है। इस्लाम हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ रहा है और हमेशा आतंकवाद के खिलाफ रहेगा। पाकिस्तान अपनी हरकतों के कारण कब्रिस्तान बनने की ओर अग्रसर है। हमारी मीडिया के माध्यम से यह अपील है कि हम सरकार के हर फैसले पर उनके साथ खड़े है।

**शाहजहां बेग**
**वरिष्ठ नागरिक मुस्लिम समाज लांजी**

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला यह संपूर्ण मानव समाज के ऊपर एक कलंक है। मैं यह नहीं मानता कि इस्लाम धर्म में किसी भी प्रकार के हिंसा और आतंकवाद या किसी निर्दोष इंसान की जान लेने की आजादी दी जाती हों। हमारा धर्म हमेशा से आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ रहा है हमारा पूरा समाज इस आतंकी हमले का पुरजोर विरोध करता है। हम सरकार से यह अपील करते है कि बाहरी ताकतों के साथ देश के अंदर छुपे दुश्मन के खिलाफ भी कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

**साजिद अली**
**अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा**
**लांजी**

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारंजा में मनाया गया विश्व वसुंधरा दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। विकास खंड लांजी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय





कारंजा में 22 अप्रैल 2025 को प्राचार्य आर के घोरमारे की अध्यक्षता में विश्व वसुंधरा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पृथ्वी, जल, पेड़ पौधे, खनिज संपदा का संरक्षण कैसे किया जाय इस पर लंबी परिचर्चा हुई,बच्चो के द्वारा इनकी महत्ता को समझाने के बाद बारी बारी से सभी शिक्षकों एवं प्राचार्य के द्वारा इनके महत्व को समझाया गया,उनका संरक्षण कैसे किया जाए इस पर भी परिचर्चा हुई।इस अवसर पर शाला में सुविचार प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी बच्चों के साथ साथ शाला के शिक्षक साथी एफ एक्का, वाई के राहंगडाले, आर के चौधरी, कु कौशल्या दशहरे श्रीमती एस रियायत,एल सी मच्छिरके और इको क्लब प्रभारी मनोज नगपुरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### विद्यालय में जल गंगा संवर्धन दिवस का आयोजन

# एम्बुलेंस से हो रही थी गौ तस्करी

## बजरंग दल ने पुलिस की मदद से वाहन को पकड़ा






लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में गौवंश तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे है। क्षेत्र में बड़ी मात्रा में गौवंश की तस्करी की जा रही है। समय समय पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही भी की जाती है उसके बाद भी गौवंश तस्कर इतने शातिर हो चले है कि गौवंश तस्करी का नया नया तरीका अख्तियार कर गौवंशो की तस्करी कर रहे है। ऐसा ही एक मामला बजरंग दल लांजी के द्वारा उजागर किया गया है। जहां एंबुलेंस में गौवंशों की तस्करी की जा रही थी जिसे लांजी पुलिस की सहायता से पकड़कर पुलिस थाना लांजी लाया जहां पाया गया कि लगभग 11 से 12 गौवंशों को क्रुरता पूर्वक एंबुलेंस में भरकर कत्लखाने ले जाया जा रहा था।

### अनेक नागेश्वर सहित एक अन्य आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज

पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह के द्वारा जिले मे चल रही अवैध गतिविधियों एवं अपराधों की रोकथाम तथा अवैध गौवंश तस्करी की रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु लगातार आदेशित किया जा रहा है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला, विजय डावर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लांजी ओमप्रकाश भापूसे के द्वारा भी लगातार मार्गदर्शन दिया जा रहा। जिसके तहत 24 अप्रैल को देर रात्रि चीचटोला में एंबुलेंस वाहन से क्रुरता पूर्वक भरकर गौवंश पशुओं को ले जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर लांजी पुलिस चीचटोला पंहुचकर सूचना की तस्दीक की गई तो मौक पर एक एंबुलेंस वाहन क्रमांक एम एच 23 वॉय 7923 जो चीचटोला में खड़ी मिली जिसे खोलकर देखने पर कुल 12 नग गौवंश बैल क्रुरता पूर्वक भरे पाये पाये, वाहन के कैबिन से एक मोबाईल जप्त किया गया है। उक्त प्रकरण में आरोपी अनेक उर्फ अनिल नागेश्वर निवासी चीचटोला व एक अन्य का कृत्य मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4,6,9 एवं पशुओं के प्रति क्रुरता निवारण अधियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध क्रमांक 87/25 के अन्तर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस पूरे प्रकरण 12 नग गौवंश के अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त एंबुलेंस, मोबाईल जुमला कीमत करीब 11 लाख रूपये जप्त कर अभिरक्षा में लिया गया है। इस पूरे प्रकरण में सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी लांजी बीभेन्द्रु व्यंकट टांडिया, उपनिरीक्षक संजय किरार, आरक्षक संजय भंजेकर, चेतन सोनी, आशुतोष सिंह, दिलीप यादव एवं आरक्षक जय सुर्या वर्मा सहित अन्य पुलिस बल की प्रमुख भूमिका रही।

# पहलगाम की घटना को लेकर आज लांजी बंद

## व्यापारी संगठन, विश्व हिन्दू परिषद, सकल हिन्दू समाज ने किया बंद का आव्हान

लांजी (पद्मेश न्यूज)। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा कायराना हरकत करते हुये 26 टूरिस्टों को उनका धर्म पूछकर गोली मार दी गई। इस नंपुसक कायराना हरकत के विरोध में लगातार विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये जा रहे है साथ ही गांव शहर, व्यापार बंद रखकर



विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। भारत इस कायराना हरकत को कभी भी नही भूलेगा और ऐसा बदला लेगा कि हमेशा पाकिस्तानी आतंकवादी इस कायराना हरकत को याद रखेंगे। इसी विरोध प्रदर्शन के अन्तर्गत आज 26 अप्रैल को विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड लांजी, सकल हिन्दू समाज एवं व्यापारी संगठन लांजी ने संपूर्ण लांजी क्षेत्र बंद का आव्हान सुबह 8 बजे से किया है। आपके द्वारा अपील की गई है उक्त घटना के विरोध में अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रख इस बंद का समर्थन करे अधिक से अधिक सकल हिन्दू समाज सुभाष चौक बस स्टैण्ड लांजी में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करे।

# अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने की आतंकी हमले की निंदा

लांजी (पद्मेश न्यूज)।अंजुमन इस्लामिया कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद रफीक ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में कई निर्दोष लोगों की जान गई जिसमें विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। मीडिया को जारी एक बयान में मोहम्मद रफीक ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक और आक्रोश व्यक्त किया और त्वरित न्याय की मांग की । मोहम्मद रफीक ने कहा हम पहलगाम में मंगलवार को हुए घातक आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं इस हमले में निर्दोष लोगों की जिसमें विदेशी पर्यटक भी शामिल है मौत अत्यंत दुखद है। हमारी संवेदनाएं और दुआएं पीड़ितो और उनके शोकाकुल परिवारों के साथ है। इस तरह की बर्बरता का कोई औचित्य नहीं हो सकता यह पूरी तरह अमानवीय कृत्य



है और इसकी स्पष्ट और सख्त निंदा की जानी चाहिए। जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। इसी के साथ 26 अप्रैल को होने वाले बालाघाट जिला बंद का भी अंजुमन इस्लामिया अध्यक्ष मोहम्मद रफीक ने पूर्ण समर्थन किया है। पूरे मुस्लिम समाज एवं कमेटी की तरफ से बंद का समर्थन करते है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# इंदौर की पाकिस्तान पर 'बिजनेस स्ट्राइक' कारोबार बंदी का ऐलान

इंदौर। पहलगाम हमले के बाद भारत पाकिस्तान पर एक के बाद एक कड़े फैसले लेने की तैयारी में है। वहीं मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी से भी पाकिस्तान के बहिष्कार की खबरें सामने आ रही हैं। दरअसल, इंदौर के थोक ड्राई फ्रूट बाजार ने पाकिस्तान के साथ अपने व्यापारिक संबंध खत्म करते हुए ड्राई फ्रूट एक्सपोर्ट पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। व्यापारियों ने बताया कि इंदौर से 50 से 100 करोड़ रू के ड्राई फ्रूट, शक्कर व अन्य किराना सामग्री पाकिस्तान निर्यात की जाती थी, जिसे इंदौर के व्यापारियों ने रोक दिया है। व्यापारियों के मुताबिक उनके उत्पाद खरीदने वाले कई अन्य देश भी हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 बेगुनाह लोगों की हत्या को लेकर देश भर में जबरदस्त आक्रोश है। पाकिस्तानी आतंकवादियों की गोलीबारी में इंदौर के रहने वाले सुशील कुमार नथानियाल की भी मौत हो गई। वहीं उनकी बेटी को भी पैर में गोली लगी। इसके बाद से ही पूरे इंदौर शहर और खासतौर पर व्यापारिक क्षेत्र में काफी आक्रोश है। गुरुवार को शहर के चाय व्यापारी एसोसिएशन ने अपने व्यापार व्यवसाय बंद रखे। इसके बाद पाकिस्तान को भेजे जाने वाले सभी तरह के उत्पाद और खासतौर पर ड्राई फ्रूट, शक्कर व अन्य सामग्रियों पर रोक लगा दी गई है।गौरतलब है कि ड्राई फ्रूट्स के मामले में अमेरिका सबसे बड़ा उत्पादक है, विशेष रूप से कैलिफोर्निया में पिस्ता, बादाम और अखरोट का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है।

**इंदौर से 50 से 100 करोड़ के उत्पाद भेजे जाते थे पाकिस्तान व्यापारी बोले अब और नहीं**

### जो पाक से आता है वह दूसरे देश से मंगाएंगे



उत्पादों पर रोक लगाने का फैसला शहर के सबसे बड़े ड्राई फ्रूट मार्केट श्री मारोठिया बाजार व्यापारी एसोसिएशन ने लिया है। संगठन के अध्यक्ष विशाल शर्मा के मुताबिक, 5 करोड़ रू से ज्यादा का ड्राय फ्रूट तो केवल हमारे यहां से ही जाता है, पूरे इंदौर से करोड़ों का माल भेजा जाता है। इंदौर के मारोठिया बाजार से हर महीने करीब 50 से 100 करोड़ रुपए का व्यापार होता है, जिसके तहत इंदौर से ही पाकिस्तान के लिए शक्कर, काजू, अखरोट और बादाम का निर्यात होता है। हालांकि, पाकिस्तान से सीमित मात्रा में सेंधा नमक, खजूर और केसर आती है जो पाकिस्तान के अलावा अन्य देश से आयात होगी। अखरोट, खजूर और केसर के लिए भारत पाकिस्तान पर निर्भर नहीं है, क्योंकि इनमें से कई चीजें खासतौर पर केसर कश्मीर में ही मिल जाती है। इशके अलावा भारत इसका 95 प्रतिशत आयात अन्य देशों से करता है। इंदौर मारोठिया बाजार ड्राई फ्रूट संगठन के मुताबिक फिलहाल अखरोट कश्मीर के अलावा चिली और कैलिफोर्निया से आ रहा है जबकि केसर ईरान से कश्मीर से बुलाया जा रहा है।

यह पहला मौका है जब देश के किसी शहर के बाजार ने सीधे तौर पर अपने यहां आने वाला माल पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया है। श्री मारोठिया बाजार व्यापारी एसोसिएशन के अलावा अब ऐसा ही विचार सियागंज व्यापारी एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। वहीं, मल्हारगंज व्यापारी एसोसिएशन में भी इस बात की चर्चा है कि मारोठिया बाजार की तरह ही जो बाजार पाकिस्तान के सप्लाई करने वाले हर जरूरत के उत्पादों पर रोक लगा रहा है। इंदौर के अन्य बाजार भी जल्द इस दिशा में फैसला लेंगे। गौरतलब है पुलवामा हमले के बाद भी भारत सरकार ने पाकिस्तान इंपोर्ट की जाने वाली खजूर पर 200% ड्यूटी लगाई थी। इसके बाद भारी भरकम ड्यूटी से बचने के लिए खाड़ी देशों के रास्ते इंदौर में पाकिस्तानी खजूर (खारक) पहुंच रही थी। वहीं अब पाकिस्तान से इंपोर्ट किए जाने वाले अन्य उत्पादों को भी रोक दिया गया है, जिससे पाकिस्तान को तगड़ा झटका लगेगा।

**विवादों में दो पुलिस कप्तान**

## कटनी एसपी की केंद्रीय गृह मंत्रालय से शिकायत, शिवपुरी SP पर MLA के गंभीर आरोप

भोपाल

इन दिनों दो जिलों के पुलिस अधीक्षक विवादों में आ गए हैं। कटनी एसपी अविजीत कुमार रंजन पर पिछले कुछ महीनों से लगातार आरोप लग रहे हैं। वहीं शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौर के खिलाफ सत्ताधारी दल के एक विधायक ने गंभीर आरोप लगा दिए हैं। खासबात यह है कि दोनों ही पुलिस अधीक्षक वर्ष 2014 बैच के आईपीएस अफसर हैं। रंजन की शिकायतें पुलिस मुख्यालय से लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय तक हो चुकी हैं।

**शिवपुरी जिले के पिछोर के विधायक प्रीतम लोधी ने आरोप लगाया है कि पुलिस अधीक्षक उनके मोबाइल फोन की रिकॉर्डिंग करवा रहे हैं।**

शिवपुरी जिले के पिछोर के विधायक प्रीतम लोधी ने आरोप लगाया है कि पुलिस अधीक्षक उनका मोबाइल फोन की रिकॉर्डिंग करवा रहे हैं, मुझे डेढ़ साल हाथ जोड़ते-जोड़ते हो गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने एसपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे बोलते हैं कि पिछोर का टिकट मेरे हाथ में है, यह राजनीति कब से करने लगे।

इधर कटनी एसपी अविजीत कुमार रंजन की पिछले कुछ महीनों से लगातार शिकायतें हो रही है। पुलिस मुख्यालय से लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय तक उनकी शिकायतें हो चुकी है। हाल ही में जनसुनवाई में भी एसपी कटनी की शिकायत हुई। इससे पहले भी पुलिस मुख्यालय में उनकी शिकायतें की गई। वहीं उनके खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी शिकायत हुई। यह शिकायत अब केंद्रीय गृह सचिव को भेजी जा चुकी है।

**जिलों में नहीं हो पा रही फरियादियों की सुनवाई**

# 1300 लोग हर महीने शिकायत लेकर पहुंच रहे PHQ, भोपाल टॉप पर




भोपाल

मध्य प्रदेश में पुलिस फरियादियों की कितनी सुनती हैं, उनकी आवेदन पर कितनी सक्रियता से काम करती है। इसकी पोल इस हकीकत से खुलती है कि जिलों में पुलिस से न्याय नहीं मिल पाने के चलते हर दिन 43 लोगों को पुलिस मुख्यालय तक आना पड़ रहा है, यह अपनी फरियादी यहां पर पहुंचाना पड़ रही है। पुलिस के आला अफसर इन शिकायतों पर गंभीरता से जांच और विचार करते हुए, उन्हें निराकृत करते हुए संबंधित जिलों को अग्रिम कार्यवाही के लिए निर्देशित कर रहे हैं।

प्रदेश में पिछले साल ऐसा ही आंकड़ा सामने आया है। प्रदेश भर से 15 हजार 776 शिकायतें पुलिस मुख्यालय की शिकायत शाखा में आम लोगों की पहुंची हैं, जिनकी स्थानीय पुलिस और अफसरों ने नहीं सुनी। जिलों में अपनी फरियाद की सुनवाई न होती देख इन्हें पुलिस मुख्यालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। इनमें से 12 हजार 255 आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित जिले की पुलिस को पुलिस मुख्यालय से निर्देशित किया गया। इनमें से 15068 आवेदनों का निराकरण पुलिस मुख्यालय के अफसरों द्वारा कर दिया गया।

### इंदौर जिले से 1196 आवेदन

जब इनको जिला अनुसार छांटा गया तब पता चला कि भोपाल जिले से संबंधित यहां पर सबसे ज्यादा आवेदन पहुंचे हैं। भोपाल नगरीय पुलिस और भोपाल ग्रामीण पुलिस के मिलाकर 15 सौ 17 आवेदन पुलिस मुख्यालय पहुंचे हैं। इंदौर जिले से संबंधित एक हजार 196 आवेदन पुलिस मुख्यालय पहुंचे। मुख्यालय ने इनमें से 989 आवेदनों को आवश्यक कार्यवाही के लिए जिले में भेजा। इसी तरह ग्वालियर से संबंधित 1153 आवेदन पुलिस मुख्यालय पहुंचे। इनमें से 1055 आवेदनों का पुलिस मुख्यालय स्तर पर निराकरण कर दिया गया है। इसी तरह सागर जिले से 618, रीवा जिले से 455, सतना जिले से 486, जबलपुर जिले से संबंधित 497 आवेदन यहां पर पहुंचे हैं।

### थाना पुलिस को और संवेदनशील होना होगा

जब थाना स्तर पर फरियादी की सुनवाई नहीं होती तो वह जिलों के उच्च अफसरों के पास जाता है। वहां से भी जब संतुष्ट नहीं होता तब वह पीएचक्यू अपनी फरियाद लाता है। सीएम हेल्प लाइन में भी थाना पुलिस को एल वन की श्रेणी में रखा गया है, यानि थाना पुलिस को सबसे पहले फरियादी को संतुष्ट करना होगा। यह महसूस लगातार प्रयास किया जा रहा था कि थाना पुलिस और संवदेनशील हो, ताकि फरियादी को तत्काल सहायता मिल सके। इस और लगातार प्रयास भी चल रहे हैं। जिलों के अफसरों को भी मॉनिटरिंग बढ़ाने का कहा गया है।



डीसी सागर, एडीजी शिकायत शाखा

## पीएमश्री एयर एंबूलेंस सेवा योजना की समीक्षा करेंगे सीएम



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को एमपीएसआईडीसी के संचालक मंडल की बैठक में शामिल होंगे इसके बाद वे पीएमश्री एयर एंबूलेंस सेवा योजना की समीक्षा करेंगे। दोपहर में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सीएम मोहन यादव रीवा और रतलाम न्यायायिक विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे। शाम को वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए आईटी कॉन्क्लेव की पूर्व तैयारियों के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। शाम को समत्व भवन में वे उर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। रात्रि आठ बजे वे योद्धा स्थल पर लाइट एंड साउंड शो का लोकार्पण करेंगे।

## दिव्यांगों के शिक्षण संस्थानों में सफाई के लिए दो कर्मी होंगे तैनात

ब्यूरो, भोपाल। मध्यप्रदेश में दिव्यांगों के लिए संचालित शासकीय संस्थाओं और विद्यालयों में न तो पर्याप्त साफ-सफाई हो रही है और न ही पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय ने सभी संस्थाओं और विद्यालयों में दो सुरक्षा कर्मी और दो सफाई कर्मी आउटसोर्स से तैनात करने के निर्देश दिए है। सामाजिक न्याय विभाग की प्रमुख सचिव सोनाली वायंगणकर को शिकायत मिली थी कि प्रदेश में दिव्यांगों के लिये बीस शासकीय संस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण और समग्र पुनर्वास के साथ-साथ छात्रावास का संचालन भी किया जा रहा है। इन संस्थाओं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह जरुरी है कि संस्थाओं में पर्याप्त सफाई कर्मचारी और सुरक्षा कर्मी उपलब्ध हों।

**पंद्रह साल पुराने सरकारी वाहनों का पंजीयन नहीं**

# 3200 कारें खरीदेगी MP सरकार! पुराने वाहनों के रजिस्ट्रेशन समाप्त

भोपाल। मध्यप्रदेश में अब रजिस्ट्रेशन कराने के बाद पंद्रह साल की आयु पुरी कर चुके शासकीय विभागों, निगम मंडल, निकायों,पंचायतों, सार्वजनिक उपक्रमों और केन्द्र व राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में आने वाले स्वायत्त निकायों के सरकारी वाहनों के पंद्रह वर्ष की आयु पूरी करने के बाद रजिस्ट्रीकरण नहीं किए जाएंगे। यदि किसी विभाग ने पंद्रह वर्ष की आयु पूरी होने के पूर्व ही नवीनीकरण करा लिया है तो वह भी रद्द माना जाएगा।

मध्यप्रदेश में अधिकांश पंद्रह साल पुराने वाहन पुलिस महकमें के है। पुलिस के वाहन अधिकांशतः ज्यादा चलते है। पंद्रह वर्ष में ये अपनी आयु पूरी कर चुके होते है। नवीन वाहनों का पंजीयन केवल पंद्रह वर्ष के लिए होता है और पंद्रह वर्ष बाद वाहन के पंजीयन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार जिन शासकीय वाहनों की आयु पंद्रह वर्ष पूरी हो चुकी है अब उन वाहनों के पंजीयन का नवीनीकरण नहीं किया जा सकता है। ऐसे सभी वाहनों का निपटान आरवीएसएसएफ के माध्यम से कराया जाना अनिवार्य है। शासकीय वाहनों को अनुपयोगी घोषित करने के लिए गृह विभाग ने प्रक्रिया और समिति के गठन और अधिकार तय किए है। परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह ने इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी किए है कि पंद्रह वर्ष की आयु पूरी कर चुके वाहनों का पंजीयन नवीनीकरण नहीं होगा उन्हें स्क्रैप किया जाए। आरवीएसफ के माध्यम से पंद्रह वर्ष से पुराने शासकीय वाहनों को स्क्रैप करने के लिए प्रत्येक विभाग प्रदेश स्तरीय, संभाग स्तरीय अथवा जिला स्तरीय समिति गठित कर इस प्रक्रिया का पालन कर रिजर्व प्राईज निर्धारित करेगा। ऐसे वाहनों को एमएसटीसी या जैम पोर्टल के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा का कहना है कि पंद्रह वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों का पंजीयन निरस्त करने और उनके पंजीयन का नवीनीकरण नहीं करने के संबंध में आदेश जारी किये जा चुके है। ऐसे सभी वाहनों का निपटान आरवीएसफ सेंटर के माध्यम से विभाग नोडल अधिकारी की तैनाती कर करा सकेंगे। ऐसे वाहनों को एमएसटीसी या जेम पोर्टल पर दर्ज कर परिवनह विभाग को उनकी सूची भी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

## विनोद मिल उज्जैन के कर्ज प्रकरणों का एकमुश्त निराकरण करने ओटीएस लागू

भोपाल

विनोद मिल उज्जैन के संचालन के लिए लिए गए सभी प्रकार के ऋण प्रकरणों का एकमुश्त निराकरण करने राज्य सरकार ओटीएस लागू कर रही है। इसके लिए प्रमुख सचिव एमएसएमई की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर दी गई है। इस समिति में एमएसएमई के आयुक्त सदस्य सचिव होंगे और वित्त विभाग, राजस्व विभाग, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभ्पााग, विधि विभाग, ग्राम तथा नगर निवेश विभाग के प्रतिनिधि, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के प्रतिनिधि सदस्य होंगे। विषय विशेष विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। ऋण वसूली अभिकरण जबलपुर द्वारा विनोद मिल उज्जैन से संबंधित ऋण प्रकरणों में दिए गए एकमुश्त निराकरण के क्रम में यह समिति बैंक द्वारा प्रस्तुत दावे का परीक्षण कर प्रकरण में अंतिम निराकरण हेतु अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करेगी। इस तरह विनो मिल उज्जैन के सभी कर्ज के मामलों में वन टाईम सेटलमेंट के जरिए कर्ज प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।




**वैरिफिकेशन के बाद ही मिलेगी प्रवेश देने की अनुमति**

# निजी कॉलेजों पर शिकंजा 9 मई तक प्रोफाइल का ऑनलाइन सत्यापन जरूरी

भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के अनुदान प्राप्त अशासकीय और अन्य अशासकीय महाविद्यालयों पर शिकंजा कस दिया है। सभी महाविद्यालयों को 9 मई तक महाविद्यालय की प्रोफाइल ऑनलाइन सत्यापित कराना होगा। एनसीटीई पाठ्यक्रामें से संबंधित प्रोफाइल विश्वविद्यालय द्वारा सत्यापन के बाद उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय स्तर पर गठित समिति के दस्तावेजों के परीक्षण के बाद पात्र महाविद्यालयों को ही सत्र 25-26 की प्रवेश प्रक्रिया के लिए महाविद्यालय प्रवेश पोर्टल से सम्बद्ध किया जाएगा। उच्च शिक्षा आयुक्त ने सभी कुल सचिवों, शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय, निजी अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो और एनसीटीई के पाठयक्रम संचालन करने वाली सभी संस्थाओं के प्राचार्यो और संचालकों को सत्र 25-26 में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया की पूर्व तैयारी के लिए महाविद्यालय की प्रोफाइल अद्यतन और सत्यापन कराने के निर्देश दिए है। प्राचार्य संबंधी स्थान संबंधी, मोबाइल नंबर, बैंक की जानकारी संशोधित की जा सकेंगी। 25-26 में स्वीकृत नवीन संकाय, विषय, डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों की जानकारी अद्यतन करना अनिवार्य है। एनसीटीई पाठयक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालय को एनसीटीई से जारी मान्यता संबंधित विवि द्वारा जारी सम्बद्धता प्रमाणपत्र और प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति द्वारा सत्र 25-26 हेतु निर्धारित शुल्क की प्रमाणित प्रति अपलोड करना होगा। संस्था में संचालित स्वीकृत सर्टिफिकेट कोर्स को भी ऑनलाईन पोर्टल पर अद्यतन करना अनिवार्य होगा। प्रोफाइल उच्च शिक्ष संचालनालय ऑनलाईन सत्यापित करेगा। ई प्रवेश प्रक्रिया के लिए सत्यापन के बाद ही ई पोर्टल से सम्बद्ध किया जाएगा।

**26- 27 को दो दिवसीय राष्ट्रीय मिड टर्म सीएमई**

# सुसाइड क्यों हो रहीं और कैसे रोकें, भोपाल में मंथन

भोपाल

देशभर में लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति कयों बढ़ रही है? इसका क्या समाधान और इसके लिए क्या चुनौतियां है? इस विषय पर मंथन करने कल से राजधानी में देशभर के मनोचिकित्सक साथ जुटेंगे।

भारतीय मनोचिकित्सक संघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 26 और 27 अप्रैल को राजधानी भोपाल में होने जा रहा है । आयोजन समिति के चेयरमैन और प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आर. एन .साहू ने मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल मिड टर्म उटए प्रोग्राम के अंतर्गत समाज और देश की ज्वलंत एवं सामयिक समस्या बन चुकी आत्महत्या प्रवृति को लेकर देश के जाने माने मनो चिकित्सक अपने विचार व्यक्त करेंगे । नेशनल मिड टर्म सीएमई में देश के जाने-माने मनोरोग विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही विदेश से भी मानसिक रोग विशेषज्ञ भी इसमें सम्मिलित होंगे। डॉ . आर. एन. साहू के अनुसार आजकल आत्महत्या की प्रवृत्ति बहुत ज्यादा लोगों में बढ़ती जा रही है, जो सभी उम्र के लोगों में पाई जाती है। डॉ साहू का कहना है कि 14 से 24 साल के युवाओं में यह समस्या बहुत तेजी से बढ़ी है और मौत का तीसरा कारण बन गई है। इस समस्या की रोकथाम एवं इसके कारण को जानने और भविष्य के लिए ऐसा कार्यक्रम बनना चाहिए,जिससे हम बच्चों को इस आत्मघाती कदम से बचा सके। साथ ही समाज को और स्वस्थ बना सके। यह एक बहुत ही सामायिक और ज्वलंत विषय है। जिसके लिए हमें सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा । जैसा कि सब जानते हैं कि पूरे विश्व में 72 000 लोग हर साल सुसाइड करते हैं। हर दसवें सेकंड में एक व्यक्ति सुसाइड करता है। 15 से 29 साल की उम्र में मौत का यह नंबर तीसरा कारण बन गया है। यह भी बताना उचित होगा कि 73 प्रतिशत सुसाइड उन देशों के लोग करते हैं जो कि लोअर और मिडिल इनकम ग्रुप के देश है।



# आईपीएल में आज होगा केकेआर और पंजाब किंग्स का मुकाबला

कोलकाता। पंजाब किंग्स की टीम शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर जीत के इरादे से उतरेगी। आईपीएल के इस सत्र में अब तक पंजाब का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर सहित खिलाड़ी अच्छे फार्म में हैं जिससे वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। वहीं दूसरी और अपने घरेलू मैदान पर खेल रही केकेआर का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। उसके गेंदबाज और बल्लेबाज लय में नहीं है , इसके अलावा घरेलू मैदान पर भी उसे अब तक चार में से एक ही मैच में जीत मिली है। पंजाब की टीम ने अब तक पांच मैच जीते हैं और वह अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। वहीं सातवें स्थान पर चल रही केकेआर को प्लेऑफ में बने रहने के लिए छह में से पांच मैच हर हालत में जीतने होंगे। केकेआर के मध्यक्रम के बल्लेबाज आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप लय में नहीं हैं जिससे टीम में बदलाव करना पड़ सकता है। अब वह रोवमैन पॉवेल को उतार सकती है। इस मैच में केकेआर के बल्लेबाजों के के



लिए पंजाब के गेंदबाजों अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल का सामना करना आसान नहीं होगा। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को अब हर मैच में बेहतर खेलना होगा। उन्हें चहल से सावधान रहना होगा। इस मैच में केकेआर की गेंदबाज हर्षित राणा का सामना पंजाब के बल्लेबाज किस प्रकार करते हैं ये देखना होगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो मैच में केकेआर को जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**पंजाब किंग्स**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, प्याला अविनाश।

**कोलकाता नाइट राइडर्स** -अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकरिया।

# क्रूणाल पांड्या को खरीदना फायदेमंद रहा-फ्लावर

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें खरीदे जाने का फैसला सही साबित हुआ है। फ्लावर ने कहा है कि इस सत्र में अब तक क्रुणाल ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पूरे सत्र में बीच के ओवरों में क्रुणाल का अहम योगदान रहा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दूसरी पारी में क्रुणाल ने अपनी विविधताओं के बल पर विरोधी टीम को लक्ष्य हासिल नहीं करने दिया। क्रुणाल ने अपनी पहली ही गेंद पर राजस्थान के कार्यकारी कप्तान रियान पराग को आउट करके उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। फ्लावर ने मैच के बाद कहा, नीलामी में क्रुणाल हमारे लिए बहुत काफी अहम पसंद थे। हमें उनकी हरफनमौला क्षमताएं पसंद आईं और उनका अनुभव भी। उन्हें आईपीएल में कप्तानी का अनुभव होने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का भी अनुभव है। उनमें जोश भी है और मुझे यह वाकई पसंद है। फ्लावर ने टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए स्पिन गेंदबाजी कोच मालोलन रंगराजन को श्रेय दिया, जिन्होंने क्रुणाल के साथ मिलकर काम किया है और अलग-अलग रणनीति तैयार की है जिसे 34 वर्षीय खिलाड़ी सफलता हासिल करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने हमारे स्पिन कोच के साथ अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन ऑल-राउंड कोच हैं।



# अरशद को आमंत्रण मामले में नीरज ने दी सफाई

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा क्लासिक जेवलिन थ्रो इवेंट में पाकिस्तान के स्टार भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम को दिये आमंत्रण के कारण प्रशंसकों के निशाने पर आ गये हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कुछ लोगों ने नीरज के इस आमंत्रण पर सवाल उठाये हैं। नीरज ने हालांकि ये आमंत्रण आतंकी हमले की घटना के पहले दिया था। इस मामले में आलोचना के बाद अब नीरज ने सोशल मीडिया के जरिये अपना जवाब दिया है। नीरज ने सोशल मीडिया में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उन्होंने लिखा, मैं आमतौर पर कम बोलने वाला व्यक्ति हूं पर इसका मतलब यह नहीं है कि मैं जो गलत समझता हूं उसके खिलाफ नहीं बोलूंगा। खासकर तब जब बात हमारे देश के प्रति मेरे प्यार और मेरे परिवार के सम्मान और प्रतिष्ठा पर सवाल उठाने की हो। अरशद को क्लासिक प्रतियोगित में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित करने के मेरे फैसले के बारे में बहुत चर्चा हुई है, और इसमें अधिकांश में नफरत वाली बातें कही गयी हैं। उन्होंने मेरे परिवार को भी इससे बाहर नहीं छोड़ा। मैंने अरशद को जो निमंत्रण दिया वह एक एथलीट की ओर से दूसरे एथलीट को था। इससे ज्यादा कुछ नहीं था। क्लासिक का उद्देश्य



भारत में सर्वश्रेष्ठ एथलीटों को लाना और हमारे देश को विश्व स्तरीय खेल आयोजनों का घर बनाना था। ये आमंत्रण पहलगाम में आतंकवादी हमलों से दो दिन पहले ही भेजा गया था। वहीं पिछले 48 घंटों में जो कुछ भी हुआ है, उसके बाद इस प्रतियोगिता में अरशद के भाग लेने का सवाल ही नहीं उठता है। मेरा देश और उसके हित हमेशा मेरे लिए सबसे पहले रहेंगे। जो लोग अपने लोगों के नुकसान से गुजर रहे हैं, मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। पूरे देश के साथ-साथ, मैं भी जो कुछ हुआ है, उससे आहत और क्रोधित हूं। मुझे विश्वास है कि हमारे देश की प्रतिक्रिया एक राष्ट्र के रूप में हमारी ताकत दिखाएगी और न्याय मिलेगा। मैंने इतने सालों तक अपने देश को गर्व के साथ संभाला है, इसलिए मेरी ईमानदारी पर सवाल उठते देखना दुखद है।

# राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2025 से बाहर होने वाली पहली टीम बनी

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्य टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम बनी है। रॉयल्स की टीम अपने 9 वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 11 रनों से हार के साथ ही मुकाबले से बाहर हो गयी। यह रॉयल्स की इस सत्र में लगातातर पांचवीं हार है। रॉयल्स ने अभी तक आईपीएल सत्र में 9 मैच खेले हैं। जिसमें 7 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है जबकि उसके केवल 2 मैचों में ही जीत मिली है। आरसीबी से मिली हार के बाद टीम अंक तालिका में 8वें स्थान पर फिसल गयी है। रॉयल्स को



अब इस सीजन में अब बचे हुए पांच मुकाबले गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं। अगर वह ये सभी मुकाबले जीत भी जाती है तो अधिक से अधिक 4 अंकों तक ही पहुंच सकेगी। जिस तरह से शीर्ष चार से पांच टीमों के अंक हैं। ऐसे में साफ है कि 14 अंकों के साथ कोई टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर पाएगी। हालांकि अगर राजस्थान इतने अंकों तक पहुंचने में सफल रहती है तो भी उन्हें दूसरी टीमों के परिणामों पर आधारित रहना होगा।

# चेन्नई ने हैदराबाद को 155 रन का टारगेट दिया

चेन्नई। IPL 2025 के 43वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) 155 रन का टारगेट दिया है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में हैदराबाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। चेन्नई 19.5 ओवर में 154 रन पर ऑलआउट हो गई। श्ट्रस्य से डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। वहीं SRH से हर्षल पटेल ने 4 विकेट झटके। हैदराबाद ने 12 ओवर के बाद 4 विकेट के नुकसान पर 90 रन बना लिए हैं। कामिंडू मेंडिस और अनिकेत वर्मा क्रीज पर हैं। हैदराबाद से ईशान किशन 44, हेनरिक क्लासन 7, ट्रैविस हेड 19 और अभिषेक शर्मा खाता भी नहीं खोल सके।



# एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट के लिए ओलंपिक की तरह -स्टीव वॉ

सिडनी। टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बाद पिछले कुछ साल में एक दिवसीय क्रिकेट का आकर्षण घटा है। ऐसे में एकदिवसीय क्रिकेट के भविष्य पर भी सवाल उठने लगे है। जहां कई दिग्गजों का मानना है की आने वाले समय में एकदिवसीय क्रिकेट प्रासंगिक नहीं रहेगा। वहीं दूसरी ओर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव वॉ का मानना है कि एकदिवसीय प्रारुप का महत्व आगे भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट के लिए ओलंपिक के समान है। वॉ ने माना है कि छोटे प्रारूपों के बढ़ते दबाव से इसपर प्रभाव पड़ा है लेकिन इसके बाद भी 2023 विश्व कप भारी तादाद में लोगों ने देखा था। उन्होंने कहा कि हर किसी को लगता है कि एकदिवसीय क्रिकेट नहीं बचेगा पर सच ये है कि इसकी रेटिंग काफी ऊंची है और उसे लोग पसंद करते हैं। विश्व कप के बाद फिर इसमें रूचि कम हो जाती है और फिर बढ़ती है। यही हालात



बने रहते हैं। वॉ ने कहा कि हम इस समय तीनों प्रारूपों में जैसे तैसे संतुलन देख रहे हैं। फिर टी10 का भी दबाव है जिससे चार प्रारूप हो सकते हैं। पता नहीं कैसे चलेगा पर अभी तो चल रहा है। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट के लिए अहम है। यह ओलंपिक की ही तरह है। हर चार साल में विश्व कप खेलना। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक में सौ से अधिक साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी। सभी टेस्ट खिलाड़ियों के लिए समान मैच फीस की वकालत करते हुए वॉ ने कहा कि टेस्ट मैच खेलने वाले हर खिलाड़ी को समान पैसा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी कोई नहीं सुनता लेकिन मैंने 1999 में एक लेख में यह बात कही थी। टेस्ट मैच में मैच फीस समान होनी चाहिए। विश्व क्रिकेटर्स संघ के एक हालिया अध्ययन में कहा गया है कि वैश्विक क्रिकेट राजस्व का 38.5 प्रतिशत बीसीसीआई को मिलता है। इसमें व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम पर भी बात की गई है जिससे खिलाड़ियों का कार्यभार प्रबंधन मुश्किल हो रहा है।

# पाक के साथ क्रिकेट संबंधों को लेकर सरकार की सलाह मानेगा बीसीसीआई-राजीव शुक्ला



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंधों को लेकर जो भी सरकार का फैसला होगा वह उसे मानेगा। पहलगाम में आतंकियों के हमले के बाद से ही दोनो देशों के बीच तनाव बढ़ गया है और ऐसे में मांग की जा रही है कि पाक के साथ किसी भी स्तर पर न खेला जाये। अभी दोनो देश केवल आईसीसी इवेंट्स में ही खेलते हैं। बीसीसीआई उपाध्यक्ष शुक्ला ने कहा है कि बोर्ड सरकार की सलाह मानेगा हालांकि उन्होंने कहा कि आईसीसी और एसीसी इवेंट में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखने को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। गौरतलब है कि एशिया कप और महिला एकदिवसीय विश्वकप कप में दोनो देशों के खेलने को लेकर भी अब सवाल उठ रहे है। वहीं एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) इस मामले में क्या फैसला करती है देखना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण अब हालात बदल गये हैं। इसी कारण माना जा रहा है कि बीसीसीआई ने आईसीसी से अपील की है कि वे भारत और पाकिस्तान को आगे होने वाले बड़े टूर्नामेंट्स में एक ही ग्रुप में न रखा जाए। गौरतब है कि किसी भी बड़े इवेंट में भारत-पाकिस्तान के मैच से क्रिकेट बोर्ड को बहुत फायदा होता है। ऐसे में अगर ये दोनों टीमें एक ग्रुप में नहीं रहे तो आयोजकों को नुकसान होता है। हालांकि दोनो को एक ही ग्रुप में नहीं रखने को लेकर आ रही रिपोर्टों को लेकर शुक्ला ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड इस मामले में सरकार की सलाह पर ही चलेगा। इसका मतलब साफ है कि जो सरकार का निर्णय होगा वही बीसीसीआई करेगा। वहीं एक अधिकारी ने कहा है उन्हें भारत-पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में नहीं रखने की कोई जानकारी नहीं है। इसका मतलब है कि अभी तक यह तय नहीं है कि भारत और पाक को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा या नहीं।

# क्रिकेट में किसे कहते हैं डबल हैट्रिक ?

मुम्बई। क्रिकेट में कुछ ऐसे बातें हैं जिनके बारे में काफी कम लोगों को जानकारी है। इसी में एक डबल हैट्रिक भी है। हैट्रिक का मतलब जहां लगातार तीन विकेट लेना है। वहीं डबल हैट्रिक को लेकर लोग अंदाजा लगाते हैं



कि इसमें 6 विकेट होंगे पर ऐसा नहीं है। क्रिकेट में डबल हैट्रिक तब कहा जाता है जब कोई गेंदबाज लगातार तीन से ज्यादा विकेट ले ले। कोई गेंदबाज लगातार 4 गेंद पर 4 विकेट हासिल करता है तो उसे डबल हैट्रिक कहा जाता है। क्रिकेट इतिहास में बहुत ही कम ऐसे गेंदबाज हुए हैं जिन्होंने डबल हैट्रिक ली है। इसका कारण है कि किसी भी गेंदबाज के लिए अपने ओवर में बिना किसी वाइड, नो बॉल के लगातार चार विकेट लेना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि होती है। वहीं डबल हैट्रिक की बात करें तो अंतरराष्टी क्रिकेट में श्रीलंका के महान तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा और बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने यह उपलब्धि हासिल की है। मलिंगा ने साल 2007 एकदिवसीय विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में लगातार चार गेंद पर चार विकेट लेकर इतिहास रचा था। इसके अलावा बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने घरेलू लीग मैच में लगातार 4 गेंद 4 विकेट लेकर ये कारनामा किया था।

# इरफान पठान बोले, आरसीबी का ही कोई खिलाड़ी तोड़ेगा गेल का रिकार्ड

मुम्बई। भारतीय टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल का सबसे बड़े स्कोर 175 रनों का रिकार्ड टूट सकता है। पठान ने कहा है कि ये रिकार्ड आरसीबी का ही कोई खिलाड़ी तोड़ेगा हालांकि उन्होंने बल्लेबाज का नाम नहीं बताया है। आईपीएल में अब तक कई नये रिकार्ड बने हैं और टूटे हैं पर गेल का साल 2013 में बनाया ये रिकार्ड ऐसा है जो एक दशक से भी अधिक समय से बना हुआ है। गेल अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने टी-20 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 66 गेंद पर 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। उस समय गेल आरसीबी के लिए खेलते थे। गेल



के टी20 करियर में 463 मैचों में 14,552 रन शामिल हैं। गेल के अलावा दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज ब्रैंडन मैकुलम है, जिन्होंने 2008 में रॉयल चैलैंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 73 गेंदों में नाबाद 158 रन बनाये। इस सत्र में सत्र में 141 रनों की पारी खेलकर अभिषेक शर्मा सबसे अधिक रनों की पारी के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं चौथे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक है जिन्होंने 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 70 गेंदों में 140 रन की नाबाद पारी खेली थी। इस सूची लिस्ट में पांचवें नंबर पर आरसीबी के पूर्व खिलाड़ी एबी डिविलयर्स हैं, जिन्होंने 2015 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 गेंदों में नाबाद 133 रन बनाये थे जबकि छठे नंबर पर केएल राहुल हैं, जिन्होंने पंजाब किंग्स के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 69 गेंदों में नाबाद 132 रन बनाए थे।

# यशस्वी ने तीन मैचों में पहली ही गेंद पर छक्का लगाने का रिकार्ड बनाया

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। अब यशस्वी तीन आईपीएल मैचो में पहली ही गेंद पर छक्का लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये हैं। इस सूची में विराट कोहली और मयंक अग्रवाल का नाम भी है। अब तक अब तक कुल मिलाकर आठ बल्लेबाजों ने आईपीएल मैच की पारी की पहली गेंद पर ही छक्का मारा है पर यशस्वी ही एकमात्र क्रिकेटर हैं जिन्होंने यह कारनामा तीन बार किया है। आरसीबी के खिलाफ पारी की



शुरुआत करने आए यशस्वी ने 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भुवनेश्वर कुमार की पहली गेंद पर बड़ा छक्का मारा। यशस्वी ने पहले भी दो मैच में पहली गेंद पर ही छक्का लगाया था। अब तीसरी बार यह कमाल कर उन्होंने बाकी बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। वहीं नमन ओझा ]मयंक अग्रवाल, सुनील नरेन, विराट कोहली, रॉबिन उथप्पा, फिल साल्ट और प्रियांश आर्या ने भी एक बार पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार 5वीं हार मिली जिससे उसके प्लेऑफ की राह अब कठिन हो गई है। आरसीबी के खिलाफ 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 9 विकेट पर 9 विकेट पर 194 रन ही बना पाई। इस हार के बाद अब राजस्थान के प्लेऑफ की उम्मीदें तकरीबन समाप्त खत्म हो गई हैं। 9 मैच खेलने के बाद उसे 7 में हार मिली है। जिससे वह अंक तालिका में 8वें नंबर है।

# नगर पालिका ने नगर के वॉशिंग केंद्रों पर की ताबड़तोड़ कार्यवाही

## 10 से ज्यादा कनेक्शन काटे, 2 से वसूला जुर्माना, जल संकट की स्थिति में जल के अपव्यय को रोकना अनिवार्य

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले में इन दिनों जल संकट की स्थिति बनी हुई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है। वहीं इन दिनों वैनगंगा नदी के जलस्तर में भी लगातार गिरावट हो रही है। साथ ही ग्रीष्मकाल के दो महीने अभी शेष है। ऐसे में शहरवासियों को जल की बचत करने के लिये जागरूक किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा वॉशिंग केंद्रों को भी सूचित कर जल की बर्बादी रोकने की हिदायत दी गई थी। इसके बावजूद नगर के वॉशिंग केंद्रों द्वारा जल की बर्बादी करते पाया गया। सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया के निर्देशो पर नगरपालिका बालाघाट की जलप्रदाय एवं राजस्व शाखा की टीम ने नगर में कार्यवाही करते हुए लगभग 10 से अधिक वॉशिंग सेंटरों के कनेक्शन को विच्छेद किये गए। जबकि 2 वॉशिंग सेंटर संचालकों से जुर्माना भी वसूला गया है।

### इन पर हुई कार्यवाही

सीएमओ श्री कतरोलिया के निर्देशों के परिपालन में शहर के मैकेनिक नगर में संचालित होने वाले वॉशिंग सेंटर, काली पुतली चौक हनुमान मंदिर के पास गली में संचालित होने वाले वॉशिंग सेंटरों के अतिरिक्त फुले भवन के पास कार्यवाही करते हुए नल कनेक्शन विच्छेद किया गया है। इस पूरी कार्यवाही में लगभग 10 से अधिक वॉशिंग सेंटर शामिल है। जबकि राजस्व विभाग की टीम ने पानी का अपव्यय किये जाने पर भटेरा मार्ग के अमित सर्विसिंग सेंटर, चर्च रोड के न्यू जनता ऑटो केयर पर चालानी कार्यवाही करते हुए 800-800 रूपये का जुर्माना वसूला है।



### वॉशिंग केंद्रों को यह रखनी होगी सावधानी

सीएमओ बीडी कतरोलिया ने सख्त निर्देश दिये है कि शहर में कहीं भी जल की बर्बादी नहीं होनी चाहिये। विशेषकर टिल्लू पंप से पानी खिंचने वालों, आरओ वॉटर संचालन, वॉशिंग सेंटरों, खुले नलों से बहते पानी को रोकने, टंकियों में ओवरफ्लो पर निगरानी बरतने जैसे कार्यो पर गंभीरता से अमल करने को कहा गया है। सीएमओ ने बताया कि निरंतर यह कार्यवाही जारी रहेगी और जहां भी जल की बर्बादी के संबंध में शिकायत आएगी तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# पहलगाम बना डरगाम, जयपुर के 90 प्रतिशत पर्यटकों ने अपनी बुकिंग कैंसिल कराई

जयपुर। पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देशभर के सैलानियों के मन में डर बैठा दिया है। जयपुर से कश्मीर जाने वाले 90 प्रतिशत पर्यटकों ने अपनी बुकिंग कैंसिल कर डालीं। टूर एंड ट्रैवल इंडस्ट्री को इस हमले के बाद बड़ा झटका लगा है। जो टूरिस्ट 15 मई से 30 जून तक कश्मीर की ट्रिप बुक कर चुके थे, वे रिफंड मांग रहे हैं। जयपुर के प्रमुख टूर ऑपरेटर्स का कहना है कि पिछले 3 दिनों में बुकिंग कैंसिल कराने वालों की बाढ़ आ गई है। सैलानियों का कहना है कि वे कश्मीर की खूबसूरती के दीवाने हैं, पर जान की कीमत पर नहीं। किसी ने बताया कि हम वहां आराम करने जा रहे थे, डरने नहीं। किसी ने टिकट कैंसिल कर कहा, बर्फ शिमला में भी है, पर वहां बंदूकें नहीं चलतीं! विशेषज्ञ मानते हैं कि धारा 370 हटने के बाद कश्मीर की टूरिज्म इंडस्ट्री को नया जीवन मिला था। लेकिन हालिया हमला उन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। जयपुर के ट्रैवल एक्सपर्ट बताते हैं, हर साल हजारों सैलानी गर्मियों में कश्मीर की ओर रुख करते थे। पर अब बुकिंग्स लगभग शून्य हो चुकी हैं। टूर गाइड्स, होटल इंडस्ट्री और टैक्सी ऑपरेटर्स के लिए भी ये एक बुरी खबर है। जयपुर के ट्रैवल एसोसिएशन के सदस्यों का कहना है कि अगर हालात जल्द न सुधरे, तब पर्यटन से जुड़े हजारों लोगों की रोजी-रोटी पर असर पड़ सकता है। टूरिस्ट अब पहाड़ों की जगह समुद्र किनारे या राजस्थान जैसे लोकल टूरिज्म डेस्टिनेशन की तरफ जाने का मूड बना रहे हैं। कोई गोवा जा रहा है, कोई मनाली की बजाय माउंट आबू के बारे में सोच रहा है।

# राइस मिल में फटा ड्रायर, दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत, तीन घायल

बहराइच। यूपी के बहराइच जिले में दरगाह थाना क्षेत्र स्थित एक राइस मिल में उठे धुएं के कारण दम घुटने से शुक्रवार की सुबह पांच मजदूरों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य मजदूर अस्पताल में भर्ती हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार, राजग?िया चावल मिल के 'ड्रायर' में नमी आने के कारण धुआं उठने पर कुछ मजदूर निरीक्षण करने वहां पहुंचे लेकिन धुआं इतना अधिक था कि वे वहीं बेहोश हो गये। उन्होंने बताया कि अग्निशमन के दल ने वहां पहुंचकर मजदूरों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने पांच मजदूरों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन अन्य मजदूरों का इलाज किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉक्टर एम. एम. त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल में पांच लोग मृत अवस्था में लाये गये, जबकि तीन का इलाज जारी है। राजग?िया राइस मिल के निदेशक विनोद अग्रवाल ने बताया कि राइस मिल में लगा ड्रायर धान की नमी को सुखाने के काम आता है। यह ब?ा और ऊंचा तथा पूर्णत: स्वचालित संयंत्र है, जिसमें किसी आदमी को जाने की आवश्यकता नहीं होती। गैस और आग का भी वहां कोई इस्तेमाल नहीं होता, भाप से हवा गर्म कर धान की नमी को निकाला जाता है। उन्होंने कहा कि मशीन में कभी धुंआ नहीं होता, लेकिन आज सुबह करीब 5-6 बजे किसी मजदूर ने ड्रायर में संभवत: धुंआ देखा। उनके अनुसार, अभी यह जानकारी नहीं हो सकी है कि धुंआ उन्हें कैसे दिखलाई प?ा। अग्रवाल ने बताया कि स्टाफ से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार धुंआ देखकर एक मजदूर ने मशीन बंद की और जांच करने के लिए मशीन के अंदर चला गया। पहला मजदूर जब वापस नहीं लौटा तो एक एक करके आठ मजदूर मशीन में चले गये और बेहोश हो गये। मिल में मौजूद कर्मियों ने फौरन फायर ब्रिगेड को बुलाया, फायर ब्रिगेड व अन्य स्टाफ ने बेहोश प? मजदूरों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने भी घटना की पुष्टि करते हुए कहा ध्राजग?िया राइस मिल में आज सुबह मजदूर काम कर रहे थे और धान की नमी को सुखाने के लिए मशीन चल रही थी, उसके कारण जो धुआं निकला, उससे पांच मजदूरों की मृत्यु हो गयी। मृतकों की पहचान राजेश कुमार (26), बबलू प्रजापति (28) और गफ्फार (22) के रूप में हुई है। ये तीनों कन्नौज जिले के रहने वाले हैं, जबकि एक मृतक जहूर (60) श्रावस्ती और दूसरा बिट्टू शाह (30) मधेपुरा, बिहार का रहने वाला बताया गया है। त्रिपाठी के अनुसार, घायलों की पहचान सुरेंद्र (40) बहराइच, देवी प्रसाद (25) श्रावस्ती और सुखदेव (30) तरनतारन, पंजाब निवासी के रूप में हुई है। जिला प्रशासन ने घटना की जांच के लिए एक संयुक्त जांच दल का गठन किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि संयुक्त जांच दल में मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ), सहायक श्रम आयुक्त (एएलसी), जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक (जीएम डीआईसी) और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल किये गये हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# गुजरात ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में पाई सफलता

## मार्च 2025 में गुजरात की खुदरा मुद्रास्फीति दर केवल 2.63 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से काफी कम है

**अहमदाबाद। दुनियाभर के देशों के लिए जब महंगाई एक बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है, तब भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। केन्द्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ( सीपीआई ) पर आधारित गुजरात की वार्षिक खुदरा मुद्रास्फीति दर केवल 2.63 प्रतिशत रही है, जो राष्ट्रीय औसत 3.34 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से लगभग 0.71 प्रतिशत कम है। यह दर कई बड़े और विकसित राज्यों की तुलना में भी कम है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार 'विजन विकसित गुजरात का, मिशन जन कल्याण का' की प्रतिबद्धता के साथ राज्य के आधुनिक विकास के साथ ही, लोगों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में भी कार्य कर रही है। एक ओर जहां सरकार विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए उभरते क्षेत्रों के लिए नई नीतियां बना रही है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को स्थिर करने के लिए भी विशेष प्रयास कर रही है।**

### गुजरात के गांवों में शहरों से कम महंगाई

गुजरात सरकार ने नीतिगत उपायों के जरिए मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में सफलता पाई है। सरकार के सक्रिय प्रयासों के चलते मार्च, 2025 के लिए राज्य की मुद्रास्फीति दर 2.63 फीसदी रही है। गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति 2.61 फीसदी पर नियंत्रित रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह दर ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले कुछ अधिक यानी 2.70 फीसदी रही। ये दोनों आंकड़े राष्ट्रीय ग्रामीण औसत 3.25 फीसदी और राष्ट्रीय शहरी औसत 3.43 फीसदी की तुलना में काफी कम हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि केन्द्र व राज्य सरकार की ग्रामीण विकासोन्मुखी नीतियों के कारण राज्य के गांवों में खुदरा क्षेत्र में वस्तुएं सस्ती हुई हैं और गांवों में शहरों के मुकाबले महंगाई कम हुई है। राज्य सरकार की अनेक योजनाएं किसानोन्मुखी तथा विकासोन्मुखी हैं, जिनके कारण गांव समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

### राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहलों के चलते मुद्रास्फीति में आई गिरावट

'विकसित गुजरात से विकसित भारत' विजन के साथ आर्थिक विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहे गुजरात जैसे औद्योगिक राज्य में मुद्रास्फीति दर को काबू में रखना एक बड़ी चुनौती है। लेकिन, सरकार के राजकोषीय विवेक, आपूर्ति शृंखला में सुधार, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा, कुशल बाजार विनियमन और खाद्य मूल्य प्रबंधन के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी पहलों के चलते महंगाई दर उल्लेखनीय रूप से नियंत्रित रही है। ये आंकड़ें बताते हैं कि गुजरात ने मूल्य स्थिरता के साथ-साथ तेज आर्थिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में शानदार संतुलन साधा है।

### बड़े और विकसित राज्यों की तुलना में गुजरात का शानदार प्रदर्शन

यह गुजरात के कुशल मुद्रास्फीति प्रबंधन का ही नतीजा है कि उसने बड़े और विकसित राज्यों के मुकाबले मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने के मामले में शानदार प्रदर्शन किया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश (3.01त्न), बिहार (3.11त्न), मध्य प्रदेश (3.12त्न), राजस्थान (2.66त्न), छत्तीसगढ़ (4.25त्न), पश्चिम बंगाल (3.17त्न), कर्नाटक (4.44त्न), महाराष्ट्र (3.86त्न) और तमिलनाडु (3.75त्न) जैसे बड़े और विकसित राज्यों की तुलना में गुजरात 2.63त्न की दर के साथ मुद्रास्फीति पर काबू पाने में प्रभावी तरीके से सफल रहा है। वहीं, केरल 6.59त्न मुद्रास्फीति दर के साथ देश में सबसे अधिक महंगाई दर वाला राज्य बनकर उभरा है।

# सिक्किम में भारी बारिश से लैंडस्लाइड, 1 हजार पर्यटक फंसे

नई दिल्ली। देश भर में अभी दो तरह के मौसम देखने को मिल रहे हैं। अधिकतर राज्यों में जहां भीषण गर्मी है, तो पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश हो रही है। सिक्किम में लगातार हो रही बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुआ। इसके कारण करीब 1,000 पर्यटक फंस गए हैं। राजधानी गंगटोक से करीब 100 किलोमीटर दूर लाचेनचुंगथांग रोड पर मुंशीथांग और लेमा/बॉब में पर्यटकों की करीब 200 गाडि?ां फंसी हुई है। उनमें सवार पर्यटक एक गुरुद्वारे में ठहरे हुए हैं। लाचुंग और लाचेन तक पहुंचने वाले रास्ते बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे पर्यटकों का निकला मुश्किल हो गया है। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने शुक्रवार को देश के 25 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में ऑरेंज

# राहुल गांधी श्रीनगर में घायलों से मिलकर बोले- आतंकवाद के खिलाफ सरकार को हमारा पूरा समर्थन

श्रीनगर। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में हुए घायलों से मुलाकात की। यहां उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार जो भी कार्रवाई करेगी, उसे वे और उनकी पार्टी पूरी तरह से समर्थन करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घायलों से मुलाकात कर उनसे हाल जाना और कहा, कि इस वक्त पूरा देश एकजुटता के साथ खड़ा है और हम आतंकवाद को हराने में सफल होंगे। राहुल ने आतंकी हमले में घायल हुए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा, यह देखकर बहुत दुख होता है कि कुछ लोग कश्मीर और देश के अन्य हिस्सों में मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा यह वक्त एकजुटता दिखाने का है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को एकजुट होकर जीता जाएगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। इस बीच उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी और वे व्यक्तिगत रूप से राज्य के लोगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, कि मैं यहां यह जानने आया हूं कि क्या हो रहा है और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक आतंकी हमले की निंदा की है और आतंकवादियों के खिलाफ संपूर्ण देश ने समर्थन किया है। राहुल गांधी ने विपक्ष की ओर से भी सरकार को समर्थन देने की बात की। उन्होंने कहा, कल हमने सरकार के साथ बैठक की और संयुक्त विपक्ष ने इस आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि सरकार जो भी कार्रवाई करना चाहती है, हम उसका समर्थन करेंगे। राहुल गांधी ने इस आतंकी हमले को समाज को बांटने और भाई को भाई से लड़वाने की साजिश करार दिया और कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट हो, एक साथ खड़ा हो, ताकि हम आतंकवादियों को हरा सकें। उन्होंने कहा, आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन हम उन्हें हरा देंगे।

# 2 मई से सहरसा और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर खग?िया-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर- हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते सहरसा और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि गाडी संख्या 11015/11016 लोकमान्य तिलक-सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन लोकमान्य तिलक टर्मिनस दिनांक 02 मई से प्रत्येक शुक्रवार को तथा सहरसा से 04 मई से प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। गा?ी सं. 11015 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दिनांक 02 मई से प्रत्येक शुक्रवार को 12.00 बजे खुलकर शनिवार को 15.10 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 19.00 बजे पाटलिपुत्र, 20.30 बजे हाजीपुर, 21.28 बजे मुजफ्फरपुर, 22.50 बजे समस्तीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए रविवार को 02.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। वापसी में गा?ी सं. 11016 सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस सहरसा से दिनांक 04 मई से प्रत्येक रविवार को 04.20 बजे खुलकर 07.05 बजे समस्तीपुर, 08.35 बजे मुजफ्फरपुर, 09.55 बजे हाजीपुर, 11.15 बजे पाटलिपुत्र, 15.00 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए सोमवार को 15.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

# विपक्ष देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को खराब करने में जुटा- पासवान

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजबूती से बचाव कर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करना न केवल अनुचित है, बल्कि ये राष्ट्र विरोधी भी है। केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा, जो लोग पीएम मोदी पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। पीएम मोदी विदेश यात्रा पर थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने तुरंत प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की, उन्हें पहलगाम भेजा और अपनी यात्रा बीच में ही छोड़कर भारत लौटे। मंत्री पासवान ने बताया कि प्रधानमंत्री की त्वरित और संवेदनशील प्रतिक्रिया को उनकी नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने दो टूक कहा कि विपक्ष देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को खराब करने में जुटा है। उन्होंने साफ कहा कि मधुबनी में हुआ कार्यक्रम कोई चुनावी रैली नहीं थी। बल्कि गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करने का मौका था। केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा, प्रधानमंत्री ने इस मंच से देश के दुश्मनों को कड़ा संदेश दिया है। समय आने पर करारा जवाब भी दिया जाएगा। पासवान ने कहा, पीएम मोदी की मधुबनी के कार्यक्रम में पूरी मौजूदगी, बिना किसी विचलन के, यह स्पष्ट संदेश देती है कि भारत डटकर खड़ा है और झुकेगा नहीं। इसके साथ ही उन्होंने महागठबंधन के भीतर बढ़ते मतभेदों की ओर इशारा कर तेजस्वी यादव पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, तेजस्वी खुद को बहुत बड़ा नेता समझते हैं। महागठबंधन में जिन लोगों के साथ वह व्यवहार कर रहे हैं, उन लोगों को अब खुलकर बोलना चाहिए।


## कार्यालय अधीक्षक जिला जेल, बालाघाट म.प्र.

क्रमांक / 07 /निर्वाह/2025 बालाघाट, दिनांक 21-04-2025

### ई-निविदा-सूचना
### (तृतीय आमंत्रण)

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो की ओर से जिला जेल, बालाघाट में स्थापित इलेक्ट्रिक फेंसिंग एवं उपकरणों के रख रखाव तथा मरम्मत की सेंवाऐं उपलब्ध करवाने हेतु ए.एम.सी. के लिए वर्ष 2025-26 हेतु तृतीय बार ई-निविदा बेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म की कीमत रू. 500/- फार्म ऑनलाईन वेवसाईट https://mptenders.gov.in से प्राप्त कर शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में ऑनलाईन जमाकर विज्ञाप्ति जारी दिनांक से दिनांक 08.05.2025 तक आवश्यक पूर्तियां कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा संबंधी ऑनलाईन निविदा शर्तो के अनुसार मांगे गये समस्त दस्तावेज ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in दिनांक 08.05.2025 को दोहपर 12:30 बजे तक जमा किये जा सकते हैं । निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| Publishing Date | दिनांक 22.04.2025 शाम 04:00 बजे से | https://mptenders.gov.in/nicgep/app |
| Document Download/Sale Start Date | दिनांक 22.04.2025 को सायंकाल 05.00 बजे से | ------"------ |
| PreBid Meeting Date | दिनांक 29.04.2025 को प्रातः 11.30 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |
| Bid Submission Start Date | दिनांक 22.04.2025 को संध्या 05.30 से | https://mptenders.gov.in/nicgep/app |
| Bid Submission Closing Date | दिनांक 08.05.2025 को दोपहर 12.30 तक | ------"------ |
| Bid Opening Date | दिनांक 09.05.2025 को दोपहर 12.30 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |

निविदा फार्म, नियम व शर्ते तथा इन निविदा संबंधी अन्य विवरण https://mptenders.gov.in के पोर्टल पर उपलब्ध हैं। निविदा जेल की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित होने के कारण 14 दिवस का समय दिया जा रहा है।

जेल अधीक्षक
जिला जेल, बालाघाट(म.प्र.)

G11975/25

# पहलगाम की घटना को लेकर आज जिला रहेगा बंद

## आवश्यक सेवाएं रहेगी शुरू, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी सुबह से ही प्रतिष्ठान बंद रखने की करेंगे अपील

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। पहलगाम की घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद और व्यापारी संगठनों के द्वारा 26 अप्रैल को बालाघाट जिला बंद का आवाहन किया गया है । जिसको लेकर परिषद और संगठन के द्वारा रिक्शा के माध्यम से पूरे शहर और जिले की अलग-अलग तहसीलों में बंद किए जाने की सूचना दे दी गई है । जिसमें परिषद के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 26 अप्रैल की सुबह से ही आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाएं जिले में एक दिन के लिए बंद रहेगी । परिषद के पदाधिकारी के साथ सभी व्यापारी वर्ग के साथ अन्य प्रतिष्ठान और दुकान संचालकों से दुकान बंद किए जाने को लेकर आवाहन कर दिया गया है । जो भी व्यापारी वर्ग या दुकानदार 26 अप्रैल को दुकान खोलना है तो उसे अंतिम समय तक हाथ जोड़कर एक दिन दुकान बंद किए जाने की अपील की जाएगी।**



आपको बता दे कि बीते दिनों जम्मु-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन में आतंकवादियों द्वारा किए गए निर्मम हत्याकांड का विरोध पूरे जिले में देखने को मिल रहा है। यहां सभी देश के प्रधानमंत्री से आतंकवादियों के पूर्ण सफाया की उम्मीद कर न्याय दिलाने की मांग कर रहे है। इसी कड़ी में जिले का सकल हिंदू समाज व व्यापारिक संगठनों ने इस घटना को कायरना हरकत बताते हुए विरोध जताने के लिए शनिवार 26 अप्रैल को बालाघाट जिले को बंद कर प्रदर्शन् करने का निर्णय लिया है। जिसके लिये गुरुवार को स्थानीय संकट मोचन हनुमान मंदिर में बैठक का आयोजन कर यह निर्णय लिया गया हैं। सभी व्यापारी वर्ग और सकल हिंदू समाज के द्वारा उक्त घटना के विषय में 26 अप्रैल को आतंकवादियों के पुतले का दहन कर विरोध प्रदर्शन करेंगे , जिसके लिए 24 अप्रैल से ही विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिले भर में प्रचार वाहन के माध्यम से बालाघाट जिला बंद किए जाने को लेकर सूचना दे दी गयी हैं । सोशल मीडिया के माध्यम से भी व्हाट्सएप पर बालाघाट बंद किए जाने को लेकर जानकारी प्रेषित की गई है। जिसमें परिषद के पदाधिकारी यगेश चावडा ने बताया कि 26 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे से ही संगठन और परिषद के पदाधिकारी के द्वारा शहर को बंद करने के लिए वाहन रैली निकाली जाएगी जो सभी से पहलगाम की घटना के विरोध स्वरुप अपने प्रतिष्ठान बंद किए जाने की अपील करेगी । जिसमें आवश्यक सेवाएं को छोड़कर सभी सेवाएं बंद रहेगी वहीं उन्होंने यह भी बताया कि शाम 4:00 बजे हनुमान चौक से एक विशाल आक्रोश मसाल रैली भी निकाली जाएगी ।

### बंद के दौरान ये सेवाएं रहेगी चालू

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया है कि बंद के दौरान अति आवश्यक सेवाएं चालू रहेगी । जिसमें बस सेवाएं, पेट्रोल पंप, हॉस्पिटल, मेडिकल और इसके अलावा अन्य अति आवश्यक सेवाओं में जो सेवाएं आती है उन्हें बंद के दौरान चालू रखा जाएगा और 26 अप्रैल को किया गया बंद सुबह से रात्रि तक के लिए जिले में रहेगा ।

# जबलपुर कमिश्नर ने तत्काल प्रभाव से कटंगी सीएमओ को किया निलंबित

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) ।संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित के आदेश जारी किए है। मामला कटंगी का है,जहाँ सीएमओ श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा शासकीय योजनाओ के प्रगतिरत कार्यों में रुचि लेकर व तन्मयता के साथ कार्य करना नहीं पाया गया है। कई योजनाओं में प्रगति रुकने के कारण कलेक्टर मृणाल मीना ने जबलपुर सम्भागयुक्त अभय वर्मा को कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजा था। भेजे गए प्रस्ताव में बताया गया था कि 5 नवम्बर 24 को आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित की गई थी जिसमे कटंगी सीएमओ श्री श्रीवास्तव अनुपस्थित रहें। इसके अलावा 5 दिसम्बर 24 को नगरीय निकाय की समीक्षा बैठक में पाया गया कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग दिसंबर माह की शिकायत में मात्र 22 शिकायते प्राप्त हुई थी किंतु 5 नवम्बर 24 तक 63.68 प्रतिशत में थे। इसी तरह हर माह की शिकायतों में कटंगी निकाय की प्रगति अल्प ही रहीं हैं। साथ ही निकाय ग्रेडिंग अधिकांश सी एवं डी में होती जा रहीं है। वहीं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में जनवरी माह की प्राप्त ग्रेडिंग में 35 शिकायतों में से 18 शिकायतें शेष पायी गई। साथ ही 50 दिवस में 10 शिकायतें लंबित है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत भी सबसे अधिक शिकायत लंबित रहती है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने में भी 59.70 प्रतिशत ही प्रगति पर है। कलेक्टर मृणाल मीना से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार सीएमओ श्रीवास्तव को समय समय पर शोकॉज नोटिस भी जारी किया गया किंतु सीएमओ द्वारा प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक नहीं पाया गया। संभागीय कमिश्नर श्री वर्मा ने समस्त कारणों का अवलोकन करते हुए निर्धारित कटंगी सीएमओ श्री श्रीवास्तव द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में पाया। फलस्वरूप कटंगी सीएमओ श्री श्रीवास्तव को मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 86 एवं मप्र नगर पालिका सेवा (कार्यपालन) नियम 1973 के नियम-36 तथा मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के नियम-9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निलंबन उपरांत मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कटंगी जिला बालाघाट का प्रभार दिनेश धानेश्वर, राजस्व उप निरीक्षक को अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

### हट्टा थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली वारदात

# सात लड़को ने तीन नाबालिग सहित चार लड़कियों से किये सामुहिक बलात्कार

## एक नाबालिक सहित सात आरोपी गिरफ्तार

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। मानवता को शर्मसार करने वालीं एक घटना हट्टा थानाक्षेत्र में हुई। जहां 7 लड़कों ने तीन नाबालिक सहित चार आदिवासी लड़कियों के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये।23 अप्रेल की रात्रि में दुगलई के जंगल में चार आदिवासी लड़कियों के साथ हुई इस सामूहिक बलात्कार की 25 दिसंबर को हट्टा थाना में रिपोर्ट होने की सूचना मिलते ही जिला मुख्यालय से पुलिस अधिकारियों ने पुलिस थाना हट्टा पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की और हट्टा पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए एक नाबालिक सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल की रात 2 बजे हट्टा थानाक्षेत्र के ग्राम ठाकुर टोला में शादी के आशीर्वाद समारोह शामिल होने के बाद तीन नाबालिग सहित चार लड़कियों एक लड़के के साथ अपने घर गांव वापस हो रही थी।तभी दुगलई के जंगल रास्ते में दो मोटरसाइकिल मे 7 लडके आए। जिनके द्वारा लडकियों के साथ जा रहे लडके को डरा धमकाकर भगा दिये और लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए । पुलिस थाना हट्टा मे सूचना मिलते ही तुरंत ही 7 आरोपियों के विरूद्ध धारा 70 (1) ,70(2) , 351 (2) भारतीय न्याय संहिता 2023 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 3(1) (2,i), 3(2) (5),3 (2) (5) क अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल शुरू की गई 23 अप्रैल की रात्रि 2:00 बजे चार आदिवासी लड़कियों के साथ सामूहिक बलात्कार होने की सूचना 25 अप्रैल को मिलते ही जिला मुख्यालय बालाघाट से पुलिस उपमहानिरीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्श कांत शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली सिंह, अनुविभगीय अधिकारी पुलिस लांजी ओमप्रकाश सहित अन्य पुलिस अधिकारीयो ने पुलिस थाना हट्टा पहुंचकर पीडति लड़कियों से पूछताछ किये और इस मामले की जांच पड़ताल करने हेतु तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की खोजबीन शुरू की गई और इस दौरान एक नाबालिक सहित 7 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी गिरफ्तार आरोपी हट्टा थाना क्षेत्र के ही ग्राम भरतपुर निवासी बताए गए हैं।




# मोटर चालू करते समय कृषक की कुएं में गिरने से मौत

## बिरसा थाने की ग्राम सुकतरा की घटना

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सुकतरा में एक कृषक की उसी के खेत के कुएं में गिरने से मौत हो गई। 23 अप्रैल को दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच यह घटना उस समय हुई जब यह कृषक अपने खेत में रबी की फसल में पानी चलाने के लिए आया था। बिरसा पुलिस ने मृतक कृषक बलवंतराम पिता ताजीराम टेम्भरे 55 वर्ष का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। शराब जानकारी के अनुसार कृषक बलवंतराम अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था । इस वर्ष कृषक बलवंत राम ने अपने खेत में रबी की फसल लगाई थी। जिनके खेत में ही कुँआ भी है और इसी कुएं से खेत में सिंचाई की जाती है ।बताया गया है कि 23 अप्रैल को दोपहर 3:00 बजे कृषक बलवंत राम अपने खेत रबी की फसल में कुँए से पानी की सिंचाई करने के लिए गया था शाम 6:00 बजे करीब लकड़ी बिनने वाली तीन-चार महिलाएं पानी पीने के लिए कृषक बलवंत राम के खेत के कुआं में पहुंची थी। जिन्होंने कुएं के अंदर कृषक बलवंत राम को देखें और घर जाकर बताएं खबर मिलते ही परिवार के लोग आए कुँए के अंदर जाकर देखें बलवंत राम की कुएं के अंदर मौत हो चुकी थी जिसका शव कुँए से बाहर निकाले। जिसकी रिपोर्ट उसी के बेटे डिलेंद्र टेम्भरे 39 वर्ष बिरसा पुलिस थाना में की थी। जहां से प्रधान आरक्षक राजेश परते ने ग्राम सुकतरा पहुंचकर मौके की कार्रवाई की और दूसरे दिन कृषक बलवंत राम का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की गई है कि कृषक बलवंत राम जब अपने कुएं की मोटर चालू कर रहा था मोटर चालू करते समय कुएं में अचानक कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई प्रधान आरक्षक राजेश परते द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।



जमीन बेचना है
प्रस्तावित लवादा-समानापुर-लामता फोरलेन मार्ग के समीप ग्राम रटेगांव कोसमी (खमरिया) में स्थित प.ह.नं. 34 खसरा नं. 45 तथा 46/1, 13 एकड़ सिंचित भूमि (भूमि पर कार द्वारा पहुंचा जा सकता है)
विक्रय करना है
संपर्क करें- 7879121671

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि
सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट